आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 237 | उज्जैन, बुधवार 09 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# भोपाल में लाठीचार्ज के विरोध में डॉक्टरों का प्रदर्शन

## इंदौर में 11 बजे बाद ओपीडी बंद, इंटर्न डॉक्टर बोले- स्टाइपेंड बढ़ाएं, दोषियों को सस्पेंड करें

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भोपाल में स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे इंटर्न डॉक्टरों पर वाटर कैनन और लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को एमवाय अस्पताल में जूनियर और इंटर्न डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। डॉक्टरों ने सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी में मरीजों को सेवाएं दीं। इसके बाद ओपीडी सेवाएं बंद कर विरोध शुरू कर दिया गया। प्रदर्शन के चलते अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था प्रभावित हुई। मुख्यमंत्री निवास की ओर मार्च के दौरान लाठीचार्ज और वॉटर कैनन के इस्तेमाल के विरोध में इंटर्न डॉक्टर कमला पार्क की सड़क पर रातभर धरने पर बैठे रहे।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि इंटर्न डॉक्टर लंबे समय से स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वे शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन भोपाल में उनके खिलाफ वाटर कैनन और लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने इसे गलत और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।



### सभी डॉक्टर थे असामाजिक तत्व नहीं

उन्होंने कहा कि प्रदर्शन करने वाले सभी डॉक्टर थे, कोई असामाजिक तत्व नहीं। डॉक्टरों ने मांग की है कि इंटर्न का स्टाइपेंड बढ़ाया जाए और भोपाल में लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया जाए। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई है।

### प्रदेश में सबसे कम 14,337 रुपए स्टाइपेंड

इंटर्न डॉक्टर रिंकू वर्मा ने बताया कि वर्तमान में उन्हें 14,337 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलता है। उनके मुताबिक यह प्रदेश में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों में मेडिकल शिक्षा की फीस कम होने के बावजूद इंटर्न डॉक्टरों को अधिक स्टाइपेंड दिया जा रहा है। रिंकू ने आरोप लगाया कि भोपाल में प्रदर्शन कर रहे इंटर्न डॉक्टरों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया। उनके मुताबिक लाठीचार्ज, वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया, जिसमें कई इंटर्न घायल हुए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर दिन-रात अस्पताल में ड्यूटी कर मरीजों की सेवा करते हैं, इसलिए अपनी जायज मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने पर ऐसी कार्रवाई उचित नहीं है। डॉक्टरों ने सरकार से स्टाइपेंड में उचित बढ़ोतरी और भोपाल की घटना में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई का विरोध-** एमजीएम मेडिकल कॉलेज जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि इंटर्न डॉक्टर लंबे समय से अपने स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। भोपाल में उनका आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक था, लेकिन वहां उन पर आंसू गैस, वाटर कैनन और लाठीचार्ज का प्रयोग किया गया। प्रतिनिधियों का कहना है कि प्रदर्शन करने वाले सभी भावी चिकित्सक थे न कि कोई असामाजिक तत्व। इस तरह की कार्रवाई को अनुचित और दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया है।

## देश विदेश

### फ्रांस में हिंदू संगठन के दौरे के बाद एफिल टावर बंद

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में मशहूर एफिल टावर सोमवार को कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बंद रहा। मामला शनिवार को हिंदू संगठन बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के करीब 100 सदस्यों के दौरे से जुड़ा है। आरोप है कि बीएपीएस प्रतिनिधिमंडल के आने से पहले कुछ महिला कर्मचारियों को अपनी जगह से हटने के लिए कहा गया, ताकि वहां पुरुष कर्मचारियों को तैनात किया जा सके। इस घटना से महिला कर्मचारी आहत हुईं और उन्हें यह अपमानजनक लगा। मामला बढ़ने के बाद सोमवार को कर्मचारियों ने बैठक की और मैनेजमेंट से बातचीत की। बात न बनने पर कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। इसके चलते एफिल टावर को बंद रखना पड़ा।

### तांबे की कीमतों ने तोड़ा ऑल-टाइम हाई रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** वैश्विक कमोडिटी बाजार में तांबे की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है और इसके दाम ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। अमेरिका के बाहर वैश्विक स्तर पर तांबे की आपूर्ति में भारी कमी की आशंका और डॉलर की कमजोरी के बीच निवेशकों व ट्रेडर्स की जोरदार खरीदारी ने कीमतों को नई ऊंचाइयों पर धकेल दिया है। जानकारों का मानना है कि यदि वैश्विक आपूर्ति की स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो आने वाले दिनों में यह तेजी कई अन्य औद्योगिक क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले सकती है। लंदन मेटल एक्सचेंज पर बेंचमार्क कॉपर की कीमतें $14,533 प्रति मीट्रिक टन के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गईं, जिसने जनवरी में बने $14,527.50 के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

### भारत-अमेरिका समेत कई देशों में टेलीग्राम की सेवाएं डाउन

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में बेहद लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम का इस्तेमाल करने वाले करोड़ों यूजर्स को मंगलवार सुबह एक बड़े वैश्विक तकनीकी झटके का सामना करना पड़ा। भारत, अमेरिका और सिंगापुर सहित कई प्रमुख देशों में ऐप का सर्वर अचानक ठप हो गया। कई घंटों तक सेवाएं बाधित रहने के कारण लोगों के व्यक्तिगत और दफ्तर से जुड़े जरूरी काम अटक गए, जिसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शिकायतों की बाढ़ आ गई। वेबसाइटों और डिजिटल सेवाओं के आउटेज पर लाइव नजर रखने वाली मॉनिटरिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में मंगलवार सुबह करीब 8 बजकर 13 मिनट पर टेलीग्राम में खराबी की सबसे ज्यादा शिकायतें सामने आईं। इस दौरान 800 से अधिक भारतीय यूजर्स ने एक साथ ऐप क्रैश होने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### नोरा फतेही पर एविएशन कंपनी का मानहानि केस



**तीन करोड़ का हर्जाना, सफाई मांगी, दावा- स्टैंडर्ड चार्टेट प्लेन से सफर के बाद की आलोचना**

**मुंबई।** एक एविएशन कंपनी ने बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही के खिलाफ 3 करोड़ का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। कंपनी ने उनके अपमानजनक और गैर-जिम्मेदाराना कमेंट्स से साख को नुकसान पहुंचने का दावा किया है। ड्यून्स एविएशन ने यह केस गांधीनगर कोर्ट में दायर किया है। कंपनी के मुताबिक, नोरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चार्टर्ड प्लेन का वीडियो शेयर कर उसे छोटा, टॉय और लेगो एयरप्लेन कहा था। कंपनी ने नोरा से सार्वजनिक सफाई मांगने के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से विमान से जुड़े सभी बयान और कंटेंट हटाने की मांग भी की है। सीनियर सिविल जज आर. अग्रवाल की अदालत इस मामले की सुनवाई 25 सितंबर को करेगी। ड्यून्स एविएशन की ओर से दायर मुकदमे के अनुसार, नोरा ने पिछले साल दिसंबर में मुंबई-जयपुर उड़ान के दौरान सेसना साइटेशन सीजे2 विमान के अंदर वीडियो रिकॉर्ड किए थे। इन वीडियो में उन्होंने विमान को छोटा, टॉय और लेगो हवाई जहाज बताया था। कंपनी का आरोप है कि 4.6 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स वाली नोरा के लापरवाही भरे बयानों से बुकिंग रद्द हुईं।

### नैनो न्यूज

- **यूपी** : जज ने लिखा-मरना पसंद करूंगा, डरपोक कहलाना नहीं, 5 महीने में 23 को मृत्युदंड दिया, जिला जज ने उनसे 100 केस हटाए, इससे नाराज।
- **मुंबई** : मोदी के कार्यक्रम से पहले 2 संदिग्ध पकड़ाए, एक ने खुद को पीएमओ अफसर बताया, साथ में हथियारबंद गार्ड था, फर्जी आईडी कार्ड मिला।
- **नेपाल बाढ़-** 7 सुरंगों में फंसे कर्मचारियों की तलाश जारी, अब तक 13 हजार से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू, 5 हजार अब भी लापता।
- **राजस्थान** : मोदी मानहानि केस में राहुल गांधी की याचिका खारिज, हाईकोर्ट ने 2019 का समन रद्द करने से इनकार किया राजस्थान में 'चौकीदार चोर है' कहा था
- **पीओके** : सेना की घेराबंदी, राशन तक की चेकिंगः स्कूल-हॉस्पिटल बंद, लोग बोले-सरकार ने बात की, फिर इंडिया का एजेंट बता दिया।
- **यूपीः** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 12 हजार और सहायिकाओं को छह हजार मिलेगा मानदेय, सीएम योगी ने किया एलान।
- **नई दिल्लीः** 19 साल में 300 करोड़ आईफोन बिके, यह ब्रांड पहले दूसरी कंपनी का था, फिर एपल को कैसे मिला, कल लॉन्च इवेंट।

#### वडोदरा में धुरंधर के गाने पर पीएम मोदी की एंट्री, रैंप पर चले

## जेन-जी संवाद में राहुल पर तंज- झूठ की गूंज से भटकाने वाले हर चौराहे पर मिलेंगे

**एजेंसी ▸▸ वडोदरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में जेन-जी से 25 मिनट संवाद किया। इस कार्यक्रम के लिए 6 हजार युवाओं को बुलाया गया था। मोदी ने युवाओं से झूठे दावों और भ्रामक बातों से बचने की अपील की।

पीएम ने कहा, 'लोग आपको झूठ की गूंज से गुमराह करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप सच्चाई के साथ खड़े रहना। मोदी का यह बयान राहुल गांधी और कांग्रेस के छात्रों की गूंज अभियान पर तंज माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए खास तौर पर वाय आकार का रैंप बनाया गया



था। भाषण से पहले पीएम रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचे।

मंच पर पहुंचते ही क्वीन का मशहूर गाना वी विल रॉक यू बजाया गया। इसके बाद धुरंधर का गाना आरी आरी भी बजा। एक स्टूडेंट ने उन्हें तस्वीर भी गिफ्ट की।

**फ्रेट कॉरिडोर पर नाराज फूफाजी वाला तंजः** जेएनपीटी मुंबई से डबल कंटेनर मालगाड़ी चलने से एक बार में 250 से ज्यादा ट्रकों के बराबर माल मुंबई से वडोदरा पहुंचा। अब नाराज फूफाजी पूछेंगे कि ट्रक वालों का क्या होगा, लेकिन देश के एक कोने से दूसरे कोने तक माल पहुंचाने के लिए ऐसी कनेक्टिविटी जरूरी है।

**2 हजार किमी फ्रेट कॉरिडोर का काम पूराः** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर 2004 में विचार शुरू हुआ और 2006 में विशेष कंपनी बनाई गई, लेकिन 2014 तक सिर्फ फाइलें एक टेबल से दूसरी टेबल तक जाती रहीं। 2014 के बाद हमारी सरकार ने इस प्रोजेक्ट को गति दी और करीब 2 हजार किमी फ्रेट कॉरिडोर का काम पूरा किया।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन ब्रिक्स समिट के लिए भारत आएंगे

**एजेंसी ▸▸ मास्को**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। 11 सितंबर को नई दिल्ली में ब्रिक्स नेताओं की बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन की द्विपक्षीय बैठक होगी। रूस के राष्ट्रपति ऑफिस क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस मुलाकात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि भारत को रूस अपना रणनीतिक साझेदार मानता है और दोनों देशों के रिश्ते उसके लिए बेहद अहम हैं। उन्होंने बताया कि भारत और रूस के बीच ज्यादातर भुगतान अब दोनों देशों की अपनी-अपनी करेंसी में हो रहा है। इससे पहले पुतिन 4 दिसंबर 2025 को भारत आए थे।

#### बालाघाट हाईवे पर भीषण हादसा

## ट्रक-पिकअप की टक्कर में 6 की दर्दनाक मौत, 7 घायल

**एजेंसी ▸▸ बालाघाट**

महाराष्ट्र के गोंदिया-बालाघाट हाईवे पर नागरा-मोहरनटोली के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप गाड़ी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। यह हादसा इतना भयानक था कि इसमें पिकअप बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में पिकअप में बैठे 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 7 अन्य लोग घायल हैं।

खबरों के अनुसार, पिकअप में सवार लोग मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के रहने वाले थे। सभी लोग काम के सिलसिले में हैदराबाद जा रहे थे। यह हादसा सुबह के समय हुआ। इस समय नागरा-मोहरनटोली के पास पिकअप गाड़ी तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में बैठे कई लोग अंदर फंस गए थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में 6 लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान आरुष मात्रे, किरण संतोष वैद्य, संतोष मात्रे, सुशीला मात्रे, रूपसेन सत्यकार और ज्योति सत्यकार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी मृतक बालाघाट जिले के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले थे।

### अमेजान और स्विगी इंस्टामार्ट के डार्क स्टोर पर छापा

**एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु**

अगर आप ऑनलाइन ऑर्डर करके सामान मंगाते हैं तो सावधान होने की जरूरत है। कर्नाटक के स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को अमेजन और स्विगी इंस्टामार्ट के डार्क स्टोर पर छापा मारा। यह कार्रवाई एक्सपायर हो चुके खाने-पीने के सामान और दवाओं के स्टोरेज और बिक्री के खिलाफ तेज की गई मुहिम का हिस्सा थी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग और औषधि सुरक्षा विभाग ने एक्सपायर और गलत तरीके से लेबल किए गए फूड प्रोडक्ट को जब्त किया है।इसके साथ ही कर्नाटक के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यूटी खादर ने लोगों से अपील की कि वे खाने-पीने की चीजें और दवाएं खरीदने से पहले उनकी एक्सपायरी डेट जरूर देख लें। अमेजन और स्विगी इंस्टामार्ट पर कार्रवाई के दौरान 1.38 करोड़ रुपये के फूड प्रोडक्ट और 4.02 लाख रुपये की दवाएं जब्त कीं। जब्त किए गए उत्पादों को अधिकारियों ने अपनी कस्टडी में ले लिया है और आगे की जांच चल रही है।

**1.42 करोड़ रुपये के एक्सपायर्ड फूड और दवाएं जब्त**

## सैटेलाइट तस्वीरों में देश से 90 प्रतिशत बादल गायब


### बिहार में बाढ़ से 27 लाख लोग प्रभावित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

मौसम विभाग की नई सैटेलाइट तस्वीरों में भारत के 90% हिस्से में बादल गायब नजर आ रहे है। खासकर उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में बादलों की कमी ज्यादा दिखाई दे रही है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, यह मानसून की गतिविधि कमजोर होने का संकेत है। हालांकि, मानसून की आधिकारिक वापसी अभी शुरू नहीं हुई है। बादलों की इस कमी को अल नीनो के प्रभाव यानी समुद्र के गर्म होने से मौसम में हो रहे बड़े बदलावों से जोड़कर देखा जा रहा है।

बिहार में गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और बागमती नदियों के उफान से बाढ़ की



स्थिति बन गई है। राज्य के 13 जिलों में 27 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ के कारण अब तक 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। महाराष्ट्र के अंबोली में चेरापूंजी से भी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। आईएमडी के मुताबिक, यहां अगस्त तक 250 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। सितंबर तक 400 इंच बारिश होने की संभावना है।

#### राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी साजिश रचने के आरोपों में

## अमेरिकी समेत 7 विदेशी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट

**एजेंसी ▸▸ रांची**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी 'एनआईए' ने आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने और उग्रवाद से संबंधित कैंप आयोजित करने जैसे गंभीर आरोपों में शामिल एक अमेरिकन सहित सात विदेशी नागरिकों के मामले में मंगलवार को चार्जशीट दाखिल की है। एनआईए ने आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 'यूएपीए' की धारा 18 लगाई थी। खास बात है कि चार्जशीट में सभी आरोपियों के खिलाफ यूएपीए की धारा हटाई गई है। चार्जशीट में केवल 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट', 2025 की धारा 21 और 23 लिखी है। ये दोनों धाराएं में फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस के स्तर पर समझौता योग्य (कंपाउंडेबल) अपराध की श्रेणी में आती हैं।

### 180 दिन पहले पकड़े गए थे आरोपी

सुप्रीम कोर्ट के वकील रोहित डंडरियाल, जिन्होंने अदालत के समक्ष आरोपियों का पक्ष रखा, ने अमर उजाला को बताया कि इस केस में जांच एजेंसी पर कई सवाल खड़े होते हैं। आरोपियों को 180 दिन पहले पकड़ा गया था। उस वक्त जांच एजेंसी ने आतंकी साजिश की बात कही थी। अधिवक्ता रोहित का कहना है कि उन्होंने जांच एजेंसी के समक्ष कहा था कि वे लोग घूमने आए थे। उनके पास सभी तरह के दस्तावेज थे।

#### ग्रामीण एलपीजी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, खत्म हुआ 45 दिनों का इंतजार

## अब 25 दिन में रिफलिंग करने का आदेश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए केंद्र सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की रीफिल बुकिंग से जुड़े नियमों में बड़ा संशोधन किया है। सरकार ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को निर्देश दिया है कि वे देश भर में घरेलू गैस सिलेंडरों के लिए 25 दिनों का एकसमान बुकिंग अंतराल तुरंत प्रभाव से लागू करें।

केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस एवं पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरेलू एलपीजी आपूर्ति में हुए उल्लेखनीय सुधार और लंबित बुकिंग बैकलॉग में कमी को देखते हुए यह प्रतिबंध हटाया गया है। इससे पहले केंद्र सरकार ने आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्रवार अलग-अलग बुकिंग समय-सीमा निर्धारित की थी- पहले का नियम- शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ता 25 दिनों के



बाद अगला सिलेंडर बुक कर सकते थे, जबकि ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए यह प्रतीक्षा अवधि 45 दिन तय की गई थी। समान व्यवस्था की बहाली- नए फैसले के बाद अब चाहे उपभोक्ता गांव में रहता हो या शहर में, दोनों ही अपनी पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद नया सिलेंडर बुक कर सकेंगे। केंद्र ने ओएमसी को पूरे भारत में एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए एक समान 25-दिन का अंतराल लागू करने का निर्देश दिया।

### मध्य पूर्व संकट के कारण लागू हुआ था 45 दिन का नियम

पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, हाल के महीनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव और संघर्ष के कारण कच्चे तेल व एलपीजी की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई थी, जिसके तहत वैश्विक स्तर पर आयात बाधित होने के कारण घरेलू आपूर्ति को संतुलित करने के लिए ग्रामीण इलाकों में बुकिंग का समय बढ़ाया गया था ताकि कालाबाजारी और अचानक आई मांग को नियंत्रित किया जा सके। सप्लाई में सुधार- केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में आपूर्ति सामान्य हो चुकी है और गैस एजेंसियों के पास लंबित सिलेंडरों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिसके चलते अलग-अलग नियमों को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं रह गया था।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### शिवना शुद्धिकरण की राह मजबूत

मैं अकेला ही चला था जानिब ए-मंजिल, मगर लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया। मजरूह सुल्तानपुरी साहब के मशहुर शेर के शब्दों को जीवन में ढालने वाले कभी पीछे पलट कर कारवां नहीं देखते हैं। उन्हें पता होता है कि अब कारवां बनना ही है। ऐसा ही कुछ भगवान श्री पशुपतिनाथ एवं महापंडित रावण के ससुराल कहे जाने वाले शहर में वर्तमान में वहां की जीवन रेखा के पर्यावरणीय सुधार को लेकर किया जा रहा है। वहां माननीय की जिद के आगे जीवन रेखा के प्रदूषण में कमी भी आई है और काफी हद तक इस अभियान को शहरवासियों का समर्थन एवं सहयोग भी मिल रहा है। बस इतना है कि इसे दल की स्थिति में देखा जा रहा है। शिवना की पुकार को समझने वालों ने तो कारवां में शामिल होने की पहल कर दी है और प्रदूषण रोकने की दिशा के साथ ही इससे संबंधित कार्यों को अंजाम देने के लिए भी बराबर कार्य करना शुरू कर दिया है। वर्षा ऋतु के बावजूद शुद्धिकरण अभियान 141वें दिन भी श्रमदान का क्रम निरंतर जारी रहा। क्षेत्रीय माननीय श्रमदान करने पहुंचे और उन्होंने दो घंटे के दौरान अपने साथियों के साथ नदी में उतरकर प्लास्टिक कचरा एवं फूलमालाएं बाहर निकालीं। किनारे उग आई गाजर घास को उखाड़कर नदी तट की सफाई की गई। माननीय ने इस दौरान आमजन को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। यही नहीं उन्होंने अभियान के नदी के पूरी तरह साफ स्वच्छ होने तक जारी रखने की बात भी कही। असल में समय के साथ हमें अपनी जल संरचनाओं एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों को सहेजने एवं उन्हें प्रदुषण मुक्ति के लिए अभी से जागना ही होगा। अगर समय रहते हमने इस पर ध्यान नहीं दिया तो समय हमें सब कुछ सिखाने में देर नहीं करने वाला है। हालात बता रहे हैं जब हम एक लीटर पानी 20 रूपए देकर खरीद रहे हैं जब हमें इस बात का अहसास हो रहा है कि पग-पग रोटी, डग-डग नीर वाले क्षेत्रों में आज शुद्ध पेयजल मिलना मुश्किल हो रहा है। देश एवं अन्य सूखा क्षेत्रों के हालात देखते हुए हमें अभी से जल संरक्षण एवं इसमें हो रहे प्रदूषण से इन्हें मुक्त करने के लिए हर संभव पहल करना ही होगी। अगर हमने अभी पानी की किमत नहीं समझी तो पानी अपनी किमत हमें समझा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि मालवा के अनेक क्षेत्रों में जीवन रेखाएं हैं और प्रदेश नदियों का मायका ही कहा जाता है। उसके बावजूद इस क्षेत्र में पिछले दो दशक से पानी की समस्या की एक बड़ी कहानी सामने आ रही है। क्षेत्र की अधिकांश नदियों में प्रदूषण की स्थितियां बराबर बढ़ती जा रही है। प्रदूषण नाम के राक्षस से हमें इन जीवन रेखाओं को बचाने की पहल सिर्फ एक क्षेत्र या एक नदी तक सिमित न रखते हुए इसे सरकारी स्तर पर जनसेवा के तहत एक विशेष काम के रूप में लिया जाना चाहिए। इसमें प्रति सप्ताह ही सभी क्षेत्रों में निरंतर रूप से प्रदूषण मुक्ति के लिए सर्वदल, सर्वजन का अभियान बनाकर चलाना चाहिए और प्रदेश के जिम्मेदारों को इसके लिए पहल करना चाहिए।

## नैनो न्यूज

- **संजय नाहर** पुनः बने जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट के अध्यक्ष, श्रीसंघ की साधारण सभा में ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित, उपाश्रय में साकार होगा मणिभद्रवीर का 'तीन धाम एक मुकाम'
- **गूंजा राणी** सती दादी का संगीतमय मंगलपाठ, बनारस की गायिका पायल अग्रवाल ने दी प्रस्तुति, 6 घंटे तक चला दादी के जीवन चरित्र का वर्णन
- **हरीली शराब** से हुई मौतों से आक्रोशित कांग्रेस ने फूंका आबकारी मंत्री का पुतला, कांग्रेसजनों ने मांगा इस्तीफा, 50 लाख मुआवजे व सरकारी नौकरी की मांग
- **त्रुटिपूर्ण मूल्यांकन** को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन, निःशुल्क पुनर्मूल्यांकन की मांग
- **अहिंसा, साधार्मिक** भक्ति और क्षमापना से ही सार्थक होगी पर्युषण महापर्व की आराधना, अरविंद नगर में अलौकिक चातुर्मास में पर्युषण के पहले दिन अहिंसा दिवस पर आचार्यों की मंगल देशना
- **अखिल भारतीय** किरार धाकड़ क्षत्रिय महासभा नागर मालव नवयुवक मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा महाकाल की राजसी सवारी में बाबा महाकाल दुपट्टा पहनकर आए हुए सभी अतिथि व समाज बंधुओं का स्वागत किया।
- **आरडी गार्डी** मेडिकल कॉलेज में मनाया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस, आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज स्थित कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी में 8 सितंबर को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

## ट्रेंडिंग




उज्जैन से इंदौर, इंदौर से सागर... अब पूरे प्रदेश में जहरीले नशे का जाल

# एक तरफ इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, दूसरी तरफ जहरीले नशे का खतरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्यप्रदेश में अवैध और जहरीली शराब का मुद्दा एक बार फिर गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। उज्जैन से लेकर इंदौर और सागर तक सामने आ रहे मामलों ने नशे के अवैध कारोबार और जहरीली शराब की रोकथाम को लेकर सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सागर जिले के बंडा क्षेत्र के छापरी गांव में जहरीली शराब से मौतों के बाद पीड़ित परिवारों का दर्द सामने आया है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब अवैध शराब लोगों की जान ले रही है, तब प्रशासन की प्राथमिकता क्या है– जहरीले नशे पर लगाम लगाना या आंकड़ों को नियंत्रित रखना? घटनाओं के बाद कार्रवाई के दावे तो सामने आते हैं, लेकिन अवैध शराब के नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने और इसके पूरे तंत्र को खत्म करने की जरूरत लगातार महसूस की जा रही है।



विपक्ष और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ऐसे मामलों को उठाए जाने के बाद सरकार और प्रशासन पर यह आरोप भी लगाए जा रहे हैं कि आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई करने के बजाय अवैध नशे के कारोबार पर निर्णायक कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि, किसी भी व्यक्ति या संस्था पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई के आरोपों की पुष्टि संबंधित आधिकारिक जांच के आधार पर ही की जानी चाहिए।

### अवैध शराब और जहरीले नशे का नेटवर्क सक्रिय

- उज्जैन, इंदौर और सागर की घटनाएं केवल अलग-अलग जिलों की समस्या मानकर नजरअंदाज करने का विषय नहीं हैं। यदि अवैध शराब और जहरीले नशे का नेटवर्क सक्रिय है तो इसका असर प्रदेश के दूसरे हिस्सों तक पहुंच सकता है। ऐसे में सरकार के सामने चुनौती केवल शराब की दुकानों की निगरानी तक सीमित नहीं, बल्कि अवैध निर्माण, परिवहन, भंडारण और बिक्री से जुड़े पूरे नेटवर्क पर शिकंजा कसने की है।
- जनता का सवाल सीधा है– जहरीली शराब से किसी परिवार का चिराग बुझने के बाद कार्रवाई क्यों शुरू हो? पहले से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जिम्मेदार तंत्र कब सक्रिय होगा?
- अब जरूरत आंकड़े छिपाने या आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से आगे बढ़कर हर मौत की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और अवैध नशे के कारोबार के स्थायी खात्मे की है। आखिर किसी भी सरकारी आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण एक इंसान की जिंदगी है।

### जनता का स्वास्थ्य और जीवन भी सुरक्षित हो

मध्यप्रदेश में सरकार एक ओर सड़कों, पुलों, भवनों और अन्य बुनियादी ढांचे के विस्तार को विकास की तस्वीर के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं दूसरी ओर अवैध और जहरीली शराब के मामलों ने आम लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उज्जैन से इंदौर और इंदौर से सागर तक सामने आए मामले इस चिंता को और गहरा करते हैं।

सरकार विकास की रफ्तार बढ़ाने के साथ प्रदेश को आगे ले जाने का दावा कर रही है, लेकिन सवाल यह है कि जिस प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर तो मजबूत हो रहा हो, वहां नागरिकों की जिंदगी को जहरीले नशे और मिलावटी खाद्य पदार्थों से कैसे सुरक्षित रखा जा रहा है?

विडंबना यह है कि सरकार की ओर से खाद्य विभाग द्वारा मिलावट के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही जाती है। कार्रवाई और अभियान की जानकारी भी सामने आती है, लेकिन जहरीली शराब और अवैध नशे के कारण होने वाली घटनाएं यह सवाल खड़ा करती हैं कि क्या निगरानी व्यवस्था जमीनी स्तर पर उतनी ही प्रभावी है, जितनी कागजों और सरकारी दावों में दिखाई देती है।

एक तरफ विकास कार्यों पर करोड़ों-अरबों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ यदि मिलावट और जहरीले नशे से लोगों की सेहत तथा जान खतरे में पड़ रही है तो विकास की प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

सबसे गंभीर सवाल यह है कि सरकारी अभियान केवल कार्रवाई के आंकड़ों तक सीमित हैं या वास्तव में आम आदमी की जिंदगी सुरक्षित करने में भी उनका असर दिखाई दे रहा है? अवैध शराब के नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई के साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि दोषियों तक कार्रवाई पहुंचे और किसी निर्दोष को राजनीतिक या प्रशासनिक प्रतिशोध का सामना न करना पड़े।

जनता को ऐसे विकास की जरूरत है जिसमें सड़क और पुल के साथ-साथ उसका स्वास्थ्य और जीवन भी सुरक्षित हो। प्रदेश के सामने चुनौती अब केवल इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की नहीं, बल्कि ऐसा सुरक्षित वातावरण बनाने की भी है जहां मिलावट, जहरीली शराब और अवैध नशे के कारण किसी परिवार को अपना सदस्य न खोना पड़े।

गुदरी चौराहा से हरसिद्धि की पाल तक 15 मीटर चौड़ी होगी सड़क

# 136 भवन होंगे प्रभावित, नपती और मार्किंग शुरू

## हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए यह हैं महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग

### 14 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित है काम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों को देखते हुए नगर निगम ने शहर के प्रमुख मार्गों के विकास और चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुदरी चौराहा से पानदरिबा होते हुए हरसिद्धि पाल तक करीब 570 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा करने की तैयारी की जा रही है। प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्य पर राज्य शासन से मिली करीब 14 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

यह मार्ग बाबा महाकाल की सवारी और सिंहस्थ के दौरान निकलने वाली पेशवाई के प्रमुख मार्गों में शामिल है। इसके अलावा रामघाट और हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए भी यह महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या और यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए सड़क की चौड़ाई बढ़ाने की योजना बनाई गई है।





### 136 भवन होंगे प्रभावित नपती और मार्किंग शुरू

प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण से कुल 136 भवन प्रभावित होने की संभावना है। नगर निगम ने सड़क की सीमा निर्धारित करने के लिए मंगलवार से नपती और मार्किंग का काम शुरू कर दिया है। इस दौरान प्रस्तावित सड़क सीमा के अनुसार प्रभावित भवनों का चिन्हांकन किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर भवन निरीक्षक सौम्या चतुर्वेदी और निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर नपती और मार्किंग की कार्रवाई की। टीम ने स्थल का निरीक्षण कर प्रस्तावित सड़क सीमा से संबंधित आवश्यक जानकारी भी जुटाई।

### सर्वे पूरा होने के बाद होगी आगे की कार्रवाई

नगर निगम के अनुसार नपती और सर्वे का काम पूरा होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। सड़क चौड़ीकरण का उद्देश्य क्षेत्र में यातायात को सुगम और व्यवस्थित करना तथा मार्ग की क्षमता बढ़ाना है। नगर निगम का कहना है कि सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शहर के प्रमुख मार्गों के विकास और चौड़ीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क विकास से नागरिकों और श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में भी सुधार होने की उम्मीद है।

# सिंहस्थ 2028 हेतु प्राधिकरण बनाएगा 50 किलोमीटर सड़क

### अधिग्रहित भूमि का मुआवजा किसानों को वितरित



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मंगलवार को विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी द्वारा सिंहस्थ 2028 अंतर्गत बनने वाली 50 किलोमीटर सड़कों हेतु अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा 30 किसानों को रू. 9.02 करोड़ संबंधित किसानों को वितरित किया।

इस अवसर पर प्राधिकरण के अध्यक्ष सोलंकी ने बताया कि किसानों के हितों का ध्यान रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया गया है। किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा समय पर मिले, इसके लिए प्राधिकरण लगातार काम कर रहा था और आज सभी पात्र किसानों को उनकी राशि सौंप दी गई है। मुआवजा प्राप्त करने के बाद किसानों ने भी राहत की सांस ली और प्राधिकरण की इस त्वरित व पारदर्शी कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। प्राधिकरण द्वारा आने वाले दिनों में शेष बचे किसानों के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर उन्हें भी जल्द से जल्द मुआवजा वितरित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर मुआवजा प्राप्त करने वाले किसानों में अनिल, मानाजी राव आंग्रे, अवंतिका घाटगे, धर्मेन्द्र जाट, अशोक गेहलोत, महेश आंजना सहित अन्य किसानों के साथ-साथ प्राधिकरण के विधि अधिकारी मनीष जोशी, वित्त अधिकारी ग्रविता भिंडे, सम्पदा अधिकारी जीवनलाल मोघी एवं कार्यपालन यंत्री शुभम सोनी सहित कार्यालय के अधिकारी उपस्थित थे।

# श्री कोरट का जन्मदिन मनाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भारतीय मजदूर संघ से सम्बंद्ध सफाई कामगार संघ, स्वायतशासी कर्मचारी संघ, सेवानिवृत कर्मचारी संघ नगर निगम उज्जैन के संरक्षक रामचंद्र कोरट का जन्मदिन भैरवगड़ स्थित निवास पर जाकर तीनों कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मनाया। जन्मदिन मनाने वालों में नगर निगम के कर्मचारी, भाजपा के पदाधिकारियों, वाल्मीकि पंचायत के पदाधिकारी शामिल थे।



नारियल और कांच की इत्र की शीशियां पालकी की ओर फेंकी गई

# आस्था किसी दिन मुसीबत न बन जाए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकाल की अंतिम राजसी सवारी के दौरान श्रद्धा और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, लेकिन कुछ श्रद्धालुओं की अति भावुकता चिंता का विषय भी बन गई। सवारी के दौरान कुछ लोग अपने इष्ट बाबा महाकाल की पालकी पर फूल-मालाओं के साथ नारियल और इत्र की शीशियां अर्पित करने के उद्देश्य से फेंकते नजर आए।

श्रद्धालुओं की भावना निश्चित रूप से बाबा महाकाल के प्रति असीम आस्था से जुड़ी हुई थी, लेकिन जिस प्रकार नारियल और कांच की इत्र की शीशियां पालकी की ओर फेंकी गईं, वह किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता था। नारियल जैसी भारी वस्तु किसी श्रद्धालु, पुलिसकर्मी, सेवक या सवारी व्यवस्था में लगे व्यक्ति को लगने पर गंभीर चोट पहुंचा सकती है। वहीं कांच की इत्र की शीशी टूटने पर भी चोट लगने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### आस्था के साथ सुरक्षा भी जरूरी

बाबा महाकाल की सवारी में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं और हर व्यक्ति अपनी श्रद्धा के अनुसार बाबा को पुष्प, माला अथवा अन्य सामग्री अर्पित करना चाहता है। लेकिन श्रद्धा का प्रदर्शन ऐसा नहीं होना चाहिए, जिससे किसी अन्य श्रद्धालु या सवारी व्यवस्था में शामिल व्यक्ति की सुरक्षा खतरे में पड़ जाए। प्रशासन और मंदिर समिति को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। अगले वर्ष सवारी से पहले श्रद्धालुओं को स्पष्ट रूप से जागरूक किया जाना चाहिए कि पालकी पर नारियल, कांच की शीशी अथवा कोई भी भारी वस्तु फेंकना प्रतिबंधित हो।

सावन-भदौ की सवारियों को निकालने में चौड़ीकरण की सहजता का सहयोग रहा

# राजसी सवारी करीब डेढ़ घंटे पहले पहुंची मंदिर

## सामान्य सवारियों के भी मंदिर वापसी समय में पौन घंटे से आधे घंटे का अंतर आया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पिछले कई दशकों से भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारियों को समयबद्ध निकालने की स्थिति में चिंता का विषय सामने आता रहा है। इस बार निकली सवारियों के बाद यह चिंता पूरी तरह से निरर्थक होने की स्थिति बनी है। सवारी मार्ग चौड़ीकरण से सहजता का सहयोग रहा है। यही कारण रहा कि राजसी सवारी ही नहीं सामान्य सवारियों के भी मंदिर वापसी के समय में डेढ़ घंटा से आधा घंटा तक का समयांतर सामने आ रहा है।

पिछले सालों में सवारी निकालने के दौरान मार्ग के कई हिस्सों में संकुचित स्थिति के चलते सवारी को काफी सजगता के साथ और पूरे नियंत्रण से चलाया जाना पड़ता था। मार्ग चौड़ीकरण के उपरांत यह पूरी समस्या ही समाप्त होती दिखाई दे रही है। इस बार निकली 6 सवारियों के क्रम में सामान्य एवं राजसी सवारी सभी पूरी सहजता से निकाली गई है।



### नगर निगम ने समय से पूर्व किया चौड़ीकरण

सिंहस्थ-28 के लिए शहर की सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसी के तहत भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के मार्ग को नगर निगम ने चौड़ीकरण के लिए हाथ में लिया था। इन सड़कों पर काम की गति नगर निगम ने युद्ध स्तर पर चलाई। ढाबा रोड एवं नदी दरवाजा क्षेत्र सहित हरसिद्धी पाल सहित रामघाट मार्ग को सामान्य सवारी के लिए चौड़ा किया गया। यहां तक कि अंतिम दौर में रात दिन काम किया गया और सड़क, नाली सहित अधिकांश काम पूरे कर दिए गए। मार्ग सवारी निकलने एवं प्रकाश की पूरी व्यवस्था के साथ पूर्ण किए गए। यहां तक की मार्ग पर ढाबा रोड चौराहा चौड़ीकरण एवं कोबाल्ट पत्थर से उसका सौंदर्यीकरण भी किया गया। यही नहीं रामघाट मार्ग पर भी सौंदर्यीकरण को अंजाम दिया गया। इसके साथ ही कंठाल से गोपाल मंदिर मार्ग राजसी सवारी के लिए पूर्ण किया गया। जिस तरह से सामान्य सवारी निकलने के एक दिन पूर्व उस मार्ग को पूर्ण कर लिया गया था वैसे ही राजसी सवारी मार्ग की स्थिति भी रही। यहां सतीगेट सौंदर्यीकरण को भी अंजाम दिया गया। यहां भी बेहतर पत्थरों को जमीन पर लगाया गया है।

### 5 सामान्य एवं अंतिम प्रमुख राजसी सवारी

इस वर्ष कुल 6 सवारियां मंदिर समिति ने निकाली। इसकी शुरूआत 3 अगस्त से हुई। यहां तक की नगर निगम ने 2 अगस्त तक अपने कामों को अंजाम दिया लेकिन सवारी की शुरूआत चौड़ीकृत मार्गों से ही करवाई गई। पहली सवारी चुंकि छोटी ही होती है एवं उसमें कम ही दल शामिल होते हैं। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या जमकर रही थी उसके बाद भी चौड़ीकरण के मार्गों से सवारी के दर्शनों में सभी को सहजता रही। इसके बाद शेष 4 सवारियों में बराबर भगवान के स्वरूप बढ़ते रहे। यहां तक कि 17 अगस्त को तीसरी सवारी में तो मिनी कुंभ के हालात निर्मित हो गए उसके बाद भी सवारी के दर्शन एवं सवारी निकालने में सहजता की स्थिति चौड़ीकरण के कारण ही रही है। शेष 3 सवारियों में राजसी सवारी के दौरान संपूर्ण परंपरागत मार्ग के चौड़ीकरण के काम को अंजाम दिया गया। कंठाल से सतीगेट एवं गोपाल मंदिर तक के मार्ग में काफी सहजता की स्थिति रही है। यहां भी मार्ग चौड़ीकरण का काम एक दिन पूर्व तक पूर्ण किया गया और सजावट को अंजाम दिया गया है।

- **पूर्व वर्षों से जल्दी पहुंची सवारी मंदिर-** मंदिर से जुड़े सूत्रों के अनुसार चौड़ीकरण से सवारी के नगर भ्रमण में सहजता की स्थिति बनी है। इससे चौड़े-चौड़े मार्ग भ्रमण के दौरान मिलने से सवारी पूरी गति से चलती है और व्यवधान की स्थित या गतिरोध जैसे हालात अब नहीं बचे हैं। ऐसे में सामान्य सवारी की मंदिर करीब पौन घंटे से लेकर आधा घंटा पूर्व होने की स्थिति बनी है और राजसी सवारी करीब एक घंटे पूर्व वापसी की स्थिति बनी है।
- **पूर्व में शयन आरती के पूर्व मंदिर पहुंचना चुनौती होता था-** पिछले कई सालों में यह पहला अवसर ऐसा रहा है जब राजसी सवारी शयन आरती से काफी पहले मंदिर में पहुंच गई थी। इसके बाद निश्चिंतता से पूजन अर्चन किया गया और शयन आरती की गई। पूर्व वर्षों में राजसी सवारी रात पौने दस से सवा दस तक मंदिर वापसी होती थी ऐसे में शयन आरती को लेकर जल्दबाजी के हाल होते थे। शयन आरती से पूर्व भगवान की पालकी को मंदिर में वापसी का विधान जानकार बताते हैं।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 9 सितंबर, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होगा राष्ट्रीय पोषण माह

**इंदौर।** प्रदेश में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 का आयोजन 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी थीम पर किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया बुधवार को 9वें राज्य स्तरीय पोषण माह का इंदौर से शुभारंभ करेंगी। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया 09 सितम्बर, बुधवार को सुबह 11 बजे से लता मंगेशकर सभागृह वीआईपी परस्पर नगर इंदौर से शुभारंभ करेंगी। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी एवं डॉ. कविता पाटीदार तथा समस्त विधायकगण भी उपस्थित रहेंगे।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन की पहल के तहत जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सहज, सरल एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों का निराकरण मौके पर संभव नहीं है, उनका प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में प्लॉट एवं संपत्ति संबंधी मामले, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता, रोजगार सहित विभिन्न विषयों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।

### रमेशचंद्र शर्मा का निधन, ग्राम पाडली में हुआ अंतिम संस्कार

**उज्जैन।** स्वर्गीय लक्ष्मीनारायण जी शर्मा के पुत्र एवं स्वर्गीय बाबूलाल जी शर्मा के छोटे भाई रमेशचंद्र जी शर्मा का निधन हो गया। वे बसंत शर्मा, कमल शर्मा, रेखा नगर एवं कविता शुक्ला के पिता तथा राकेश शर्मा के काका और निकुंज, मोहित एवं यश के दादाजी थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों एवं परिचितों में शोक की लहर छा गई। मंगलवार सुबह 11 बजे ग्राम पाडली में उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन एवं परिचित शामिल हुए। ग्राम पाडली में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों एवं शुभचिंतकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### मंडीदीप रोड पर रात में बाघ दिखने की सूचना से हड़कंप



**भोपाल/मंडीदीप।** सोमवार रात मंडीदीप रोड पर बाघ दिखाई देने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सड़क से गुजर रहे लोगों के बीच बाघ के देखे जाने की चर्चा तेजी से फैल गई। इसके बाद देर रात तक लोग सतर्क नजर आए और कई वाहन चालकों ने सड़क पर आवाजाही के दौरान विशेष सावधानी बरती। बताया जा रहा है कि सोमवार रात सड़क के आसपास बाघ जैसे वन्यजीव को देखे जाने की सूचना सामने आई। सूचना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि बाघ वास्तव में उसी स्थान पर देखा गया था या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि वन विभाग की ओर से किया जाना बाकी है। मंडीदीप और आसपास का क्षेत्र वन क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण यहां समय-समय पर वन्यजीवों की मौजूदगी सामने आती रही है। ऐसे में सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों से रात के समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। बाघ देखे जाने की सूचना के बाद सोशल मीडिया पर भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। हालांकि वन्यजीव से संबंधित ऐसी सूचना में आधिकारिक पुष्टि बेहद जरूरी है, ताकि अफवाह के कारण अनावश्यक भय का माहौल न बने। यदि वन विभाग को बाघ की मौजूदगी की पुष्टि होती है तो सड़क किनारे रहने वाले लोगों और वाहन चालकों को सतर्क करने के साथ वन विभाग की टीम द्वारा निगरानी और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत होगी।

## नैनो न्यूज

- **देवास:** जिले में स्थानीय स्तर पर हादसे और प्रशासनिक गतिविधियां चर्चा में हैं; ताजा स्थानीय स्रोतों में शहर की घटनाओं को प्रमुखता मिल रही है।
- **आगर:** आगर में ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान विवाद में सरपंच से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस-प्रशासन ने मामले की जांच शुरू की।
- **सुसनेर:** नगर परिषद उपचुनाव को लेकर प्रशासन सक्रिय है। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को लेकर जरूरी निर्देश दिए।
- **रतलाम:** रेलवे भर्ती में फर्जी अभ्यर्थी पकड़े जाने का मामला सामने आया। जीआरपी ने बिहार निवासी युवक को गिरफ्तार कर जांच शुरू की।
- **मंदसौर:** जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों का धरना देर रात तक जारी रहा। छात्रों ने फीस वृद्धि वापस लेने की मांग की।
- **देवास:** जिले में बारिश का दौर जारी रहने से ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव और आवागमन को लेकर प्रशासन निगरानी बढ़ा रहा है।
- **आगर:** आगर-मालवा में अतिथि शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और अर्थी लेकर सड़क पर उतरे।
- **सुसनेर:** नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। 29 सितंबर को मतदान और 3 अक्टूबर को परिणाम घोषित होंगे।

शौचालय मरम्मत की राशि खाते में भेजने के बहाने 50,000 की ऑनलाइन ठगी

# सरकारी फंड ट्रांसफर करने के नाम पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को ठगा

## सरकारी अधिकारी बनकर कर्मचारियों को निशाना बना रहे है साइबर ठग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में साइबर अपराध के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। यहां तक कि अब तो साइबर ठग सरकारी अधिकारी बनकर नागरिकों और कर्मचारियों को निशाना बनाने लगे हैं। बाणगंगा थाना क्षेत्र में इसी तरह की धोखाधड़ी की एक गंभीर घटना सामने आई है। यहां एक शातिर अपराधी ने खुद को नायब तहसीलदार बताकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से लगभग पचास हजार रुपये ठग लिए।

आरोपी ने आंगनवाड़ी केंद्र के शौचालय निर्माण एवं मरम्मत का पैसा बैंक खाते में स्थानांतरित करने का झांसा दिया। फर्जी डिजिटल ट्रांजेक्शन का जाल बुनकर आरोपी ने पीड़ित महिला के खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। बैंक से राशि कटने का पता चलते ही पीड़िता ने तुरंत पुलिस से संपर्क किया। बाणगंगा थाना पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आरोपी के फोन नंबरों की सर्विलांस और तकनीकी जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराध के नए-नए तरीकों से आम लोग बुरी तरह परेशान हैं। बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित नंद नगर की निवासी केशकली पाल यादव, जो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता होने के साथ-साथ अस्पताल में भी अपनी सेवाएं देती हैं, कुछ दिन पहले वह इस साइबर जालसाजी का शिकार हो गईं। पीड़ित महिला के पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद की पहचान नायब तहसीलदार के रूप में कराई। आरोपी ने महिला को विश्वास दिलाया कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर

### इस तरह रचा धोखाधड़ी का जाल

पीड़िता का भरोसा जीतने के लिए जालसाज ने शुरूआत में उनके खाते में 10 रुपये भेजे और उसकी पुष्टि कराई। इसके बाद आरोपी ने 39,990 रुपये के असफल ट्रांजेक्शन का एक फर्जी संदेश भेजा और तकनीकी खराबी का बहाना बनाकर 15 हजार तथा 35 हजार रुपये के दो अन्य फर्जी ट्रांजैक्शन दिखाए। इस प्रक्रिया में सरकारी पैसे खाते में आने के बजाय पीड़िता के अपने ही बैंक अकाउंट से 50 हजार रुपये कटकर आरोपी के खाते में स्थानांतरित हो गए। जैसे ही मोबाइल पर पैसे कटने का संदेश आया, पीड़िता स्तब्ध रह गईं। उन्होंने बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद केस बाणगंगा थाने को भेजा गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर संबंधित नंबरों तथा बैंक खातों का ब्योरा खंगालना शुरू कर दिया है।



### किन बातों पर ध्यान देना चाहिए

ईमेल, कॉल या टेक्स्ट मैसेज से सावधान रहें जो उपयोगकर्ता आईडी, पासवर्ड, वन-टाइम पासकोड, पूर्ण टोकन कोड या खाता संख्या जैसी व्यक्तिगत या खाता जानकारी का अनुरोध करना, विशेष रूप से असुरक्षित चैनलों के माध्यम से। यदि आप तुरंत कार्रवाई नहीं करते हैं तो आपकी पहुंच निलंबित करने की धमकी दें। आपको ऐसे सर्वेक्षणों को पूरा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है जिनमें संवेदनशील जानकारी मांगी जाती है। वे दावा करेंगे कि आपका खाता हैक हो गया है और आपसे विवरण की पुष्टि करने के लिए कहेंगे। किसी अन्य उपयोगकर्ता से अपने डिवाइस से लॉग इन करने के लिए कहें। आपसे अनुरोध है कि आप अपने खाते या पासवर्ड की पुष्टि, सत्यापन या नवीनीकरण करें।

भूमिगत कॉरिडोर से प्रभावित मकानों और संपत्तियों की सुरक्षा पर हाईकोर्ट में जवाब तलब

# मेट्रो की सुरंग से ज्यादा अहम हुआ ऊपर का शहर

## 21 सितंबर को तय होगी सुरक्षा की अगली तस्वीर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भूमिगत मेट्रो को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई अब केवल जमीन के नीचे सुरंग बनाने के अधिकार तक सीमित नहीं रही है। हाईकोर्ट में सोमवार को हुई सुनवाई के बाद मामला सीधे निर्माण के दौरान मकानों, सड़कों और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ गया है। कोर्ट ने मेट्रो प्राधिकरण को दो सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं और अगली सुनवाई 21 सितंबर को होगी।याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता अभिनव पी. धनोतकर ने भूमिगत मेट्रो निर्माण से प्रभावित होने वाली संपत्तियों, निर्माण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और नागरिकों के अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाए। खासतौर पर घनी आबादी के नीचे होने वाली खुदाई के दौरान कंपन, शोर, जमीन के धंसाव और मलबे जैसे संभावित प्रभावों को लेकर सवाल उठाए गए।

### 20 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों के लिए मेट्रो फायदेमंद

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- मेट्रो सिर्फ इंदौर के लिए नहीं, बल्कि 20 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों के लिए ज्यादा फायदेमंद और उपयोगी है। बड़े शहरों में बढ़ती आबादी और यातायात के दबाव को देखते हुए मेट्रो सार्वजनिक परिवहन का महत्वपूर्ण साधन है।



### 16 स्टेशन, इन इलाकों से गुजरेगी मेट्रो

गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक करीब 17.5 किमी के एलिवेटेड कॉरिडोर पर 16 स्टेशन हैं। मेट्रो गांधी नगर से चलकर सुपर कॉरिडोर, एमआर-10, आईएसबीटी, चंद्रगुप्त मौर्य प्रतिमा, हीरा नगर, बापट चौराहा, मेघदूत गार्डन और विजय नगर होते हुए रेडिसन चौराहे तक पहुंचेगी। अभी गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-3 तक करीब 6.3 किमी हिस्से में यात्री सेवा संचालित हो रही है।

### 8.62 किमी सुरंग, ऊपर आबादी और नीचे निर्माण

इंदौर के प्रस्तावित भूमिगत मेट्रो कॉरिडोर की लंबाई करीब 8.62 किलोमीटर बताई गई है। एशियन डेवलपमेंट बैंक के दस्तावेजों में इस हिस्से में सात भूमिगत स्टेशन प्रस्तावित हैं। इसमें रेलवे स्टेशन, राजवाड़ा, छोटा गणपति, बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर, बीएसएफ/क्लॉनी नगर और एयरपोर्ट क्षेत्र से जुड़े स्टेशन शामिल हैं। यानी प्रस्तावित सुरंग का बड़ा हिस्सा ऐसे इलाकों से गुजरना है जहां ऊपर पहले से मकान, सड़कें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और बड़ी आबादी मौजूद है। ऐसे में अब असली चुनौती यह है कि नीचे मेट्रो का निर्माण हो और ऊपर बसे शहर की सामान्य जिंदगी प्रभावित न हो।

### अंतरिम आदेश ने बढ़ाई जवाबदेही

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अंतरिम अवधि में परियोजना स्थल पर आवश्यक और उचित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इससे अगली सुनवाई तक मेट्रो प्राधिकरण के सामने सिर्फ परियोजना की तकनीकी स्थिति बताने की चुनौती नहीं होगी, बल्कि यह भी स्पष्ट करना होगा कि प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

# शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय कार्यशाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली एवं अवंतिका विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 9, 10 सितंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की ओर विषय पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ प्रातः 9.30 बजे अवंतिका विश्वविद्यालय परिसर में होगा। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी होगें। विशिष्ट अतिथि प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल एवं उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज होंगे। अध्यक्षता प्रो नितिन राणे एवं न्यास राष्ट्रीय सह संयोजक ओम प्रकाश शर्मा करेंगे। यह जानकारी देते हुए न्यास के क्षेत्र संयोजक प्रचार प्रसार डॉ जफर महमूद ने बताया कि कार्यशाला में भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की ओर देश के बढ़ते कदम पर विचार विमर्श होगा। कार्यशाला में तकनीकी सत्र का शुभारंभ प्रो. अनीता शर्मा के संबोधन से होगा । युवा संवाद कार्यक्रम को डॉ अतुल कोठारी संबोधित करेगें । कार्यशाला के समन्वयक न्यास के प्रांत संयोजक सुनील पंड्या ने बताया कि कार्यशाला में सशक्त , समृद्ध और विकसित भारत की दिशा में कार्य करने वाले देश के शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ, शोधार्थी, नीती निदेशक , सामाजिक कार्यकर्ता भागीदारी करेंगे। इस अवसर पर देश के प्रतिमान केन्द्रों और विश्वविद्यालयों द्वारा विकसित भारत के लिए नवाचारों की प्रदर्शिनी भी लगाई जाएगी।

6 साल के मासूम को दिया नया जीवन

# वर्दी में मां बनकर आई महिला पुलिसकर्मी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पुलिस की वर्दी सिर्फ कानून-व्यवस्था संभालने तक ही सीमित नहीं होती, कई बार यही वर्दी किसी के लिए जिंदगी बचाने वाली फरिश्ता भी बन जाती है। ऐसा ही मानवीय और साहसिक मामला सामने आया है, जहां ड्यूटी खत्म कर घर पहुंची महिला पुलिसकर्मी की सतर्कता और सूझबूझ ने 6 साल के मासूम को नया जीवन दे दिया।



जोन-2 कार्यालय में पदस्थ महिला पुलिसकर्मी निकिता जोशी शाम को ड्यूटी समाप्त कर घर पहुंची थीं। इसी दौरान घर के सामने स्थित मंदिर परिसर से बच्चों के लगातार चीखने-चिल्लाने की आवाज आने लगी। बच्चों की आवाज में घबराहट महसूस होते ही निकिता ने बिना देर किए मंदिर परिसर की ओर दौड़ लगा दी। मंदिर के पीछे झाड़ियों में पहुंचने पर उन्होंने देखा कि करीब 6 वर्षीय मासूम अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है और उसके हाथ में बिजली का तार था। आवाज देने पर भी बच्चा कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए निकिता ने साहस और सूझबूझ दिखाते हुए बच्चे को बिजली के तार से अलग किया।

### मासूम को तुरंत अस्पताल पहुंचाया

तार से अलग होते ही मासूम ने आंखें खोलीं और रोते हुए निकिता से अस्पताल ले जाने की गुहार लगाई। बच्चे की हालत देखते ही महिला पुलिसकर्मी ने उसे अपनी गोद में उठाया और तत्काल मदद के लिए दौड़ पड़ीं। परिजनों की सहायता से मासूम को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई। मासूम के परिजनों ने निकिता जोशी की तत्परता, साहस और मानवीय संवेदना के लिए उनका आभार जताया। एक आवाज पर दौड़ लगाने वाली महिला पुलिसकर्मी की सतर्क नजर और सही समय पर लिए गए फैसले ने एक मासूम की जिंदगी बचा ली। सच में वर्दी के पीछे एक संवेदनशील दिल भी धड़कता है।

सिंहस्थ की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

# उज्जैन शहर में हो रहे विकास कार्य काबिले-तारीफ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 को लेकर उज्जैन में जिस तेजी से विकास और निर्माण कार्य आगे बढ़ रहे हैं, वे निश्चित रूप से काबिले-तारीफ हैं। शहर में सड़क, पुल, घाट, यातायात व्यवस्था, रेलवे सुविधाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्यों पर तेजी से काम चल रहा है।

सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए करीब 29 किलोमीटर नए घाटों के निर्माण की दिशा में काम जारी है। वहीं विभिन्न स्थानों पर स्थायी पुलों का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे भविष्य में आम दिनों में भी शहर की यातायात व्यवस्था को लाभ मिलेगा।

रेलवे भी सिंहस्थ की तैयारियों में जुटा है। उज्जैन और आसपास के कई रेलवे स्टेशनों को विकसित करने तथा श्रद्धालुओं के दबाव को अलग-अलग स्टेशनों पर बांटने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये कार्य केवल सिंहस्थ के कुछ महीनों के लिए नहीं, बल्कि उज्जैन के भविष्य को ध्यान में रखकर स्थायी सुविधाएं विकसित करने की दिशा में उठाए गए कदम हैं।

शासन-प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप, वास्तविक आंकड़े सामने लाने की मांग

# जीतू पटवारी का दावा–सागर में 50 से अधिक मौतें

## जहरीली शराब से प्रभावित परिवारों से मिले पटवारी, सरकार पर साधा निशाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सागर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर में हुई मौतों को लेकर शासन-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पटवारी ने दावा किया कि अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि शासन-प्रशासन द्वारा वास्तविक आंकड़े सामने नहीं लाए जा रहे हैं।

पटवारी ने कहा कि सरकार को मौतों की वास्तविक संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए और पूरे मामले में पारदर्शिता बरतनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन आंकड़ों को छिपाने का प्रयास कर रहा है, जिससे घटना की वास्तविक गंभीरता सामने नहीं आ पा रही है।

उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में मौतों का दावा सामने आने के बाद सरकार को तत्काल मामले की विस्तृत जांच करानी चाहिए। मृतकों की वास्तविक संख्या, मौत के कारण और



प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। पटवारी के इस बयान के बाद सागर में मौतों के आधिकारिक आंकड़ों को लेकर राजनीतिक बहस तेज होने की संभावना है। अब निगाहें शासन-प्रशासन के आधिकारिक पक्ष पर हैं कि वह इन दावों पर क्या स्पष्टीकरण देता है। हालांकि 50 से अधिक मौतों का आंकड़ा जीतू पटवारी के दावे के रूप में सामने आया है; इसकी स्वतंत्र एवं आधिकारिक पुष्टि आवश्यक है।

### शराब के नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कराई जाए

पटवारी ने कहा कि इस पूरे मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक प्रभावित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि जहरीली शराब के नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के साथ-साथ यदि किसी स्तर पर प्रशासनिक लापरवाही सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों पर भी कार्रवाई की जाए। पटवारी के आरोपों पर अब शासन-प्रशासन के आधिकारिक जवाब का इंतजार है।

### सरकारी लापरवाही से छला गया छापरी !

सागर जिले के बंडा विधानसभा क्षेत्र के छापरी गांव में जहरीली शराब की घटना से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने परिवारों की पीड़ा पर दुख व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। पटवारी ने कहा कि ÿसरकारी लापरवाही से छापरी छला गयाÿ उन्होंने कहा कि जहरीली शराब के कारण जिन परिवारों ने अपने अपनों को खोया है, उनके बीच पहुंचकर स्थिति देखकर मन असहनीय पीड़ा और गहरे दुख से भर गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवारों का दर्द केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है, बल्कि यह सरकार की उस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है, जो समय रहते जहरीली शराब के नेटवर्क को रोकने में नाकाम रही।

# खड़े हनुमान मंदिर पहुंचे महामंडलेश्वर शैलेषानन्द जी

## बोले–हनुमान जी ने इशारा कर दिया है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खड़े हनुमान मंदिर को लेकर चल रहे विवाद के बीच मंगलवार को महामंडलेश्वर शैलेषानन्द गिरि महाराज मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान हनुमान के दर्शन कर मौजूदा परिस्थितियों पर अपनी बात रखी।



महामंडलेश्वर ने कहा कि विकास का विरोध नहीं है, लेकिन विकास के नाम पर आस्था और जनभावनाओं की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हनुमान जी ने इशारा कर दिया है और अब आस्था से जुड़े विषय में जनभावनाओं का हर हाल में सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उज्जैन धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी है, इसलिए यहां विकास कार्यों के साथ धार्मिक स्थलों की गरिमा और श्रद्धालुओं की आस्था का संरक्षण भी जरूरी है। विकास ऐसा होना चाहिए, जिससे शहर का स्वरूप निखरे और लोगों की भावनाएं भी सुरक्षित रहें। इस दौरान संतोष व्यास, रूपेश ठाकुर, शिवेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने भी खड़े हनुमान मंदिर से जुड़ी जनभावनाओं का सम्मान किए जाने की बात कही।

## न्यूज कालम



## ग्राम पंचायत विकास योजना का जनपद स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित हो रहा

ननावर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत ग्राम स्तरीय जनप्रतिनिधि और कर्मचारी का 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसमें आज दिनांक को जनपद सभा कक्ष में जनप्रतिनिधि और कर्मचारीयो का क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर व जिला पंचायत के निर्देश से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश शासन के ग्राम पंचायत विकास योजना त्रक्कष्ठक्क और 16 वित्त आयोग के नए निर्देश का विस्तार पूर्वक बताया गया जीपीडीपी अंतर्गत ग्राम पंचायत करारोपण , 16 वा वित्त आयोग से ग्राम स्वच्छता ठोस अपशिष्ट प्रबंधन,जल संरक्षण व प्रबंधन का ग्राम के विकास में क्या महत्व है उसके विषय पर विशेष चर्चा हुई ग्राम सभा की शक्ति,कार्य आदि के बारे में मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा विस्तार से बताया गया, इस अवसर पर ग्राम पंचायत के समस्त सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित पचौरी,मगन वानखेड़े पंचायत अधिकारी,रवि परमार एवं नवीन शर्मा बीसी उपस्थित थे!

## फार्मर रजिस्ट्री संबंधी कार्य में लापरवाही पर दो पटवारी निलंबित

**खंडवा ।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी एसडीएम को फार्मर रजिस्ट्री संबंधी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले दो पटवारियो को निलंबित किया गया है, तथा दो अन्य पटवारी का वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए हैं। एसडीएम पुनासा श्री पंकज वर्मा ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री संबंधी कार्य में लापरवाही पाए जाने पर पटवारी पलक गौतम तथा पटवारी श्री मुकेश कलम को निलंबित किया गया है, तथा दो अन्य पटवारी अशोक अत्रे और अनोप सिंह ठाकुर के वेतन आहरण पर रोक लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठकों में सभी पटवारियों को फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद जिन पटवारियों की प्रगति ठीक नहीं है, उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

## हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**खंडवा ।** जिला चिकित्सालय खंडवा में जिला हज कमेटी के सहयोग से हज यात्रा-2027 पर जाने वाले हाजियों के लिए सोमवार को स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया द्य सिविल सर्जन डॉक्टर अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि हज यात्रा के लिए खंडवा जिले से जाने वाले 151 हाजियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सोमवार को शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में आर.एम.ओ. डॉ कलमें, डॉ रंजीत बडोले, डॉ नितिन कपूर, डॉक्टर तमय मिश्रा एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा सभी हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी हज यात्रियों को हाजी यात्रा के संबंध में स्वास्थ्य विभाग संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस कार्यक्रम में शहर काजी सैय्यद निसार अली और हज कमेटी अध्यक्ष श्री अयाज खान भी उपस्थित थे।

## सीमा गीते को मिला च्अक्षरदूत सम्मानज, शिक्षा के समर्पण को मंच से मिला सलाम



**सनावद/इटारसी।** शिक्षक होना सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि पीढ़ियों को दिशा देने की जिम्मेदारी है। इसी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने वाली शिक्षिका सीमा राकेश गीते को शिक्षक दिवस के अवसर पर इटारसी में आयोजित 42वें राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में अक्षरदूत सम्मान से नवाजा गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। विपिन जोशी स्मारक समिति, इटारसी द्वारा आयोजित समारोह में देशभर से चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया। इनमें खरगोन जिले से एकमात्र चयनित शिक्षिका सीमा गीते रहीं। सम्मान मिलने पर क्षेत्र के शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने उन्हें बधाई दी। सीमा गीते ने अपने शिक्षकीय कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया। उनके योगदान को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान के लिए चुना गया।सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शिक्षक समाज की वह नींव हैं, जिस पर राष्ट्र का भविष्य खड़ा होता है। एक शिक्षक का प्रभाव केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके पढ़ाए विद्यार्थी आगे चलकर समाज और देश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं।

## नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराये राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण

**बड़वानी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार 12 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सहित तहसील न्यायालयों में किया जायेगा। लोक अदालत के संबंध में बुधवार को विशेष न्यायाधीश/नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत बड़वानी श्री लीलाधर सोलंकी की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।पत्रकार वार्ता में विशेष न्यायाधीश श्री लीलाधर सोलंकी, सचिव/ न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी श्री अमूल मण्डलोई उपस्थित थे।विशेष न्यायाधीश श्री लीलाधर सोलंकी ने बताया गया कि 12 सितम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में लिटिगेशन प्रकरण 772 एवं प्रिलिटिगेशन 3411 प्रकरण रखे जायेंगे। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिले में कुल 18 खण्डपीठो का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में विद्युत छुट, जलकर छुट सम्पत्तिकर छुट दी जायेगी। जिसमें विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निम्नानुसार छूट दी जायेगी। प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छमाही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जायेगी।

# खंडवा में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश, 12 प्रकरण दर्ज, 3800 किलो महुआ लहान जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम जैनाबाद, बलबाड़ टेकरी और आहूखाना क्षेत्र में दबिश देकर कार्रवाई की।

अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई में टीम ने 225 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा और 3800 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। इसके साथ ही शराब निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री भी बरामद की गई। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 3 लाख 85 हजार रुपये बताया गया है।

कलेक्टर हर्ष सिंह और पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत कुल 12 प्रकरण दर्ज किए गए। आबकारी विभाग और शिकारपुरा थाना पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। अधिकारियों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से कच्ची शराब तैयार किए जाने की सूचना मिलने के बाद टीम ने सुबह के समय अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में महुआ लहान बरामद होने पर उसे मौके पर नष्ट किया गया, जबकि तैयार कच्ची शराब और शराब बनाने की सामग्री को जब्त किया गया।

**आगे भी जारी रहेगा अवैध शराब के विरुद्ध अभियान**

कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पल्लवी पौराणिक, नगर पुलिस अधीक्षक विनोद कुशवाहा, सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुकेश गौर, शिकारपुरा थाना प्रभारी संदीप चौरसिया, नायब तहसीलदार रजनीश उपाध्याय, आबकारी उपनिरीक्षक शेर सिंह मोरे और केतन भाबर सहित आबकारी, पुलिस एवं राजस्व विभाग का अमला शामिल रहा। अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि कहीं भी अवैश शराब से जुड़ी जानकारी हो तो पुलिस को सूचित करें, तत्काल कार्रवाई की जाएगी।



## किसानों की 34 मांगों को लेकर महासंघ ने सौंपे प्रधानमंत्री- मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**मनावर।** जिला धार।। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम अलग-अलग दो ज्ञापन एक साथ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनावर के माध्यम से सौंपे। ज्ञापन में केंद्र एवं राज्य सरकार से किसानों के हित में तत्काल निर्णय लेने की मांग की गई। महासंघ ने मांगों का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में नकली खाद एवं कीटनाशकों की जांच के लिए प्रत्येक तहसील स्तर पर प्रयोगशाला खोलने तथा खाद के प्रत्येक बैग पर बारकोड जारी करने की मांग की गई। महासंघ ने आरोप लगाया कि पोटाश में यूरिया की मिलावट से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है। कृषि उपज की संपूर्ण खरीदी एमएसपी पर करने, हाईटेंशन लाइन से प्रभावित किसानों को प्रति टावर 8 से 10 लाख रुपए मुआवजा देने तथा वर्ष २०१७ की अवृष्टि से प्रभावित फसलों की लंबित 75 प्रतिशत मुआवजा राशि किसानों के खातों में जमा कराने की मांग भी रखी गई।

## जिन्होंने तीन पीढ़ियों को पढ़ाया, शिक्षक दिवस पर उन्हीं गुरुओं के चरणों में पहुंचा सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



बेड़िया। शिक्षक दिवस के अवसर पर नर्मदा फाउंडेशन सेवा संगठन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान 90 वर्षीय वरिष्ठ शिक्षक श्री ओमप्रकाशजी पाठक एवं श्री अशोक पाठक को पुष्पमाला, शाल, श्रीफल एवं मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान के दौरान वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाशजी पाठक ने अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने बेड़िया नगर की तीन पीढ़ियों को शिक्षा दी है। आज उन्हीं विद्यार्थियों और उनके परिवारों को सम्मान, संस्कार, कर्म एवं धर्म के मार्ग से जुड़ा देखकर उन्हें विशेष संतोष और गर्व महसूस होता है।

उन्होंने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान नहीं देता, बल्कि उनके व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण भी करता है। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन का उदाहरण देते हुए शिक्षकों से अनुशासन, आत्मविकास, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित पुष्पेन्द्रसिंह पंवार, जितेन्द्रसिंह चौहान, प्रदीपजी सेन (जनपद सदस्य प्रतिनिधि), डॉ. मंडल, कड़वाजी वर्मा, भोलाराम, गजु वर्मा, हेमराजजी चौहान एवं चेतनजी राठौड़ सहित अन्य लोगों ने गुरुजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। सभी ने दोनों शिक्षकों के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा की भावपूर्ण झलक देखने को मिली। जिन शिक्षकों ने कभी हाथ पकड़कर विद्यार्थियों को अक्षर ज्ञान कराया था, आज उन्हीं के सम्मान में नई पीढ़ी सिर झुकाती नजर आई।



## सनावद में गौवंश तस्करी पर पुलिस का शिकंजा, दो वाहनों से 4 गौवंश मुक्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

अवैध गौवंश परिवहन के खिलाफ सनावद पुलिस ने एक ही दिन में दो अलग-अलग कार्रवाई कर चार गौवंश को मुक्त कराया। पुलिस ने दोनों मामलों में एक पिकअप और एक छोटा हाथी वाहन जब्त किया है। जब्त मशरुके की कुल कीमत करीब 7 लाख 60 हजार रुपए बताई गई है।पहली कार्रवाई 7 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर खरगोन रोड स्थित निमार्णाधीन ब्रिज के नीचे की गई।

सूचना थी कि पिकअप वाहन में गौवंश को क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाया जा रहा है। थाना प्रभारी उनि धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध पिकअप वहां पहुंची, जिसे रोककर तलाशी ली गई।वाहन में दो गौवंश मिले।

## जिला परिवहन अधिकारी ने की यात्री बसो की चेकिंग

**बड़वानी।** जिला परिवहन अधिकारी बड़वानी तथा यातायात प्रभारी बड़वानी द्वारा 7 सितम्बर को यात्री बसों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दैरान 42 से अधिक वाहनों में इमरजेंसी गेट, बीमा फिटनेस, पीयूसी, परमिट सहित अन्य दस्तावेज चेक किये गये । साथ ही 14 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर 23100 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान यात्री वाहनों में जो अनियमितताएं पाई गई उनके संबंध में निर्देशित किया गया कि वे सात दिवस में अपने वाहनों को दुरूस्त कराकर दस्तावेज पूर्ण करावे। निदेर्शों का समयावधि में पालन किया जावे।



## अब इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, बेड़िया में बनेगा 30 बिस्तरीय अस्पताल

**सनावद/बेड़िया।** तेजी से व्यापारिक केंद्र के रूप में उभर रहे बेड़िया और आसपास के करीब 100 गांवों के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की तस्वीर बदलने वाली है। क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही सर्वसुविधायुक्त अस्पताल की मांग अब पूरी होने जा रही है। शासन ने बेड़िया में ३० बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है।मंगलवार को लोक निर्माण विभाग की अनुविभागीय अधिकारी आरती पटेल ने विधायक सचिन बिरला और सरपंच चंद्रपालसिंह सोहनेर के साथ अस्पताल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रस्तावित लेआउट प्लान पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक ने अस्पताल भवन की संरचना और सुविधाओं को लेकर जरूरी सुझाव दिए।प्रस्तावित अस्पताल भवन के निर्माण पर करीब १२ करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। यहां अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर, आपातकालीन चिकित्सा इकाई, प्रसूति गृह, शिशु चिकित्सा इकाई और पैथोलॉजी लैब जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर, बाउंड्रीवाल, गार्डन और पार्किंग की व्यवस्था भी प्रस्तावित है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद धार जिला धार (म.प्र.)

Email- cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक/2426/लो.नि. शाखा/2026 — धार, दिनांक 03.09.2026

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती ह। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | 2026_UAD_533973_1 | वार्ड क्रमांक 21 में गुप्ताजी के मकान से हाजी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 02 माह 16,72,852/- | 2.000/- 12,546/- | 05.10.2026 |
| 2. | 2026_UAD_533974_1 | वार्ड क्रमांक 21 में समर्थ ट्रेडर्स की दुकान से बर्तन की दुकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 02 माह 12,41,772/- | 2.000/- 9,313/- | 05.10.2026 |
| 3. | 2026_UAD_533975_1 | वार्ड क्रमांक 23 में राजेन्द्र मार्ग स्थित दरवडेजी के मकान से दिनेश डोडजी के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 02 माह 5,54,420/- | 2.000/- 5,544/- | 05.10.2026 |
| 4. | 2026_UAD_533976_1 | वार्ड क्रमांक 25 में तात्या टोपे मार्ग स्थित अडसुले के मकान तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य।, | 02 माह 8,01,717/- | 2.000/- 8,017/- | 05.10.2026 |
| 5. | 2026_UAD_533977_1 | वार्ड क्रमांक 26 में रेदास मार्ग से जगदीश परमार के मकान से नाईस टेलर के मकान तक निर्माण कार्य।, | 02 माह 5,63,569/- | 2.000/- 5,636/- | 05.10.2026 |
| 6. | 2026_UAD_533978_1 | वार्ड क्रमांक 29 अभ्युदय विहार कालोनी मेन रोड भावसिंह वास्कलेजी के काम्पलेक्स से लेकर अनूप सोलंकी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 02 माह 7,97,124/- | 2.000/- 7,971/- | 05.10.2026 |
| 7. | 2026_UAD_533979_1 | वार्ड क्रमांक 30 मतलबपुरा में सोनीजी के मकान से अनिल ट्राली की दुकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 02 माह 12,32,254/- | 2.000/- 9,242/- | 05.10.2026 |
| 8. | 2026_UAD_533980_1 | वार्ड क्रमांक 18 में रासमंडल गोल चक्कर के आस पास चौराहे पर बीच में सी.सी. निर्माण कार्य। | 02 माह 1,58,535/- | 2.000/- 3,170/- | 05.10.2026 |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद धार**


## टांडा रोड से प्रतापनगर के बीच नई मेमू ट्रेन को प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

## विकास की पटरी पर चली सपनों की ट्रेन, नई रेल सेवा से चमकी लोगों की आंखें

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा (धार)



8 सितंबर का दिन टांडा क्षेत्र के इतिहास में एक नए अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। वर्षों से जिस रेल सुविधा का सपना क्षेत्रवासी देख रहे थे, वह मंगलवार को साकार हो गया। टांडा रोड रेलवे स्टेशन पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से नए रेल खंड का लोकार्पण करते हुए प्रतापनगर से टांडा रोड के बीच चलने वाली नई मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

प्रधानमंत्री के हरी झंडी दिखाते ही विकास की पटरी पर सपनों की ट्रेन दौड़ पड़ी। पहली ट्रेन को देखने और इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए टांडा सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारो की संख्या में लोग रेलवे स्टेशन पहुंचे। नई ट्रेन और रेलवे स्टेशन को आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। टांडा के साथ-साथ बाग, कुक्षी, गंधवानी, मनावर, सिंघाना और रिंगनोद क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। जैसे ही प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, स्टेशन परिसर तालियों और उत्साह से गूंज उठा। लोगों में पहली बार अपने क्षेत्र से नियमित रेल सेवा शुरू होने को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि वे विकसित भारत की यात्रा को और गति देने आए हैं। उन्होंने कहा कि देश में रेलवे के विस्तार के साथ ऐसे क्षेत्रों को भी रेल नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, जहां दशकों तक रेल नहीं पहुंची थी। गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों को भी रेल परियोजनाओं के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में एक के बाद एक नई ट्रेनें शुरू हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नई रेल सेवा से वडोदरा, छोटा उदयपुर और अलीराजपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिलेगी। रेल कनेक्टिविटी बढ़ने से लोगों का आवागमन आसान होगा और व्यापार, रोजगार तथा आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि जब करोड़ों लोगों के जीवन को आसान बनाने वाली सुविधाओं का विस्तार होता है तो रोजगार के भी लाखों अवसर पैदा होते हैं। बेहतर रेल नेटवर्क देश के विकास को नई गति देने का काम कर रहा है।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने गुजरात के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों और धार-महू सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर का स्वागत किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है। रेलवे के विभिन्न कार्यों को आधुनिक तकनीक के साथ पूरा किया जा रहा है।


## भूमि क्रेता द्वारा जारी जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि ग्राम खेजड़ा खेड़ी तहसील सोयतकलॉ जिला आगर मालवां म.प्र. के अन्तर्गत स्थित खसरा क्रमांक 599, 605, 619/1, 621, 622, 623, 624, 627, 629, 694, 695, 696, 706/1, एवं 708 जिनका रकबा क्रं. 0.800 हें, 0.670 हैं., 0.940 हें, 0.400 हैं, 0.240हें, 0.250हें, 0.630 हें, 0.170 हें, 0.200 हैं, 0.230 हें, 0.300 हें, 0.23 हें, 0150 हें, 0.300 हें, कुल रकबा 5.910हें., तथा भूमि सर्वे नं. 581 582 583, 609/2, 610/2, 617/2, 643/2, 602, 618, 626, 645/2, 672/2, 673, 677/2, 678/1, 680, 681, 682, 715/2, 716/1, 727, 728/2, 783, 740 जिसका रकबा क्रमशः 1.100 हें., 0.830 हें., 0.140 हें, 0.820 हें., 0.270 हें, 0.210 हें, 0.730 हें., 1.570हें., 0.660 हें., 1.600 हें, 0.330 हैं., 0.200 हें, 0.660 हें, 0.020 हें, 0.250 हें, 0.320 हें, 0.160 हें, 0.370 हें, 0.100 हें, 0.180 हें, 0.530 हें, 0.110 हें, 0.080 हैं, 0.360 हें, 0.370हें, कुल रकबा 11.9700 हें., हैं उक्त भूमि नियामत हुसेन पिता कुदरत खांन निवासी सुसनेर जिला आगर मावां म.प्र. तथा भगवानसिंह राजपुत पिता नारायणसिंह निवासी ग्राम देहरिया सुसनेर तहसील सुसनेर जिला आगर मालवां म.प्र. द्वारा प्रवीण जैन पिता श्री पूनमचन्द्र जैन निवासी 310 स्कीम नम्बर 114 इन्दौर म.प्र. से क्रय कर रहे है। यदि उपरोक्त सर्वे करमांकों वाली भूमि पर किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय एडवोकेट महेश राठौर सुसनेर कोर्ट परिसर सुसनेर जिला आगर मालवां म.प्र. मों. 9589645051 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में संलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करे नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**महेश राठौर एडवोकेट सुसनेर**
**मोबाइल नं. 95896-5051**

## न्यूज -कॉलम

### शाही सवारी में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मान

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की शाही सवारी के दौरान मंदिर से लेकर सवारी मार्ग पर उत्कृष्ट कार्य करते हुये सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने वाले पुलिसकर्मियों को एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा सम्मान किया गया। पुलिसकर्मियों को प्रशस्ती पत्र दिये गये और भविष्य में भी पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई। एसपी शर्मा ने बताया कि राजसी शाही सवारी में 12 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हुये थे। सभी को सुगम, सुरक्षित दर्शन कराये गये। मंदिर से लेकर सवारी मार्ग तक 2200 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता थी, विभाग के अधिकारियों और जवानों ने पूरी जिम्मेदारी से अपना कर्तव्य निभाया।

### पिकअप में रस्सी से मुंह बांधे मिले 7 मवेश

**उज्जैन।** कस्बा भ्रमण पर निकली झारडा पुलिस को खबर मिली कि पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 13 जीए 9986 में वध के लिये मवेशियों को भरकर ले जाया जा रहा है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र गरवाल ने टीम के साथ तारोट रोड पर नाकाबंदी की और पिकअप के आते ही उसे रोका। उसमें सवार 2 युवकों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने दोनों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उनके नाम सुरेश पिता सिद्धू बंजारा निवासी ग्राम नवादा उन्हेल और बलवंत पिता स्वरुप बागरी निवासी ग्राम झाँझाखेडी थाना नागदा सामने आये। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें रस्सी से मुंह बंधे 7 मवेशी भरे होना पाये गये। पुलिस ने मवेशियों को मुक्त कराने के साथ दोनों युवकों को गिरफ्तार कर पशु क्रूरता अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

### लकड़ी काटने पेड़ पर चढ़े युवक गिरने से मौत

**उज्जैन।** तराना से मंगलवार दोपहर ईश्वर पिता रमेशचंद्र 30 साल को परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। अस्पताल चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि टाल पर काम करता था, पेड पर लकडी काटने चढ़ा था गिरने पर घायल हुआ था, उसे तराना अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उज्जैन भेजा गया था। मामले में तराना थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि उन्हे घटना की जानकारी नहीं है। उज्जैन अस्पताल चौकी से मर्ग डायरी मिलने पर जांच शुरू कर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

### 3 युवक लातपा, परिजनों ने जताई अपहरण की शंका

**उज्जैन।** ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले 3 युवक अचानक लापता हो गये। परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। तीनों के परिजनों ने अपहरण की आशंका जताकर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। लापता युवकों में पहला खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम रिंगनिया का रहने वाला कृष्णपाल पिता गंगाराम राठौर 21 साल है, जो 4 सितंबर से लापता है। दूसरा बड़नगर थाना क्षेत्र के नागेश्वरधाम कालोनी से नरेन्द्र उर्फ नथ्थु पिता राजेन्द्र शर्मा 34 साल 5 सितंबर से लापता है। तीसरा युवक इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरसौदखुर्द का रहने वाला अर्जुन पिता पन्नालाल बामनिया 32 साल है। जो 7 सितंबर से घर नहीं लौटा है। पुलिस तीनों का पता लगाने के लिये उनके मोबाइल लोकेशन को ट्रेस करने के साथ आसपास लगे कैमरों को खंगाल रही है।

### पहले टक्कर मारी फिर कार चालक से की मारपटी

**उज्जैन।** देवासरोड टाटा शोरूम के सामने लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 13 एल 4899 ने पीछे से कार को टक्कर मार दी। कार क्षतिग्रस्त होने पर चालक ने लोडिंग वाहन को रोक लिया और टक्कर मारने पर कार क्षतिग्रस्त करने की बात कहीं तो लोडिंग चालक ने गाली-गलौच करते हुये थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर लोडिंग लेकर भाग निकला। कार चालक गजेन्द्र पिता रामबक्छसिंह कुशवाह निवासी महालक्ष्मी विहार कालोनी ने नागझिरी थाने पहुंचकर लोडिंग चालक के खिलाफ टक्कर मारने और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई। दुर्घटना का दूसरा मामला नागझिरी थाना क्षेत्र के सैफी पेट्रोल पंप के सामने हुआ। कंटेनर चालक ने ओवरटेक करने के प्रयास में श्याम पिता लक्ष्मीनारायण परमार निवासी भगतसिंह मार्ग जयसिंहपुरा की कार को साइड से टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीतम रही कि कार पलटी नहीं, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 450-9 | | 114-6 |
| मेन बाजार | 330-6 | | 336-5 |
| कल्याण नाइट | 139-3 | | 449-7 |
| मिलन डे | 139-3 | | 660-2 |
| मिलन नाइट | 250-7 | | 239-4 |
| मधुर डे | 345-2 | | 478-9 |
| मधुर नाइट | 570-2 | | 278-7 |
| शुभांक | 9 | 3 | 6 |

# गिरफ्त में चलती ट्रेन में चोरी करने वाले 3 आरोपी

## सीसीटीवी कैमरों से मिला सुराग, 13 हजार नगद और मोबाइल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



चलती ट्रेन में महिला का पर्स चुराकर भागे 3 बदमाशों को सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्रेस कर लिया गया। तीनों की गिरफ्तारी एक माह बाद जीआरपी की टीम द्वारा की गई। बदमाशों के पास से 13 हजार रूपये नगद और मोबाइल बरामद किया गया है।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि त्रिशताब्दी एक्सप्रेस में सवार गायत्री साहू निवासी बैतूल के साथ चलती ट्रेन में बेरछा स्टेशन से पहले वारदात हुई थी। अज्ञात बदमाश महिला का पर्स चोरी कर भाग निकले थे। पर्स में सोने का मंगलसूत्र, 30 हजार रूपये नगद और मोबाइल रखा था। महिला यात्री की शिकायत पर 8 अगस्त को प्रकरण दर्ज किया गया। एक माह की तलाश के बाद इरशाद उर्फ दिलशाद उर्फ दिल्लू पिता रज्जाक खान 30 वर्ष, सलमान पिता साहिद खान 22 वर्ष और समीर पिता शहजाद मेवाती 24 वर्ष निवासी ग्राम बैरछा जिला शाजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिनसे पूछताछ के बाद 13 हजार रूपये नगद और मोबाइल बरामद कर लिया गया। तीनों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार तीनों के पूर्व में भी चोरी, मारपीट और जुआ एक्ट के प्रकरण दर्ज होना सामने आये है।

### मक्सी से बैरछा तक देखे गये कैमरे

थाना प्रभारी गुप्ता ने बताया कि बदमाशों का पता लगाने के लिये आरपीएफ थाना प्रभारी विकास गुर्जर के साथ बैरछा चौकी प्रभारी एसआई दीपक भगत की मदद ली गई। वहीं जीआरपी की एक टीम गठित कर मक्सी से बैरछा स्टेशन तक लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें तीन संदिग्ध दिखाई दिये थे। जिनकी पहचान के प्रयास शुरू किये गये। एक माह बाद पुख्ता जानकारी सामने आने पर तीनों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होने चलती ट्रेन में पर्स चोरी कर बैरछा स्टेशन आने से पहले कूदकर भागना बताया।

### मंगलसूत्र फेंका, शराब में खर्च किये रूपये

महिला यात्री ने पर्स में 30 हजार रूपये नगद, मोबाइल और मंगलसूत्र रखा होने की शिकायत की थी। बदमाशों से मंगलसूत्र के संबंध में पूछताछ की तो उन्होने नकली समझकर फेंकना बताया। वहीं 17 हजार रूपये शराबखोरी और मौज-मस्ती में खर्च करना कबूल किया। थाना प्रभारी गुप्ता के अनुसार मंगलसूत्र बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है। जिस स्थान पर फेंकना बताया उस स्थान बैरछा चौकी की टीम द्वारा सर्चिंग की गई है। फिलहाल मंगलसूत्र बरामद नहीं हो पाया है। मोबाइल भी फेंक दिया था, जिसे बरामद किया गया है।

# शनि मंदिर से लौट रहा युवक पुलिया से शिप्रा में गिरा

## होमगार्ड टीम ने चलाया तलाशी अभियान, 2 थानों की पहुंची पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शनि मंदिर आया युवक मंगलवार दोपहर युवक अचानक पुलिया से क्षिप्रा नदी में गिर गया। 2 थानों क पुलिस मौके पर पहुंची, युवक गहराई में समा चुका था, तलाश के लिये होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम बुलाई गई। देर शाम तक चले तलाशी अभियान में युवक का कुछ पता नहीं चल पाया।

इंदौररोड स्थित शनि मंदिर त्रिवेणी पुलिया से दोपहर में एक युवक के नदी में गिरने की सूचना मिलने पर नागझिरी और नानाखेडा थाना पुलिस की टीम पहुंच गई थी। पुलिया पर मौजूद लोगों से जानकारी ली गई, उन्होने बताया कि शनि मंदिर से ग्राम शक्करवास की ओर जाने वाली पुलिया से गिरा है। उसने खुद को बचाने का प्रयास किया लेकिन वह पुलिया की दूसरी ओर जाने के बाद गहराई में चला गया। कुछ लोगों ने बताया कि युवक शक्करवासा का रहने वाला राहुल पिता ओमप्रकाश प्रजापत 19 साल है। खबर मिलने पर उसके परिजन भी घटनास्थल पहुंच गये थे। मौके पर मौजूद नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल और नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि युवक की तलाश के लिये एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। देर शाम 7.30 बजे तक तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन युवक का पता नहीं चल पाया। अंधेरा होने पर तलाशी अभियान बंद कर दिया गया। बुधवार सुबह दोबारा सर्चिंग शुरू की जायेगी।

### मिर्गी की बीमारी के साथ हाथ से दिव्यांग

परिजनों ने बताया कि राहुल एक हाथ से दिव्यांग था और उसे मिर्गी की बीमारी थी। वह घर से शनि मंदिर जाने का बोलकर निकला था। पुलिया से निकलते वक्त संभवत-उसे मिर्गी का दौरा पड़ा होगा बारिश के चलते क्षिप्रा नदी की पुलिया से रैलिंग भी हटा ली गई है, जिसके चलते सीधे नदी गिरा है। युवक के क्षिप्रा में डूबने की जानकारी मिलने पर परिजनों, गांव वालों और लोगों की भीड जमा हो गई थी।

# रिंगनोदिया में युवक के साथ मिली लातपा बालिका



**उज्जैन।** लापता हुई बालिका की तलाश में निकली पुलिस ने 3 दिन बाद उसे सांवेर के पास ग्राम रिंगनोदिया से खोज निकाला। बालिका को युवक बहला-फुसलाकर ले गया था, युवक के खिलाफ पास्को एक्ट और दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कस्बे में रहने वाली 16 साल की बालिका 5 अगस्त को लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। तीन दिन बाद मंगलवार को पता चला कि बालिका सांवेर के रिंगनोदिया में युवक के साथ दिखाई दी है। बालिका को दस्तयाब करने के लिये एसआई एनएस कनेश, एएसआई राधेलाल निनामा, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, महिला आरक्षक मनीषा, निकिता की टीम रवाना की गई। रिंगनोदिया में बालिका एक युवक के साथ होटल में खाना खाते मिली। जिसे दस्तयाब किया गया और युवक को हिरासत में लिया गया। दोनों को महिदपुर लाया गया, जहां पूछताछ में पता चला कि शुभमसिंह उर्फ अन्नु उर्फ सुभाषसिंह उर्फ सुभोधसिंह पिता मांगूसिंह उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया था। उसने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाये है। तीन दिनों तक अलग-अलग क्षेत्रों में घूमते रहे।

शुभमसिंह से पूछताछ करने पर सामने आया कि वह मामा अर्जुनसिंह के साथ रहता है। थाना प्रभारी के अनुसार बालिका के साथ शोषण होने की जानकारी सामने आने पर युवक के खिलाफ अपहरण की धारा के साथ धारा 64, 64 (2) (एम), 87, 127 बीएनएस तथा धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। युवक को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है बालिका ने कक्षा 9 वीं तक अध्ययन किया था, युवक से उसकी पहचान एक कार्यक्रम में हुई थी। उसके बाद से युवक ने बालिका को अपनी बातों में उलझा लिया था और 5 सितंबर को बहला-फुसलाकर साथ ले गया था।

# रेलवे टेक्नीशियन के साथ चलती ट्रेन में मारपीट

**उज्जैन।** कामाख्या एक्सप्रेस में बेग की तलाशी लेने की बात पर हुये विवाद में कोच अटेंडर ने अपने साथियों के साथ मिलकर रेलवे टेक्नीशियन के साथ मारपीट की। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर टेक्नीशियन ने मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई।

जीआरपी ने बताया कि सुनील पिता रामकुमार निवासी गायत्री नगर भोपाल कोच फैक्ट्री में रेलवे टेक्नीशियन होने के साथ इटारसी में पदस्थ हैं। वह इटारसी से ट्रेन से भोपाल जाने के रवाना हुये थे। नींद लग जाने के कारण विदिशा पहुंच गए। जहां से वापस भोपाल आने के लिये कामाख्या एक्सप्रेस में बैठे। ट्रेन संत हिरदाराम नगर स्टेशन पहुंची उसी दौरान रेलवे टेक्नीशियन सुनील वॉशरूम चले गये और वापस लौटे तो बी-1 कोच का अटेंडर उनके बैग की तलाशी ले रहा था। सुनील तलाशी लेने से रोका तो उनके बीच विवाद हो गया। अटेंडर ने अपने साथियों को बुला लिया और टेक्नीशियन के साथ मारपीट की। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गये। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर टेक्नीशियन ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। अज्ञात अटेंडर और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। जीआरपी के अनुसार ट्रेन में लगे कैमरों की मदद से मारपीट करने वालों की पहचान की जा रही है।

## मल्लखंब प्राचीन भारतीय कला की पहचान और शरीर साधने का श्रेष्ठ खेल



**उज्जैन।** शरीर को साधने के लिए मल्लखंब श्रेष्ठ खेल है और यह प्राचीन भारतीय कला की प्रमुख पहचान है। ऊंचाई पर पहुंचकर शरीर का संतुलन बनाए रखना एक अद्भुत कला है। यह विचार ईशा फाउंडेशन कोयंबटूर से उज्जैन आए स्वामी यास्तिर ने लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास द्वारा संचालित मल्लखंब प्रशिक्षण केंद्र के अवलोकन के दौरान व्यक्त किए।

मल्लखंब प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे स्वामी यास्तिर ने खिलाडियों के बीच खेल की महत्ता पर विचार साझा किए और उनका उत्साहवर्धन किया। समिति के सदस्य एवं मल्लखंब प्रशिक्षक योगेश मालवीय ने बताया कि केंद्र में स्वामी यास्तिर का स्वागत न्यास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव ने किया। इस अवसर पर अतिथि को प्रशिक्षण केंद्र की भावी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

# देशभर में पहुंची खड़े हनुमान की गूंज, समय बीतने के साथ बदल रहा जनमत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन के प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर और हनुमानजी की प्रतिमा के विस्थापन का मामला अब केवल स्थानीय मुद्दा नहीं रह गया है। प्रतिमा को स्थानांतरित करने के लगातार प्रयासों और उसमें बरती जा रही प्रशासनिक सावधानी की खबर देशभर में चर्चा का विषय बन गई है। राष्ट्रीय मीडिया और सोशल मीडिया पर लगातार प्रसारित हो रहे वीडियो, समाचार और तस्वीरों ने इस मामले को देश के कोने-कोने तक पहुंचा दिया है।

शुरुआत में सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों को देखते हुए प्रतिमा के विस्थापन को लेकर अलग-अलग मत सामने आए थे। लेकिन जैसे-जैसे समय बीत रहा है और प्रतिमा को सुरक्षित रूप से हटाने की प्रक्रिया जटिल होती दिखाई दे रही है, वैसे-वैसे आमजन और श्रद्धालुओं की सोच में भी बदलाव नजर आने लगा है।

**प्रशासन की अतिरिक्त सावधानी को आस्था से जोड़ रहे श्रद्धालु-** प्रतिमा को लेकर प्रशासन जिस प्रकार तकनीकी जांच, स्कैनिंग और विशेषज्ञों की सलाह लेने की तैयारी कर रहा है, उसे लेकर भी लोगों में कई तरह की चर्चाएं हैं। प्रतिमा को बिना किसी क्षति के सुरक्षित रखने के लिए बरती जा रही अतिरिक्त सावधानी को श्रद्धालु अपनी आस्था और हनुमानजी की इच्छा से जोड़कर देख रहे हैं। कई श्रद्धालुओं का कहना है कि यह केवल एक निर्माण कार्य या सामान्य विस्थापन की प्रक्रिया नहीं है। उनके लिए यह वर्षों पुरानी आस्था, परंपरा और विश्वास का विषय है। प्रतिमा अपने स्थान से आसानी से नहीं हट पाने की घटनाओं को भक्त अपने-अपने विश्वास के अनुसार दैवीय संकेत और चमत्कार के रूप में देख रहे हैं। हालांकि प्रशासन और विशेषज्ञ इस पूरे मामले को तकनीकी और संरचनात्मक दृष्टि से जांचने की बात कर रहे हैं, लेकिन जनभावनाओं में इसे लेकर धार्मिक भावनाएं लगातार प्रबल होती जा रही हैं। प्रतिमा के आधार और संरचना की स्कैनिंग के बाद आगे का निर्णय लिए जाने की बात कही गई है।

**मंदिर का ढांचा हटने के बाद भी अडिग रही प्रतिमा ने बढ़ाई चर्चा-** खड़े हनुमानजी की प्रतिमा को लेकर सबसे अधिक चर्चा इस बात की हो रही है कि आसपास का मंदिर ढांचा हटने के बाद भी प्रतिमा अपने स्थान पर अडिग बनी हुई है। प्रतिमा को स्थानांतरित करने के प्रयासों में सफलता नहीं मिलने की खबरें जैसे-जैसे बाहर पहुंचीं, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की भीड़ और उत्सुकता बढ़ती गई। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे और भजन-कीर्तन के माध्यम से अपनी आस्था व्यक्त की। देशभर के मीडिया प्लेटफॉर्मों पर इस घटनाक्रम के पहुंचने के बाद अब उज्जैन के बाहर भी खड़े हनुमानजी को लेकर लोगों की जिज्ञासा बढ़ गई है।

**पहले विकास की चर्चा थी, अब आस्था का स्वर तेज-** मामले की शुरुआत सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों से हुई थी। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के मद्देनजर शहर में सड़क चौड़ीकरण सहित कई विकास परियोजनाओं पर काम चल रहा है। खड़े हनुमान मंदिर का स्थान भी प्रस्तावित सड़क निर्माण के मार्ग में आने के कारण विस्थापन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। लेकिन अब समय के साथ इस मुद्दे का स्वरूप बदलता दिखाई दे रहा है। पहले चर्चा यह थी कि विकास कार्य के लिए प्रतिमा को किस प्रकार सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए, लेकिन अब बड़ी संख्या में श्रद्धालु यह सवाल उठाने लगे हैं कि यदि प्रतिमा को हटाना इतना कठिन हो रहा है तो क्या इसके पीछे जनभावनाओं और आस्था को भी गंभीरता से नहीं समझा जाना चाहिए? भक्तों का कहना है कि विकास का विरोध किसी को नहीं है। सड़कें चौड़ी हों, शहर का विकास हो और सिंहस्थ 2028 की तैयारियां भी पूरी हों, लेकिन विकास के साथ धार्मिक आस्था और शहर की पुरातन विरासत का सम्मान भी उतना ही जरूरी है।

**विस्थापन नहीं, यहीं सुरक्षित रखा जाए -** अब बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच यह भावना मजबूत होती दिखाई दे रही है कि हनुमानजी की प्रतिमा को उसके वर्तमान स्थान से हटाने के बजाय वहीं सुरक्षित रखते हुए विकास कार्य का कोई वैकल्पिक समाधान तलाशा जाए। भक्तों का कहना है कि खड़े हनुमानजी केवल एक प्रतिमा नहीं, बल्कि कई पीढ़ियों की आस्था का केंद्र हैं। स्थानीय लोगों के जीवन में इस मंदिर और दक्षिणमुखी खड़े हनुमानजी का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं की मांग है कि खड़े हनुमानजी अपने मूल स्थान पर और अपने वर्तमान दक्षिणमुखी स्वरूप में ही विराजमान रहें। उनका कहना है कि यदि सड़क निर्माण या अन्य विकास कार्यों के लिए डिजाइन में कोई तकनीकी परिवर्तन संभव हो सकता है तो उस विकल्प पर विचार किया जाना चाहिए।

**हनुमानजी दक्षिणमुखी ही बने रहें-** मामले में अब एक नई और महत्वपूर्ण भावना यह भी सामने आ रही है कि भक्त केवल प्रतिमा को बचाने की मांग नहीं कर रहे, बल्कि वे चाहते हैं कि खड़े हनुमानजी का वर्तमान स्वरूप और दिशा भी जस की तस बनी रहे। श्रद्धालुओं के अनुसार, वर्षों से दक्षिणमुखी स्वरूप में विराजमान खड़े हनुमानजी की पूजा-अर्चना और परंपराएं इसी रूप में चली आ रही हैं। इसलिए यदि किसी कारण से भविष्य में कोई निर्णय लिया भी जाता है तो भक्तों की पहली इच्छा यही है कि हनुमानजी के दक्षिणमुखी स्वरूप और धार्मिक परंपरा के साथ कोई परिवर्तन न हो। भक्तों का कहना है कि प्रतिमा को केवल एक संरचना मानकर निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए। उसके साथ वर्षों की धार्मिक मान्यता, पूजा-पद्धति, स्थानीय परंपरा और हजारों लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

**संतों और हिंदू संगठनों की सक्रियता से बदला माहौल-** खड़े हनुमानजी के दर्शन के लिए संतों और हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों के पहुंचने के बाद भी इस मुद्दे को नई दिशा मिली है। संतों ने प्रशासन से आस्था और जनभावनाओं का सम्मान करने की अपील की है। विरोध कर रहे पक्षों का कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन विकास के नाम पर पुरानी धार्मिक विरासत और जनविश्वास की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। अब यह मामला केवल प्रतिमा के तकनीकी विस्थापन तक सीमित नहीं रह गया है। सवाल यह भी खड़ा हो गया है कि क्या शहर की विकास योजनाओं में ऐसे प्राचीन धार्मिक स्थलों के लिए पहले से संवेदनशील और वैकल्पिक योजना बनाई जानी चाहिए?

खड़े हनुमानजी की प्रतिमा को लेकर घटनाक्रम का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुईं। इसके बाद देशभर के लोगों की नजर उज्जैन पर पहुंच गई। राष्ट्रीय समाचार माध्यमों में प्रमुखता से खबर आने के बाद मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि शायद यही कारण है कि अब इस मुद्दे पर लोगों की राय भी तेजी से बदल रही है। जो लोग पहले इसे केवल सड़क चौड़ीकरण की सामान्य प्रक्रिया मान रहे थे, वे भी अब प्रतिमा की ऐतिहासिकता, धार्मिक महत्व और जनभावनाओं पर चर्चा करने लगे हैं। प्रतिमा और मंदिर की प्राचीनता को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं। कुछ रिपोर्टों में मंदिर का इतिहास करीब 170 वर्ष पुराना बताया गया है, जबकि कुछ विशेषज्ञों ने प्रतिमा की संरचना और शिल्पकला को अधिक प्राचीन होने की संभावना से जोड़ा है। ऐसे में इसकी वास्तविक ऐतिहासिकता और संरचना को लेकर वैज्ञानिक तथा पुरातात्विक अध्ययन की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। यही कारण है कि अब आमजन भी जल्दबाजी में किसी निर्णय के पक्ष में नहीं दिखाई दे रहा।

www.awantika.com

# भग के स्वामी भगवान



आपने कभी इस प्रश्न पर गौर किया है कि भगवान कौन हैं? भगवान शब्द की एक सुंदर व्याख्या है- जो भग का स्वामी है, वही भगवान है। वैदिक परंपरा में भग के अनेक अर्थ मिलते हैं। एक अर्थ है, दिव्य प्रभा, दूसरा है मूल कारण और तीसरा अर्थ छह विशिष्ट गुणों के समुच्चय से जुड़ा है, यानी- ऐश्वर्य, वीर्य, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य- के समुच्चय को भग कहा गया है। जो इन छहों का स्वामी है, वही भगवान कहलाता है।

पहला गुण है ऐश्वर्य। इसका अर्थ केवल धन-संपत्ति नहीं, बल्कि आध्यात्मिक या दिव्य सामर्थ्य है। जिसके पास ऐसी शक्ति है, उसे ईश्वर कहा गया है। दूसरा है वीर्य। इसे यहां शारीरिक शक्ति से कहीं व्यापक अर्थ में समझना चाहिए। यह है सामर्थ्य, धैर्य और कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य पर टिके रहने की क्षमता। तीसरा गुण है, यश-प्रतिष्ठा या कीर्ति, लेकिन आध्यात्मिक संदर्भ में यह केवल सांसारिक प्रसिद्धि नहीं है, बल्कि ऐसा प्रभाव है, जो व्यक्ति के श्रेष्ठ कर्मों और व्यक्तित्व से उत्पन्न होता है।

चौथा है श्री। सामान्यतः इसे सौंदर्य या आकर्षण के अर्थ में लिया जाता है, पर इसका अर्थ कहीं गहरा है। श्री वह सक्रिय आकर्षण है, जो ऊर्जा को गति देता है । शायद यही कारण है कि भारतीय परंपरा में सम्मान और मंगल की भावना से नाम के आगे श्री लगाने की परंपरा रही है। पांचवां गुण है ज्ञान, विशेष रूप से आध्यात्मिक ज्ञान। केवल सूचनाओं का संग्रह ज्ञान नहीं है। वास्तविक ज्ञान वह है, जो मनुष्य को स्वयं के स्वरूप और जीवन के परम उद्देश्य का बोध कराए। छठा है वैराग्य। इसे केवल संसार छोड़ देना समझना उचित नहीं होगा। राग का एक अर्थ रंग या आकर्षण है। इसलिए वैराग्य का अर्थ है, संसार के आकर्षक रंगों से प्रभावित होकर अपने मूल लक्ष्य से विचलित न होना।

इन छह गुणों का संतुलित व पूर्ण समुच्चय भग है और जो इस भग का स्वामी है, वह भगवान है। इस दृष्टि से साधना सिर्फ भगवान को पाने की यात्रा नहीं, बल्कि अपने भीतर इन दिव्य गुणों को विकसित करने की प्रक्रिया भी है। इसीलिए गीता केवल कोई प्राचीन उपदेश नहीं है। यह मनुष्य को आगे बढ़ने का आह्वान है। इसका संदेश है कि मनुष्य को अपनी आंतरिक आकांक्षा और बाहरी परिस्थितियों के बीच उचित संतुलन बनाते हुए अपने आध्यात्मिक लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए।

यह यात्रा आसान नहीं है। संसार के आकर्षण और भीतर की कमजोरियां साधक को बार-बार उसके लक्ष्य से भटकाने के प्रयास करती हैं। इसलिए गीता पलायन का नहीं, संघर्ष का संदेश देती है। यह संघर्ष किसी अन्य के विरुद्ध नहीं, बल्कि उन प्रवृत्तियों के विरुद्ध है, जो मनुष्य को उसके श्रेष्ठ स्वरूप से दूर ले जाती हैं।

**सम्पादकीय**

## छात्रों की चिंता

दिल्ली में एक भवन के ढहने से जो क्षति हुई है, उसकी भरपायी असंभव है। यह महज हादसा नहीं, जघन्य श्रेणी का अपराध है। यहां चंद गिरफ्तारियों और कार्रवाइयों से ही न्याय नहीं होगा। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उचित ही दिल्ली नगर निगम को सत्य निकेतन स्थित इमारत के ढहने की घटना की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। पहली नजर में ही न्यायालय ने कह दिया है कि यदि अफसरों ने वैधानिक कर्तव्यों का पालन किया होता, तो इस दुर्घटना को टाला जा सकता था। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने सही कहा है कि जिम्मेदारी सिर्फ पीजी छात्रावास के मालिक की नहीं है, बल्कि विश्वविद्यालय के अफसरों और एमसीडी की भी है। ये अफसर उन छात्रों के बारे में रत्ती भर भी नहीं सोचते हैं, जिन्हें कॉलेज हॉस्टल में जगह नहीं मिल पाती है। क्या हमारे शिक्षा संस्थानों की सामाजिक संवेदना खो गई है?

यह जो हादसा हुआ है, उसकी गहन जांच होनी चाहिए। इस हादसे को अंजाम देने वाले भवन मालिक, ठेकेदार, बिल्डर, वास्तुकार और अभियंता की भूमिकाओं की भी जांच होनी चाहिए। जर्जर पांच मंजिला इमारत के भूतल में नए निर्माण या मरम्मत की क्या जरूरत थी? अगर मरम्मत से भवन को खतरा था, तो उसे खाली करा लेना चाहिए था, लेकिन बड़े अफसोस की बात है, दिल्ली में ज्यादातर भवन मालिक केवल कमाई से सरोकार रखते हैं। छोटी-छोटी जगहों पर छात्रों को ठूंस-ठूंसकर रखा जाता है। देश भर से दिल्ली पढ़ने आने वाले छात्रों की भी मजबूरी है, उन्हें हमेशा सस्ते आवास, छात्रावास या पीजी की तलाश रहती है। ये छात्र अपने माता-पिता के दो पैसे बचाने के लिए अनजाने में जोखिम उठाने को तैयार हो जाते हैं। भूलना नहीं चाहिए कि दिल्ली में उच्च शिक्षा के लिए देश भर से छात्र आते हैं और अपनी व अपने परिवार की किस्मत बदलने का सपना उनकी आंखों में बसता है। ऐसे छात्रों को दिल्ली में भवन मालिकों, अफसरों, शिक्षा संस्थानों का ही सहारा होता है, पर ऐसे छात्रों और उनके परिजन के साथ जो धोखा हुआ है, उसे भूलना नहीं चाहिए। बाहर से आने वाले छात्रों के प्रति इस शहर का भी अपना दायित्व है, उसे निभाने में जो चूक हुई है, उसे युद्ध स्तर पर ठीक करने की जरूरत है।

**संदर्भः- सागर में जहरीली शराब से 24 मौतें**

# कुटीर उद्योग बना अवैध शराब का धंधा

मध्य-प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण ने कुटीर उद्योग का रूप ले लिया है। इस शराब का निर्माण बड़े पैमाने पर सीधे-सीधे आसवनी भट्टियों में हो रहा है। यह शराब ड्रमों में लाकर रसायानों से बनाई जा रही है। सागर जिले के बंडा तहसील के ग्राम ततरबारा में अवैध शराब निर्माण की जो फैक्ट्री बताई जा रही है, उसमें वकायदा अलग-अलग ब्रांड की शराब तैयार करके बोतलों में पैकिंग की जाती थी। यानी शराब निर्माण के सभी उपकरण इस फैक्ट्री में मौजूद थे। इस निर्माण से जुड़े नेटवर्क के तार मुरैना से भी जुड़े बताए जा रहे है। आमतौर से देशी तरीके से बनाई जा रही शराब भी जहरीली शराब में तब बदल जाती है, जब उसमें घटिया सामग्री का असंतुलित घालमेल बैठा दिया जाता है। ऐसा ज्यादा कमाई के चक्कर में किया जाता है, जो दीनहीनों की मौत का कारण बन जाती है। एक समय जब देशी शराब महुआ, गुड़ और अनाजों से प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, तब यह कतई घातक साबित नहीं होती थी, किंतु जब से इस शराब का निर्माण रसायनों से होने लगा है, तब से मध्य-प्रदेश में ही नहीं देशभर में इस शराब के पीने से निरंतर मौतों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक नगरियों का मध्यप्रदेश ऐसी शराब का गढ़ बन गया है। मध्यप्रदेश की गलत आबकारी नीति भी इस शराब के निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रही है।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

शराब के लगातार कहर ठहाने के बाद भी नीति-नियंता इसलिए बेफिक्र रहते हैं, क्योंकि एक तो ऐसी शराब पीने से गरीब और वंचित लोगों की मौतें होती हैं, दूसरे, अब देशी-विदेशी शराब के ठेकों में अला राजनेता, आबकारी एवं पुलिस विभाग के नौकरशाह इन ठेकों में भागीदार हो गए है। इस जहरीली शराब कांड में जिन 30 शराब विक्रेताओं को आरोपी बनाया गया है, उनमें सत्तारूढ़ दल से जुड़े दो सरपंच और एक शराब ठेकेदार शामिल हैं। कुछ आरोपितों को सीधे-सीधे एक पूर्व मंत्री से जुड़ा बताया जा रहा है। साफ है, प्रदेशभर में शराब निर्माण और विक्रय की ठेकेदारी ऐसे लोगों के हाथ में है, जो बाहुबली होने के साथ ऊंची पहुंच रखने वाले है। इसलिए जो भी कार्यवाही होगी वह तत्काल तो मीडिया में असरकारी दिखेगी, लेकिन फिर दर्ज एफआईआर शून्य में बदलती चली जाएंगी।

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने तीन साल पहले शराबबंदी की मुहिम चलाई थी, लेकिन तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कुटिल चतुराई के चलते वह नक्कारखाने की तूती साबित हुई। शराब की दुकानें और शराब बिक्री के लिए जो नई आबकारी नीति सामने आई थी, उसमें उमा भारती की मुहिम और धमकी का कोई असर दिखाई नहीं दिया था। इस अबकारी नीति के सामने आने के समय से ही अनेक अनुत्तरित सवाल आज भी खड़े हुए हैं। नीति में स्पष्ट नहीं है कि जो शुष्क दिन है, मसलन गांधी जयंती, 15 अगस्त, 26 जनवरी, होली और चुनाव प्रक्रिया के दौरान घरों में शराब का बार खोलने की जो छूट चली आ रही है, वह यथावत जारी रहेगी या नहीं? होम-बार की आड़ में उज्जैन, ओरछा, औंकारेश्वर जैसे पवित्र नगरों में भी शराबखोरी चलती रहेगी। हालांकि सरकार ने प्रत्यक्ष तौर पर कोई भी नई दुकान खोलने का निर्णय इस नीति में नहीं लिया है, परंतु पिछले दरवाजे से शराब बेचने की पगडंडियां खुली छोड़ दी गई है। देशी शराब की दुकान पर विदेशी और विदेशी शराब की दुकान पर देशी शराब बेची जाती रहेगी। फैसले से स्पष्ट होता है कि सरकार ने तकनीकी रूप से कानूनी झोल की सुविधा बरकरार रखकर यथास्थिति बनाए रखी है।

नई आबकारी नीति से सबसे ज्यादा फजीहत उमा भारती की हुई थी। ओरछा की जिस शराब की दुकान पर भारती ने गोबर फेंककर आक्रोश प्रकट किया था, वहां से भी दुकान बदली नहीं गई। अंत में भारती ने राजनीतिक चतुराई बरतते हुए रामराजा मंदिर मार्ग पर खुली दुकान का सारा दोश प्रशासन पर मढ़कर अपनी मुहिम को विराम दे दिया था। यह दुकान पहले नगर में अंदर की तरफ डेढ़ किमी दूर थी, किंतु तब कमाई कम होती थी, ठेकेदार को लाभ दिलाने के लिए जिला आबकारी विभाग ने यह दुकान मंदिर के प्रवेश द्वार पर खुलवा दी। इस दुकान के खोले जाने का विरोध ओरछा के नागरिकों, विद्यार्थी परिषद्, बजरंग दल के नेताओं ने संयुक्त रूप से किया था। लेकिन बात नहीं बनी। पूरी प्रदेश सरकार इस दुकान के आगे नतमस्तक हो गई थी। इस पराजय के बाद से उमा भारती ने शराबबंदी की मुहिम से पूरी तरह तौबा कर आंखें मूंद लीं।

शराबबंदी को लेकर अक्सर यह प्रश्न खड़ा किया जाता है कि इससे होने वाले राजस्व की भरपाई कैसे होगी और शराब तस्करी को कैसे रोकेंगे ? ये चुनौतियां अपनी जगह बाजिव हो सकती हैं, लेकिन शराब के दुष्प्रभावों पर जो अध्ययन किए गए हैं, उनसे पता चलता है कि उससे कहीं ज्यादा खर्च, इससे उपजने वाली बीमारियों और नशा-मुक्ति अभियानों पर हो जाता है। इसके अलावा पारिवारिक आर सामाजिक समस्याएं भी नए-नए रूपों में सुरसामुख बनी रहती हैं। घरेलू हिंसा से लेकर कई अपराधों और जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं की वजह भी शराब बनती है। यही कारण है कि शराब के विरुद्ध खासकर ग्रामीण परिवेश की महिलाएं मुखर आंदोलन चलातीं, समाचार माध्यमों में दिखाई देती हैं। इसीलिए माहात्मा गांधी ने शराब के सेवन को एक बड़ी सामाजिक बुराई माना था। उन्होंने स्वतंत्र भारत में संपूर्ण शराबबंदी लागू करने की पैरवी की थी। यंग इंडिया में गांधी ने लिखा था, अगर मैं केवल एक घंटे के लिए भारत का सर्वशक्तिमान शासक बन जाऊं तो पहला काम यह करूंगा कि शराब की सभी दुकानें, बिना कोई मुआबजा दिए तुरंत बंद करा दूंगा। बावजूद गांधी के इस देश में सभी राजनीतिक दल चुनाव में शराब बांटकर मतदाता को लुभाने का काम करते हैं। ऐसा दिशाहीन नेतृत्व देश का भविष्य बनाने वाली पीढ़ियों का ही भविष्य चौपट करने का काम कर रहा है। वर्तमान में तो पूरे प्रदेश में शराब के साथ-साथ स्मैक, चरस की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है।

सर्वोच्च न्यायालय ने शराब पर अंकुश लगाने की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्गों पर शराब की दुकानें खोलने पर रोक लगा दी थी। किंतु सभी दलों के राजनीतिक नेतृत्व ने चतुराई बरतते हुए नगर और महानगरों से जो नए वायपास बने हैं, उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी और पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों का इस श्रेणी से विलोपीकरण कर दिया। मध्य-प्रदेश में भी यही किया गया। साफ है, शराब की नीतियां शराब कारोबारियों के हित दृष्टिगत रखते हुए बनाई जा रही हैं। यह हित इसलिए साधे जा रहे हैं, क्योंकि ठेकेदारों के साथ राजनेता और अधिकारी भी इस गठबंधन के हिस्सेदार हो गए हैं।

## कोरा लिफाफा

कलेक्ट्रेट के मुख्य डाकघर का बरामदा भ्रष्टाचार की फाइलों की तरह जर्जर था जहाँ पचहत्तर साल के ओंकारनाथ जी हर सुबह ठीक दस बजे अपनी लाठी टेकते हुए आकर ऐसे बैठ जाते थे जैसे किसी सरकारी दफ़्तर में ईमानदारी गलती से आकर बैठ गई हो। उनके कांपते हाथों में खाकी रंग का एक कोरा लिफाफा और बिना गोंद लगा पाँच रुपये का एक नया डाक टिकट हमेशा रहता था जिसे वे अपनी हथेली पर इस तरह सहलाते थे जैसे कोई नेता चुनाव के बाद अपनी कुर्सी को सहलाता है। डाकघर का नया पोस्टमास्टर जब भी खिड़की से उन्हें धूप में बैठे देखता तो चाय का कुल्हड़ मेज पर रखते हुए हँसकर कहता कि बाबा जब इस लिफाफे पर न तो किसी का नाम पता लिखा है और न ही इस पर डाक टिकट चिपकाया है तो इसे रोज यहाँ लेकर क्यों चले आते हो क्या कोई बिना पते की चिट्ठी हवा में उड़कर जाएगी जैसे आज के दौर में नैतिकता बिना आधार कार्ड के स्वर्ग जाने की कोशिश करती है। ओंकारनाथ जी अपनी पुरानी ऐनक के शीशे को कुर्ते से पोंछते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि बेटा यह कोरा कागज केवल सादा कागज नहीं है बल्कि इस पूरे शहर की उस बहरी संवेदनशीलता का वो खाली पन्ना है जिस पर सच लिखने की हिम्मत किसी में नहीं बची है क्योंकि सच बोलना आजकल वैसा ही अपराध है जैसे किसी शादी में बिना लिफाफे के खाना खाना। दफ़्तर में आने वाले तमाम मुंशी और रजिस्ट्री कराने वाले लोग जो खुद को कानून का दामाद समझते थे उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बुढ़ापे में दादाजी की सुधबुध खो चुकी है जो एक सादे लिफाफे को अपनी जागीर समझकर पूरे डाक विभाग के सामने अपनी हाज़िरी लगाने आ जाते हैं बिल्कुल वैसे ही जैसे विपक्ष संसद में बिना तैयारी के चिल्लाने पहुँच जाता है। ओंकारनाथ जी किसी की बात का तनिक भी बुरा माने बिना उस टिकट को लिफाफे के कोने पर रखते और चुपचाप उस खिड़की को टकटकी लगाए देखते रहते थे जैसे कोई प्रेमी अपनी प्रेमिका के विवाह के कार्ड की प्रतीक्षा कर रहा हो।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 सितंबर 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:15 सूर्यास्त 18:33
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 12:31 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - अश्लेषा 15:14 उपरांत मघा
योग - शिव 21:52 उपरांत सिद्ध
करण - वणिज
चन्द्रमा - कर्क में है। 15:14 पर सिंह में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 26 तारिख

**मेष-** कार्यस्थल पर काम पूरा करने के लिए धैर्य और निरंतरता जरूरी होगी। कारोबार में स्थिरता रहेगी।

**वृषभ-** बड़े निवेश से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा और रुका धन मिलने की संभावना है।

**मिथुन-** पार्टनर के साथ समझ बढ़ेगी। परिवार से भावनात्मक सहयोग मिलेगा। सामान्य स्वास्थ्य रहेगा।

**कर्क-** कर्क राशि में चंद्रमा होने से काम के साथ घरेलू और भावनात्मक विषय भी महत्वपूर्ण रहेंगे।

**सिंह-** कारोबार में स्थिरता पर ध्यान दें। दूरगामी योजनाओं की समीक्षा करें।

**कन्या-** वित्तीय मामले आपके पक्ष में रहेंगे। उधारी चुकता करने में आसानी होगी।

**तुला-** परिवार और जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। पाचन तंत्र का ध्यान रखें और संतुलित भोजन करें।

**वृश्चिक-** काम का दबाव बढ़ सकता है। धैर्य और गोपनीयता बनाए रखें। अनावश्यक खरीदारी से बचें।

**धनु-** जोखिमभरे सौदों से बचें। पुराने भुगतान और लेनदेन व्यवस्थित करें।

**मकर-** काम की अधिकता रहेगी, लेकिन योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे तो स्थिति संभाल लेंगे।

**कुंभ-** बदलाव के अवसरों पर विचार कर सकते हैं। अपनी स्किल सुधारने पर ध्यान दें। आय और व्यय में संतुलन रहेगा।


**मीन-** तकनीकी क्षेत्र में काम करने वालों को नए अवसर मिल सकते हैं। पार्टनर के साथ खुलकर बात करने से आपसी समझ बढ़ेगी।

# किशोर में बढ़ती चिड़चिड़ाहट को न करें नजरअंदाज

किशोरावस्था में बच्चों के व्यवहार में बदलाव को कई बार सामान्य उम्र संबंधी परिवर्तन मान लिया जाता है। मूड बदलना, छोटी बात पर नाराज होना या पढ़ाई को लेकर दबाव महसूस करना इस उम्र में सामान्य हो सकता है, लेकिन यदि ये बदलाव लगातार बने रहें तो इनके पीछे मानसिक तनाव या एंग्जाइटी भी हो सकती है। ऐसे में माता-पिता के लिए बच्चे के व्यवहार और दिनचर्या पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है।

किशोर अपनी परेशानियों को हमेशा स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं कर पाते। कई बार वे यह समझ नहीं पाते कि उनके साथ क्या हो रहा है या अपनी भावनाओं के बारे में परिवार से बात करने में संकोच करते हैं। ऐसे में मानसिक दबाव उनके व्यवहार और रोजमर्रा की गतिविधियों में दिखाई दे सकता है। चिड़चिड़ापन, बेचैनी और बार-बार किसी बात को लेकर आश्वासन मांगना ऐसे संकेत हो सकते हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।

अगर बच्चा अचानक परिवार या दोस्तों से दूरी बनाने लगे, पहले पसंद आने वाली गतिविधियों में रुचि कम हो जाए या सामाजिक परिस्थितियों से बचने लगे, तो इसके कारण को समझना जरूरी है। इसी तरह स्कूल जाने या पढ़ाई करने में अचानक अनिच्छा दिखाई देना भी चिंता का




संकेत हो सकता है। पढ़ाई में गिरावट अकेले मानसिक समस्या का प्रमाण नहीं है, लेकिन अन्य बदलावों के साथ दिखाई देने पर इसे गंभीरता से लेना चाहिए। नींद में बदलाव भी महत्वपूर्ण संकेत माना जा सकता है। कुछ बच्चों को तनाव के दौरान सोने में परेशानी हो सकती है, जबकि कुछ सामान्य से अधिक सोने लगते हैं। नींद की समस्या लंबे समय तक बनी रहने पर बच्चे की एकाग्रता, ऊर्जा और पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। इसलिए नींद के पैटर्न में अचानक बदलाव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

मानसिक तनाव कई बार शारीरिक शिकायतों के रूप में भी सामने आ सकता है। बार-बार सिरदर्द, पेट दर्द या मितली जैसी परेशानियां बच्चे को महसूस हो सकती हैं। इन लक्षणों के पीछे शारीरिक कारण भी हो सकते हैं, इसलिए इन्हें केवल तनाव से जोड़ना सही नहीं होगा। लगातार शिकायत होने पर चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी है। किशोरों में तनाव बढ़ाने वाले कारण अलग-अलग हो सकते हैं। परीक्षा और पढ़ाई का दबाव, भविष्य को लेकर चिंता, दोस्तों के बीच स्वीकार्यता की इच्छा, परिवार में तनाव और बुलिंग जैसी परिस्थितियां बच्चे की मानसिक स्थिति को प्रभावित कर सकती हैं। हर बच्चे की परिस्थिति अलग होती है और एंग्जाइटी के पीछे हमेशा एक ही कारण नहीं होता। ऐसे समय में माता-पिता की प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण होती है। बच्चे को डांटने, उसकी परेशानी को छोटी बात बताने या दूसरे बच्चों से तुलना करने के बजाय उसकी बात शांतिपूर्वक सुननी चाहिए। बच्चे को यह भरोसा मिलना चाहिए कि वह अपनी समस्या बिना डर या झिझक के परिवार के साथ साझा कर सकता है।

तनाव या चिंता कभी-कभार महसूस होना असामान्य नहीं है। चिंता तब अधिक गंभीर चिंता का विषय बनती है जब वह लंबे समय तक बनी रहे और बच्चे की पढ़ाई, नींद, पारिवारिक संबंधों, सामाजिक गतिविधियों या दैनिक जीवन में बाधा डालने लगे। ऐसे बदलावों की अवधि और उनकी तीव्रता पर ध्यान देना जरूरी है।

**समसामयिक**

## जन -धन योजना की आर्थिक प्रगति की समीक्षा

प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाय) देश ही नहीं बल्कि विश्व के सभी देशों से सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल की गई- एक मिशाल योजना बन कर उभरी है। वित्तीय समावेश के उद्देश्य से बारह वर्ष पूर्व 28 अगस्त, 2014 को इस योजना की शुरूआत की गई थी। योजना गरीबों को आर्थिक मुख्य धारा में लाने के विकास की महत्ती भूमिका में अग्रसर हुई। इस योजना का मुख्य लाभ यह है, कि जो अधिकांश गरीबों को बैंकिंग की व्यवस्था से दूरी थी, वह बिल्कुल खत्म इसलिए हो गई, कि बिना किसी राशि के खाते खुलवाने की सुविधा प्रदान की गई। इन खातों के खुलने से सरकारी योजनाओं की राशि सीधे खातों में पहुंची और डिजिटल भुगतान का भी अहम जरिया बना।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

जब यह योजना शुरू की गई थी, तब ऐसे सवाल उठे थे, कि आखिर जनधन खातों में पैसा कहाँ से आएगा? आँकड़े बता रहें है कि 31 मार्च, 2015 तक योजना के तहत तक 14.72 करोड़ खाते खोले गए थे, जिनकी संख्या 30 अगस्त, 2024 तक 53 करोड़ हो चुकी है। इस समय तक इन खातों में सिर्फ 15,670 करोड़ रू. जमा थे, इस वर्ष 28 अगस्त 2024 तक 2.3 लाख करोड़ रू. जमा हो गए। मार्च, 2015 में प्रति खाता औसत शेष 1,065 रू. था। अब यह बढ़कर 4,325 रू. का हो गया है। अभी इस योजना की प्रगति यह है, कि 29 अगस्त 2026 में 59.09 करोड़ खाता खुल गए ।वही 45.95 करोड़ खाते ग्रामीण और अर्ध शहरी इलाकों में खुले हुए हैं। इन खातों में 32.92 करोड़ खाताधारी महिलाएं हैं। यूं देखे तो खाताधारियों में लगभग हर पांच में से चार (80 परसेंट) खाते ग्रामीण और अर्ध शहरी शाखाओं में है। यह आंकड़े औपचारिक बैंकिंग के उल्लेखनीय विस्तार को दशार्ते हैं। इनमें एक बड़ा हिस्सा सरकारी बैंक संभाले हुए हैं। इस योजना के खातों में जमा राशि भी लगातार बढ़ रही है। मार्च, 2015 में इन खातों में 15,670 करोड रुपए जमा थे, जो 26 अगस्त, 2026 तक बढ़कर 3.16 लाख करोड़ हो गई। यानी इस अवधि में कुल जमा राशि 20 गुना से ज्यादा बड़ी है। वही 29 अगस्त 2026 तक 59 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खुल गए हैं।इससे यह स्पष्ट है , कि यह योजना अंतिम छोर पर खड़े वंचित लोगों तक पहुंची है। योजना में खाता धारकों को डिजिटल भुगतान के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है। खातों के संचालन के लिए डेबिट कार्ड जारी किए गए , उसमें 16 अगस्त 2024 तक कुल 53 करोड़ खाताधारियों में से 33.98 करोड़ से अधिक खाताधारियों को रुपएं डेबिट कार्ड जारी किए जा चुके है। इसके अलावा 10,000 रू. तक का ओवर ड्राफ्ट, दो लाख ? का दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएँ भी मिलती है। इसमें महत्वपूर्ण यह है, कि खाता जीरो बैलेंस खाता है। मतलब यह इस खाते में न्यूनतम राशि रखने की आवश्यकता नहीं होती है। अन्य बैंक बचत खाते में न्यूनतम बैलेंस नहीं रखे जाने पर अब भी कई बैंक खाताधारकों से जुर्माना वसूल रहे है। आरबीआई ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में न्यूनतम बैलेंस कम होने पर बैंकों ने खाता धारकों से 18,000 करोड़? की वसूली की। वैसे आरबीआई के आदेश बैंक खाते में न्यूनतम निर्धारित बैलेंस नहीं होने पर कुछ शुल्क लेते थे, वहीं दूसरी और एसबीआई ने ऐसा शुल्क लेना बंद कर दिया है। देखा जाय तो देशभर में इस प्रकार के 70 करोड़ खाते है, जो जनधन योजना से अधिक है। जुर्माना वसूल करने वाले बैंक से लोग हटते हुए देखे जा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्बोधन में जनधन योजना के बारे में जनता को कई अपने मन की बाते बताई है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने कारण वे एक रूपया भी नहीं बचा पाते थे, जिसके चलते उनका बैंक खाते में कई सालों तक एक रूपया भी नहीं रहा था।

**धर्म-आस्था**

## लाल बत्ती तोड़कर हम सिर्फ नियम नहीं तोड़ते, किसी की जिंदगी से खिलवाड़ करते हैं

हम मंदिर में जाते हैं, भगवान के सामने सिर झुकाते हैं, पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं, दान देते हैं और प्रार्थना करते हैं कि हमारे परिवार पर ईश्वर की कृपा बनी रहे। लेकिन मंदिर से बाहर निकलते ही क्या हमारी आस्था हमारे व्यवहार में दिखाई देती है? यह सवाल खासकर तब पूछना चाहिए, जब हम वाहन लेकर सड़क पर निकलते हैं।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

लाल बत्ती पर रुकना है, तो हम रुकते नहीं। तेज गति से वाहन नहीं चलाना है, तो हमें जल्दी होती है। गलत दिशा में वाहन नहीं चलाना है, फिर भी रास्ता छोटा करने के लिए नियम तोड़ देते हैं। हेलमेट पहनना जरूरी है, लेकिन गर्मी और असुविधा का बहाना बना लेते हैं। वाहन चलाते समय मदिरा का सेवन नहीं करना है, फिर भी कुछ लोग इसे अपनी निजी आजादी मानते हैं। हम इन कामों को अक्सर केवल यातायात नियमों का उल्लंघन कहते हैं। लेकिन क्या यह सिर्फ नियमों का उल्लंघन है? धर्म की दृष्टि से विचार करें तो इसका उत्तर कहीं अधिक गंभीर है।

पाप का मूल अर्थ केवल चोरी, झूठ या हत्या तक सीमित नहीं है। किसी दूसरे जीव को जानबूझकर कष्ट देना, उसके जीवन को संकट में डालना और अपने स्वार्थ के लिए उसकी सुरक्षा की अनदेखी करना भी अधर्म की श्रेणी में आता है। सड़क पर हमारा एक गलत निर्णय किसी अनजान व्यक्ति के जीवन की दिशा बदल सकता है। दुर्घटना में केवल एक व्यक्ति घायल नहीं होता। उसके साथ पूरा परिवार घायल होता है। किसी मां की गोद सूनी हो सकती है, किसी बच्चे के सिर से पिता का साया उठ सकता है, किसी पत्नी का जीवन अकेलेपन में बदल सकता है और किसी परिवार की आर्थिक नींव हमेशा के लिए हिल सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया में हर वर्ष लगभग 12 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं। करोड़ों लोग घायल होते हैं। यह केवल आंकड़ा नहीं है। हर संख्या के पीछे एक चेहरा है, एक परिवार है, सपने हैं और किसी के लौटने की प्रतीक्षा करती आंखें हैं।

हम हत्या को महापाप कहते हैं, क्योंकि उसमें किसी व्यक्ति का जीवन जानबूझकर समाप्त किया जाता है। लेकिन यदि कोई व्यक्ति अत्यधिक गति से वाहन चलाता है, लाल बत्ती तोड़ता है या नशे में वाहन चलाकर सड़क पर निकलता है, तो क्या वह अपने साथ-साथ दूसरों के जीवन को जानबूझकर जोखिम में नहीं डाल रहा? दुर्घटना की इच्छा भले न हो, लेकिन खतरे को जानते हुए भी लापरवाही करना निश्चित रूप से गंभीर नैतिक प्रश्न खड़ा करता है।

भारतीय धर्म परंपरा ने सदियों से संयम को जीवन का आधार माना है। गीता में श्रीकृष्ण ने मनुष्य को इंद्रियों और मन पर नियंत्रण रखने का संदेश दिया। क्रोध, अहंकार और उतावलेपन को नियंत्रित करना ही आत्मसंयम है। फिर वाहन चलाते समय कुछ मिनट बचाने के लिए अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालना किस प्रकार का संयम है?

सड़क पर सबसे खतरनाक वाक्य शायद यही है- मुझे कुछ नहीं होगा। यही अति-आत्मविश्वास कई बार दुर्घटना का कारण बनता है। व्यक्ति सोचता है कि वह वाहन पर पूरा नियंत्रण रखता है, सड़क खाली है, सामने कोई नहीं है और वह कुछ ही मिनट में पहुंच जाएगा। लेकिन सड़क पर केवल उसकी इच्छा नहीं चलती। वहां बच्चे हैं, बुजुर्ग हैं, पैदल चलने वाले हैं, दोपहिया वाहन चालक हैं और दूसरे वाहन हैं। हर व्यक्ति अपने जीवन के साथ सड़क पर मौजूद है।

हम अपने लिए सुरक्षा चाहते हैं। चाहते हैं कि दूसरा चालक नियमों का पालन करे, लाल बत्ती पर रुके, धीरे वाहन चलाए और हमें सुरक्षित रास्ता दे। लेकिन जब अपनी बारी आती है, तो हम वही नियम अपने लिए वैकल्पिक मान लेते हैं। यही दोहरा आचरण समाज की सबसे बड़ी समस्या है।

धर्म हमें केवल यह नहीं बताता कि मंदिर में क्या करना है। धर्म यह भी बताता है कि समाज में कैसे जीना है। यदि किसी वृद्ध को सड़क पार करनी हो और हम वाहन रोककर उसे रास्ता देते हैं, तो यह भी सेवा है। यदि कोई बच्चा सड़क के किनारे खड़ा हो और हम गति कम कर दें, तो यह भी करुणा है। यदि लाल बत्ती पर धैर्यपूर्वक रुकते हैं, तो यह भी आत्मसंयम है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1899-3112, काबली- 4010-8331, बटला- 1800, बड़ा- 5261-5550, सोयाबीन- 2593-6071, धनिया- 12950-14700, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,000 रवा- 1,50,700 चांदी- टंच- 2,36,600 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## सौराष्ट्रीय अनुसूचित जाति मोर्चा सदस्य मनोनीत



**शाजापुर।** मध्य प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार द्वारा प्रदेश कार्य समिति की घोषणा की गई। इस कार्य समिति में चन्दरसिंह सौराष्ट्रीय को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। सौराष्ट्रीय के सदस्य मनोनीत होने पर सभी कार्यकर्ता एवं इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**शाजापुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे बुजुर्ग की मौत हो गई जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 12 बजे आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग रोजवास टोल प्लाजा के पास पैदल जा रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नही हो सकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पिंदोनिया में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी महोत्सव



**शाजापुर।** ग्राम पिंदोनिया में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को गायत्री पब्लिक स्कूल पिंदोनिया में विद्यार्थी राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में नजर आए। बच्चों ने सुंदर नृत्य, भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों को जीवंत कर दिया। नन्हे कान्हाओं और राधा रानियों की मनमोहक झांकियों ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर में राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य दिनेश केलकर, सहायक प्राचार्य मोनिका बोयल, खुशबू परिहार, सलोनी राठौड़, अर्चना यादव, खुशबू शर्मा, आरती मेनिया सहित विद्यालय की शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। और उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, सत्य, कर्म, सद्भाव एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

## स्वास्थ्य जांच में किया सहयोग, संतुलित आहार के प्रति किया जागरूक



**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का समापन सोमवार को वार्ड क्रमांक 13 स्थित दीपछाया कॉलोनी के आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों के साथ हुआ। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों एवं हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण में सहयोग किया। उन्होंने वजन, ऊंचाई और रक्तचाप की जांच के साथ संतुलित व पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी ली। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर मंजू दांगी ने पोषण सप्ताह के उद्देश्य, संतुलित आहार और पोषक तत्वों की कमी से होने वाली समस्याओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में संतुलित आहार अपनाने और कुपोषण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

### मंडी क्षेत्र में निकली शाही सवारी, इंदौर सहित अन्य शहरों से आए कलाकारों ने बनाई आकर्षक झांकी

# भगोरिया नृत्य और भूतों की टोली ने जमाया महाकाल की राजसी सवारी में रंग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



शहर के मंडी क्षेत्र में भूतभावन भगवान महाकाल जब नगर में भ्रमण पर राजसी सवारी के रूप में निकले तो उनकी अगवानी में भक्त उमड पडे। सोमवार की शाम को शुरू हुई राजसी सवारी का क्रम देर रात तक चलता रहा। हालांकि सोमवार की शाम को शुरू हुई बारिश के चलते सवारी मार्ग पर बनाए गए पांडाल गिले होने से व्यवस्थाएं प्रभावित हुई लेकिन भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं रही। इस राजसी सवारी मेंअखाडों के पहलवानों ने जहां हेरत अंगेज करतब दिखाए वहीं शोभायात्रा में आकर्षक भजनों की प्रस्तुती दी। इस शौभायात्रा के दौरान इंदौर सहित अन्य शहरों से आए कलाकारों द्वारा बनाई गई मनोहरी झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। भूतों की टोली और विभिन्न रूपों में सजकर आए कलाकारों ने इस आयोजन में रंग जमा दिया। उधर झाबुआ के प्रसिद्ध भगोरिया नृत्य ने भी लोगों को मोहित किया। इस यात्रा में लगभग 30 विभिन्न झांकियां सजाई गई, जिसमें 12 ज्योर्तिलिंग, महाकाली, ओगड़ नृत्य के अलावा अन्य आकर्षण के केन्द्र रहे। इस आयोजन में जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी भी शामिल हुए।

महाकाल शोभा यात्रा समिति के तत्वाधान में खेड़ापति महादेव की शोभा यात्रा को उदासी बाबा की कुटियां का त्रिशूल भूतभावन को अर्पित करते हुए पूजा के साथ प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में विराजे भगवान महादेव का स्वागत स्थान-स्थान पर भक्तों द्वारा भक्ति भाव से किया गया। यात्रा श्रीराम मंदिर, शंकर पार्वती, रोकडिया हनुमान तथा जैन मंदिर होते हुए गुजरी। शोभायात्रा में झंडा समितियों के सदस्य भजनों की धुन व ढोलक की थाप पर थिरकते रहे। अखाड़ों के पहलवानों ने भी हैरतअंगेज प्रदर्शन दिखाते हुए शोभायात्रा में शामिल भक्तों का भरपूर मनोरंजन किया।

नगर में निकली शोभायात्रा में ढोल नगाडों की थाप एवं बाबा भोले के भजनों की प्रस्तुति के बीच युवाओं ने जमकर नृत्य किया। इस शोभायात्रा के दौरान बडी संख्या में जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। नगर में यात्रा मार्ग पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। लोहिया मार्ग, रोकडिया हनुमान मंदिर, महात्मा गांधी मार्ग सहित अन्य कई स्थानों पर सामाजिक व व्यापारिक संगठनों ने अल्पाहार की स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को अल्पाहर भेट किए। शोभायात्रा के दौरान व्यवस्था बनाने के लिए नगर सहित आसपास के थानों का बल भी तैनात रहा।

### मातृशक्तियों ने किया शस्त्र प्रदर्शन

बाबा महाकाल की शोभा यात्रा के दौरान जहां कई तरह की झांकियां थी जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही वही मातृशक्तियों ने शास्त्रों से हेरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया था, जिसे देख उपस्थित जन अपने दांतों तले उंगलियां दबा बैठे। शुजालपुर के फ्रिगंज क्षेत्र की छोरियां टाउनशीप की बालिकाओं ने भी शानदार अखाड़ो का प्रदर्शन किया। उधर इंदौर से आए कलाकरों की झांकी के अलावा, चलित झांकी व भगवान शिव के समक्ष हनुमान जी का सजीव मंचन ने भी लोगों को रोमांचित किया।




## यूसीसी के विरोध में एआईएमआईएम का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता यूसीसी लागू करने की सुगबुगाहट के बीच एआईएमआईएम ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूसीसी के विरोध में निकाली जा रही पार्टी की 15 दिवसीय पदयात्रा सोमवार को अपने आठवें दिन शाजापुर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान मोहन यादव सरकार से यूसीसी लागू करने की घोषणा को तुरंत वापस लेने की मांग की गई। पदयात्रा के शहर में प्रवेश करते ही स्थानीय सियासी पारा अचानक चढ़ गया। प्रदर्शन के दौरान एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान ने कहा, हमने मोहन सरकार से इस कानून को वापस लेने की पुरजोर अपील की है। समान नागरिक संहिता संविधान के अनुच्छेद 25, 26 और 29 का सीधा उल्लंघन करती है। यह देश के हर नागरिक को अपने धर्म के पालन की जो स्वतंत्रता मिली है, उसका हनन है और संविधान के मूल ढांचे पर सीधा हमला है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस दिशा में कदम वापस नहीं लिए, तो उनका यह लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर शाजापुर शहर प्रभारी सैयद अफसर अली, आरिफ पठान, रियाज खान कालापीपल, एडवोकेट जुनैदुल्लाह जबलपुर, इमरान हुसैन बुरहानपुर, शाजापुर प्रभारी शहजाद कुरैशी, रिजवान, सिकंदर खान, जहीर खान, फरहान शाह, सोनू लाला, मोहसिन खान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय हैंडबॉल स्पर्धा में शुजालपुर की छह बालिकाओं का चयन, कुक्षी में दिखाएँगी जौहर



**शुजालपुर।** खेल प्रतिभाओं से समृद्ध शुजालपुर की छह बालिका खिलाड़ियों का चयन 70वीं राज्य स्तरीय एसजीएफ आई मिनी बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए उज्जैन संभाग की टीम में हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 11 सितंबर तक कुक्षी में किया जा रहा है। चयनित खिलाड़ियों में माधवी पंवार, आरोही रायकवार, अनुष्का जाट, वैदिका इंदौलिया, रिया मालवीय और वंशिका सिसोदिया शामिल हैं। सभी खिलाड़ी उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय स्पर्धा में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी छह खिलाड़ी अपने कोच धीरेन्द्र देशमुख के साथ 6 सितंबर को कुक्षी के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों के चयन से क्षेत्र के खेल प्रेमियों और परिजनों में उत्साह है। स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### देवास में दिल्ली हादसे के छात्र का अंतिम संस्कार

# मां टूट गई, बहन भाई को आखिरी बार रोकने दौड़ी, पिता ने नम आंखों से दिया कंधा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को इमारत गिरने के हादसे में जान गंवाने वाले देवास के अर्पित जाज का शव मंगलवार सुबह घर पहुंचा।

माता-पिता एंबुलेंस से बेटे का शव लेकर जय बजरंग नगर स्थित घर पहुंचे। शव उतरते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां बेसुध हो गईं, जबकि बहन भी भाई की मौत का सदमा सहन नहीं कर सकी।

हादसे में उसकी एक आंख क्षतिग्रस्त हो गई थी, जबकि दूसरी सुरक्षित थी। परिवार ने तुरंत नेत्रदान का फैसला लिया, ताकि उसकी आंख किसी दूसरे के काम आ सके। पिता ने हादसे की निष्पक्ष जांच और जर्जर इमारतों की जांच की मांग की। उन्होंने प्रशासन से बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की अपील की। अर्पित कैलादेवी क्षेत्र के पास जय बजरंग नगर का रहने वाला था और दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहा था। हादसे के बाद रविवार रात से ही उसका परिजनों से संपर्क नहीं हो पा रहा था। जानकारी मिलने के बाद परिजन दिल्ली पहुंचे और अस्पतालों से लेकर घटनास्थल तक उसकी तलाश की।

अंतिम बार भाई का चेहरा देखने के बाद बहन फूट-फूटकर रोने लगी। अंतिम यात्रा के लिए शव ले जाने लगा तो वह उसे रोकने के लिए दौड़ पड़ी। परिजनों ने किसी तरह उसे संभाला। अर्पित के पिता भूपेंद्र ने बेटे को कंधा दिया तो वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

अर्पित की अंतिम विदाई बेहद भावुक रही। इकलौते बेटे को अंतिम विदाई देते समय माता-पिता और परिजनों की आंखें नम हो गईं। जिस बेटे से परिवार को भविष्य की उम्मीदें थीं, उसे खोने के गम में पूरा परिवार टूट गया। नम आंखों और भारी मन से परिजनों ने अर्पित का अंतिम संस्कार किया।

### चचेरी बहन भी सदमे में हुई बेसुध

इसी दौरान अर्पित की एक चचेरी बहन भी सदमे में बेसुध होकर गिर पड़ी। परिजन लगातार मां और बहन को संभालते रहे। मां बेटे की मौत से टूट गईं, जबकि बहन बार-बार भाई को याद कर रोती रही। आसपास के लोग भी परिवार को ढांढस बंधाते नजर आए।

### तंत्र-मंत्र के नाम पर महिला के साथ ठगी

# 3 लाख के जेवर लेकर भागे आरोपी को राजस्थान से दबोचा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी करने वाली गैंग का पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपियों ने एक महिला से करीब 3 लाख रुपए के सोने के जेवर ठग लिए। पुलिस ने दो आरोपियों के गिरफ्तार किया है।

इन्होंने घर की बाधा दूर करने का झांसा देकर महिला से पहले 2,100 रुपए लिए। फिर सोने के जेवर लेकर उन्हें लाल कपड़े की पोटली में बांध दिया। अगले दिन पोटली खोलने पर जेवर गायब मिले।

पुलिस के मुताबिक, त्रिलोक नगर निवासी गीता प्रजापत ने 30 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपियों ने उन्हें बताया था कि उनके घर में बाधा है और तांत्रिक क्रिया से इसे दूर किया जा सकता है। इसके बाद आरोपियों ने महिला के घर पहुंचकर सोने के जेवर तांत्रिक क्रिया के नाम पर ले लिए। उन्हें अगले दिन वापस करने की बात कही गई। आरोपियों ने गीता को मिश्रीलाल नगर बुलाया। वहां कथित तांत्रिक क्रिया करने के बाद लाल कपड़े की पोटली उन्हें सौंप दी। घर पहुंचकर पोटली खोली तो उसमें जेवर नहीं थे। महिला आरोपियों को तलाशते हुए वापस पहुंचीं, लेकिन वहां ताला लगा मिला।

एसपी पुनीत गेहलोद ने सोमवार को प्रेस वार्ता में मामले की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में प्रकरण दर्ज किया है।

### दोनों आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

फिर पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में केस दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की। 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले गए। पुलिस ने प्रदीप पिता चंपालाल जोशी (36), निवासी पिपाड़ शहर और विनोद कुमार पिता कैलाशचंद्र जोशी (42) को गिरफ्तार किया। आरोपियों से महिला से ठगे गए सोने के जेवर बरामद कर लिए गए हैं। इनमें एक जोड़ी टॉप्स, एक जोड़ी झुमकी, बड़ा मंगलसूत्र पेंडल, दो छोटे मंगलसूत्र पेंडल और 18 मोती शामिल हैं।

### फसल बीमा न मिलने से भड़के किसान

## बीमा कंपनी की निकाली शव यात्रा, 15 सितंबर को उग्र चक्का जाम की दी चेतावनी



**शाजापुर।** पिछले 15 महीनों से अपने हक की बीमा राशि का इंतजार कर रहे और वर्तमान सोयाबीन फसल की बर्बादी झेल रहे किसानों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों का भारी आक्रोश सड़कों पर उतर आया। किसानों ने प्रशासन और बीमा कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए न केवल जमकर नारेबाजी की, बल्कि बीमा कंपनी की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालकर उसका पुतला दहन भी किया। संघ ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी लंबित बीमा दावा राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो आगामी 15 सितंबर को जिले भर में उग्र चक्का जाम किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी। भारतीय किसान संघ तहसील शाजापुर के तत्वावधान में आयोजित विरोध प्रदर्शन की शुरूआत स्थानीय टंकी चौराहे से हुई। यहां बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। बीमा कंपनी चोर है, बीमा कंपनी भ्रष्ट है और बीमा कंपनी मुर्दाबाद के नारों के बीच किसानों ने बीमा कंपनी की अर्थी उठाई। यह शव यात्रा शहर से होते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां किसानों ने अर्थी को रोककर सरकार और बीमा कंपनी की किसान विरोधी नीतियों का कड़ा विरोध दर्ज कराया।

## सागर शराब कांड के बाद शुजालपुर में आबकारी गोदाम की जांच

### पुलिस ने सिटी में दो स्थानों पर पकड़ी अवैध शराब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

सागर जिले में जहरीली व मिलावटी शराब से हुई मौतों के बाद शुजालपुर प्रशासन ने शराब की गुणवत्ता और अवैध बिक्री को लेकर निगरानी बढ़ा दी है। सोमवार को एसडीएम अंकिता पाटकर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी आबकारी गोदाम का निरीक्षण कर शराब के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया।

तहसीलदार मुकेश सांवले, राजस्व निरीक्षक राजकुमार मंडल और पटवारी रिक्की छाबड़ा के साथ टीम ने गोदाम में उपलब्ध शराब का रजिस्टर में दर्ज स्टॉक से मिलान किया। साथ ही बाहरी राज्यों से आने वाली प्रतिबंधित शराब और सागर में चर्चा में आए बॉम्बे ब्रांड की शराब की उपलब्धता की भी जानकारी ली। अधिकारियों ने आबकारी अमले को शराब की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखने तथा अवैध, मिलावटी या प्रतिबंधित शराब की बिक्री नहीं होने देने के निर्देश दिए। तहसीलदार सांवले ने बताया कि जांच के दौरान शुजालपुर क्षेत्र में ऐसी शराब की बिक्री का मामला सामने नहीं आया है।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी पकड़े

शुजालपुर सिटी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 36 क्वार्टर देशी सफेद प्लेन शराब, जिसकी कीमत करीब 3240 रुपए हैए बरामद कर जब्त की गई। पुलिस के अनुसार सोमवार को जेल रोड़ काकड़ क्षेत्र से किशोर केवट निवासी जेल रोड कांकड शुजालपुर सिटी को पकड़ा, जिसके पास से 18 क्वार्टर देशी शराब कीमत 1620 रुपए बरामद हुए। इसी तरह दूसरी कार्रवाई में रायपुर जोड़ टांड क्षेत्र से एक व्यक्ति को सफेद झोले में शराब ले जाते पकड़ा गया।

### भादो के दूसरे सोमवार को निकली शाही सवारी

# नलखेड़ा में गुप्तेश्वर महादेव ने किया नगर भ्रमण, झांकियों का किया स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नलखेड़ा



भादो महीने के दूसरे सोमवार को प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव की शाही सवारी धूमधाम से निकाली गई। फूलों से सजी पालकी में भगवान भोलेनाथ को दूल्हे के रूप में बैठाकर नगर भ्रमण कराया गया। दोपहर 3 बजे मंदिर से शुरू हुई इस सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बैंड, ढोल और डीजे पर बज रहे शिव भजनों पर भक्त नाचते-गाते दिखे।

शाही सवारी में गुरुकुल कॉन्वेंट, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, यूनिक पब्लिक स्कूल और कक्का इंटरनेशनल स्कूल सहित कई स्कूलों की धार्मिक और पौराणिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान शिव-पार्वती, भूतों की बारात, खाटू श्यामजी और विशाल नंदी पर सवार माता पार्वती की झांकियां श्रद्धालुओं को बहुत पसंद आईं। कलाकार देवी-देवताओं का रूप धारण कर सवारी में शामिल हुए।

शाही सवारी मां बगलामुखी मंदिर पहुंची, जहां भगवान गुप्तेश्वर महादेव का नियमों के अनुसार स्वागत किया गया। लखुंदर नदी के जल से जलाभिषेक, पूजा और महाआरती की गई। इसके बाद सवारी फिर से नगर भ्रमण करते हुए गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां महाआरती के बाद प्रसाद बांटा गया। पूरे सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही और नलखेड़ा का माहौल शिवभक्ति में डूबा रहा।

### ये किया शाही सवारी का स्वागत

सवारी का किला रोड, गोविंदपुरा, अशोक मार्ग, चौक बाजार, गणेश चौराहा, शिवाजी चौराहा और मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर कई सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों ने स्वागत किया। 20 से ज्यादा जगहों पर फूल बरसाए गए और फलाहारी खिचड़ी, खीर, पोहा व फल बांटे गए।

# पर्यावरण संरक्षण की सार्थक पहल, मिट्टी के गणेश बनाकर दिया इको-फ्रेंडली उत्सव का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

आगामी गणेश उत्सव को आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के संकल्प से जोड़ने की अनूठी पहल शहर में शुरू हो गई है। बढ़ते जल प्रदूषण को रोकने और इको-फ्रेंडली त्योहार मनाने का संदेश देते हुए सोमवार को एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें मिट्टी से भगवान श्री गणेश की मनमोहक प्रतिमाएं आकार देकर समाज को प्रकृति प्रेम की एक नई दिशा दिखाई गई। यह आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में स्थानीय बीएसएनएल कॉलेज में गणेश माटी कार्यक्रम के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शीतल पाटीदार ने अपने हाथों से मिट्टी से भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाएं गढ़ीं। साथ ही, उन्होंने वहां मौजूद विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिकों को प्राकृतिक एवं पूरी तरह से पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा बनाने की आसान विधि भी सिखाई।

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के अशासकीय सदस्य विनोद मोहने विशेष रूप से इंदौर से शामिल हुए। उन्होंने युवाओं और संस्था द्वारा मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की इस रचनात्मक पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मोहने ने कहा कि वर्तमान समय की मांग को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए इस प्रकार के जागरूकता आयोजनों का होना अत्यंत आवश्यक है।



### जल स्त्रोतों को बचाने का आह्वान

प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण देते हुए शीतल पाटीदार ने बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस या रासायनिक रंगों से बनी मूर्तियों के बजाय, मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद पानी में प्राकृतिक रूप से आसानी से घुल जाती है। इससे हमारे नदी, तालाब और अन्य जल स्त्रोतों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील की कि वे इस बार गणेश उत्सव में केवल मिट्टी की प्रतिमाएं ही स्थापित करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना बहुमूल्य योगदान दें। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बसंत रावत, समिति के विभिन्न सदस्य, बीएसएनएल कॉलेज का स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का मुख्य उद्देश्य मिट्टी के गणेश पर्यावरण के रक्षक के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विहान गुप्ता पिता श्री विकास गुप्ता निवासी महाश्वेता नगर, उज्जैन की एकमात्र मालिकी, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम उज्जैनिया तह. घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) स्थित सर्वे नं. 1227/2 रकबा 0.40 हे (दो बीघा) है, उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा तय किया होकर उक्त भूमि की कीमत पेटे आंशिक राशि भू-स्वामी को अदा कर सौदा चिट्ठी/अनुबंध लेख भी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित करवा लिया गया है।

उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय या किसी बैंकिंग संस्था या किसी व्यक्ति विशेष का कोई लेन-देन, भार, बोझ बकाया या कोई पारिवारिक संबंधित विवाद हो या कोई रास्ते अथवा सीमा का विवाद हो तो वह जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद उक्त भूमि की कीमत की बकाया शेष राशि का भुगतान उक्त भू-स्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा अदा कर उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में अथवा मेरे पक्षकार द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य व्यक्ति के हित में निष्पादित करवा लिया जावेगा, बाद मियाद उक्त भूमि के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति इस जाहिर सूचना के समक्ष शून्य मानी जावेगी। सो सूचित हो।

उज्जैन, दिनांकः 08/09/2026

**वर्षा प्रतीक मगरे (सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय-सी.एफ.-5, भरतपुर काम्प्लेक्स, उज्जैन (म.प्र)**
**मो. नं. 81099 57096, 93295 70707**

# उज्जैन-नागदा फोरलेन का न टेंडर, न एग्रीमेंट, फिर विभागीय पोर्टल पर कार्य पूर्ण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन-नागदा मार्ग को लेकर लोक निर्माण विभाग और एमपीआरडीसी के रिकॉर्ड में दर्ज जानकारी ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दावा किया जा रहा है कि उज्जैन से नागदा तक टू-लेन सड़क को फोरलेन में बदलने का काम विभागीय दस्तावेज में 'कार्य पूर्ण' दर्शाया गया है, जबकि जमीनी स्थिति में इस मार्ग के फोरलेन निर्माण का टेंडर और एग्रीमेंट तक नहीं होने की बात सामने आ रही है।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि संबंधित सड़क के फोरलेन निर्माण के लिए अभी टेंडर प्रक्रिया और अनुबंध ही नहीं हुआ है तो फिर विभागीय स्तर पर इसे निर्माण पूर्ण कैसे दर्शा दिया गया? मामला सामने आने के बाद विभागीय कार्यप्रणाली और रिकॉर्ड तैयार करने की प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं।

**फेसबुक पेज पर भी जानकारी प्रसारित-** बताया जा रहा है कि यही जानकारी लोक निर्माण विभाग के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर भी प्रसारित की गई, जिसमें उज्जैन-नागदा फोरलेन निर्माण कार्य को पूर्ण बताया गया। यदि यह जानकारी वास्तव में विभाग के आधिकारिक माध्यम से जारी हुई है तो यह सामान्य त्रुटि से कहीं अधिक गंभीर विषय है, क्योंकि सरकारी परियोजनाओं से संबंधित जानकारी के आधार पर शासन और आमजन विकास कार्यों की स्थिति का आकलन करते हैं।

एक ही दस्तावेज में कई परियोजनाओं की स्थिति विभागीय जानकारी में उज्जैन-इंदौर मार्ग का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण बताया गया है, जबकि इंदौर आउटर रिंग रोड को निर्माणाधीन बताया गया है। वहीं उज्जैन को जावरा-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने की दिशा में कार्य जारी होने तथा उज्जैन सिंहस्थ बायपास और हरिफाटक ब्रिज के चौड़ीकरण जैसे कार्यों का भी उल्लेख किया गया है। ऐसे में उज्जैन-नागदा मार्ग को फोरलेन के रूप में 'कार्य पूर्ण' दर्शाया जाना कई सवाल खड़े करता है। मुख्यमंत्री के काफिले के गुजरने के बावजूद किसी की नजर नहीं पड़ी? मामले को इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है क्योंकि इसी सप्ताह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए उन्हेल पहुंचे थे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों का काफिला भी इसी मार्ग से गुजरा। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जिस सड़क को विभागीय रिकॉर्ड में फोरलेन निर्माण पूर्ण बताया जा रहा है, उसकी वास्तविक स्थिति पर किसी अधिकारी की नजर क्यों नहीं पड़ी?

**सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यों पर भी उठेंगे सवाल-** उज्जैन में सिंहस्थ 2028 को लेकर बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं। ऐसे में किसी महत्वपूर्ण सड़क की स्थिति के संबंध में सरकारी रिकॉर्ड में गलत अथवा भ्रामक जानकारी दर्ज होना गंभीर विषय है। यदि यह महज तकनीकी या मानवीय त्रुटि है तो जिम्मेदार अधिकारी इसकी स्पष्टता सार्वजनिक करें और रिकॉर्ड दुरुस्त किया जाए। यदि जानबूझकर गलत जानकारी दर्ज की गई है तो इसकी जिम्मेदारी तय होना आवश्यक है।

**सरकार से उच्चस्तरीय जांच की मांग-** पूरे मामले में मुख्यमंत्री से लेकर संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तक से जांच की मांग की जा रही है। यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि उज्जैन-नागदा फोरलेन परियोजना की वर्तमान वास्तविक स्थिति क्या है, उसका टेंडर कब जारी हुआ, एग्रीमेंट कब हुआ और यदि ऐसा कोई कार्यादेश नहीं है तो सरकारी दस्तावेज में कार्य पूर्ण किस आधार पर दर्शाया गया। साथ ही विभागीय पोर्टल एवं आधिकारिक सोशल मीडिया पर जानकारी अपलोड करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी ।

## प्रदेश सरकार की किरकिरी करा रहे अधिकारी

**उज्जैन।** उज्जैन-नागदा मार्ग को लेकर लोक निर्माण विभाग और एमपीआरडीसी के रिकॉर्ड में दर्ज जानकारी ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दावा किया जा रहा है कि उज्जैन से नागदा तक टू-लेन सड़क को फोरलेन में बदलने का काम विभागीय दस्तावेज में 'कार्य पूर्ण' दर्शाया गया है, जबकि जमीनी स्थिति में इस मार्ग के फोरलेन निर्माण का टेंडर और एग्रीमेंट तक नहीं होने की बात सामने आ रही है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि संबंधित सड़क के फोरलेन निर्माण के लिए अभी टेंडर प्रक्रिया और अनुबंध ही नहीं हुआ है तो फिर विभागीय स्तर पर इसे निर्माण पूर्ण कैसे दर्शा दिया गया। मामला सामने आने के बाद विभागीय कार्यप्रणाली और रिकॉर्ड तैयार करने की प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि यही जानकारी लोक निर्माण विभाग के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर भी प्रसारित की गई, जिसमें उज्जैन-नागदा फोरलेन निर्माण कार्य को पूर्ण बताया गया। यदि यह जानकारी वास्तव में विभाग के आधिकारिक माध्यम से जारी हुई है तो यह सामान्य त्रुटि से कहीं अधिक गंभीर विषय है, क्योंकि सरकारी परियोजनाओं से संबंधित जानकारी के आधार पर शासन और आमजन विकास कार्यों की स्थिति का आकलन करते हैं। विभागीय जानकारी में उज्जैन-इंदौर मार्ग का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण बताया गया है, जबकि इंदौर आउटर रिंग रोड को निर्माणाधीन बताया गया है। वहीं उज्जैन को जावरा-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने की दिशा में कार्य जारी होने तथा उज्जैन सिंहस्थ बायपास और हरिफाटक ब्रिज के चौड़ीकरण जैसे कार्यों का भी उल्लेख किया गया है।

## अशोक नगर में फर्जी शपथ पत्र से जमीन का नामांतरण

**अशोकनगर।** अशोकनगर में जमीन के नामांतरण में फर्जी दस्तावेज और हस्ताक्षर इस्तेमाल करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरिता अरोड़ा की शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने प्रेम कुमार अरोड़ा और सतीश कुमार अरोड़ा के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों पर जमीन के नामांतरण के लिए फर्जी शपथ पत्र तैयार करने और शिकायतकर्ता समेत परिवार के सदस्यों के नाम व हस्ताक्षर का गलत इस्तेमाल करने का आरोप है। दस्तावेजों की जांच के साथ हस्ताक्षरों का हस्तलिपि परीक्षण कराया गया। भोपाल की क्यूडी शाखा से मिली हस्तलिपि जांच रिपोर्ट में विवादित और नमूना हस्ताक्षरों में अंतर पाया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज बनाने व इस्तेमाल करने के आरोप में धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## पत्नी की लाश मछलियों को खिलाने नर्मदा में फेंकने निकला

**जबलपुर।** हम बहुत गरीब हैं। बेटे ने होटल में प्लेटें धोकर रुपए कमाए और मां के इलाज में लगा दिए। सरकारी अस्पताल में भी इलाज के लिए रुपए मांगते हैं। अब पत्नी की मौत हो गई, मेरे पास इतने पैसे नहीं कि अंतिम संस्कार करा सकूं। इसलिए मन बना लिया था कि शव को नर्मदा में फेंक दूंगा। कम से कम मरने के बाद मछलियों के काम तो आएगी। ये बातें जबलपुर के 51 वर्षीय श्याम विश्वकर्मा ने कही है। श्याम की पत्नी आरती विश्वकर्मा (41) की मंगलवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद श्याम पत्नी का शव लेकर चुपचाप अस्पताल से निकलने की तैयारी कर रहा था, तभी एक नर्स की नजर उस पर पड़ी और उसने उसे रोक लिया। श्याम का आरोप है कि अस्पताल के गैंगरीन वार्ड में पत्नी की ड्रेसिंग के लिए रुपए मांगे जाते थे। उनका दावा है कि दो दिन तक उन्होंने 100-100 रुपए दिए, लेकिन इसके बाद पैसे नहीं होने से ड्रेसिंग नहीं हो सकी। ड्रेसिंग नहीं होने से पत्नी के घाव में कीड़े पड़ गए। करीब 48 घंटे के भीतर उसकी मौत हो गई। श्याम के मुताबिक, इस दौरान कुछ वकील भी उनके घर पहुंचे थे। उन्होंने आरती का इलाज कराने और आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिया था। इसके बाद आरती को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

## मुंबई में मोदी के कार्यक्रम से पहले 2 संदिग्ध पकडे

**मुंबई ।** मुंबई में पीएम मोदी के कार्यक्रम से पहले पुलिस ने 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने दोनों को सोमवार को पकड़ा था। इसकी जानकारी मंगलवार को सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में 24 साल का युवक  का अफसर बनकर पहुंचा था। उसके साथ लोडेड रिवाल्वर लिए गार्ड दिलीप कुंडे भी था। जांच के दौरान दोनों को पकड़ा गया।

## जीतू पटवारी का दावा, सागर में 50 से अधिक मौत

**सागर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर में हुई मौतों को लेकर शासन-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पटवारी ने दावा किया कि अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि शासन-प्रशासन द्वारा वास्तविक आंकड़े सामने नहीं लाए जा रहे हैं।

पटवारी ने कहा कि सरकार को मौतों की वास्तविक संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए और पूरे मामले में पारदर्शिता बरतनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन आंकड़ों को छिपाने का प्रयास कर रहा है, जिससे घटना की वास्तविक गंभीरता सामने नहीं आ पा रही है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में मौतों का दावा सामने आने के बाद सरकार को तत्काल मामले की विस्तृत जांच करानी चाहिए। मृतकों की वास्तविक संख्या, मौत के कारण और प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। पटवारी के इस बयान के बाद सागर में मौतों के आधिकारिक आंकड़ों को लेकर राजनीतिक बहस तेज होने की संभावना है। अब निगाहें शासन-प्रशासन के आधिकारिक पक्ष पर हैं कि वह इन दावों पर क्या स्पष्टीकरण देता है। हालांकि 50 से अधिक मौतों का आंकड़ा जीतू पटवारी के दावे के रूप में सामने आया है; इसकी स्वतंत्र एवं आधिकारिक पुष्टि आवश्यक है।

---

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र.**

क्रमांक/रीडर/2026/1059
आगर-मालवा दिनांक 03/09/2026
प्रकरण क्रमांक-0001/अ-20(2)/2025-26

**::उद्घोषणा क्रमांक 02::**

सर्व साधारण जनता ग्राम पुरा ऊर्फसाहबनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा ग्राम पुरा SUBSIDIARY INTELLIGENCE BUREAU BHOPAL निवासी भोपाल द्वारा ग्राम पुरा ऊर्फसाहबनगर तहसील आगर के भूमि सर्वे नंबर 20/1 रकबा 9.310 हे. में से रकबा 0.12 हे. भूमि विभाग SUBSIDIARY INTELLIGENCE BUREAU BHOPAL उनके पक्ष मे आवंटित किए जाने हेतु आर.सी.एम.एस. के माध्यम से ऑनलाईन प्रकरण प्राप्त हुआ ।

उक्त आवेदन के संबंध मे किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक 18/09/2026 तक आवेदन या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद गुजर जाने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाकर प्रकरण मे अग्रीम कार्यवाही की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मद मुद्रा से आज दिनांक 03/09/2026 को जारी की गयी ।

**तहसीलदार**
**तहसील आगर**

---

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया है कि, मेरे पक्षकार नाथीबाई पति रामचंद, लतराम पिता रामचंद व रमेश पिता रामचंद निवासीगण रघुकुल गार्डन के सामने, इसिंह घाट रोड, उज्जैन की पैतृक संपत्ति भूमि सर्वे नंबर 2607 व 2608 स्थित व्यसिंहपुरा कस्बा उज्जैन है और उक्त कृषि भूमि का विधिवत बंटवारा नहीं हुआ किन्तु परिवार के अन्य सदस्य रामचंद, जितेन्द्र, सुरेश व अन्य लोग उपरोक्त सर्वे बर की भूमि को बाले-बाले भूखण्ड काटकर विकय करने का प्रयास कर रहे है। पक्षकारगण उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को विकय करने के इच्छुक नहीं है। कोई - व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था/बैंक उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को रामप्रसाद, नतेन्द्र व सुरेश से कय करने का सौदा ना करे ना ही कोई राशि इन लोगों को परोक्त कृषि भूमि के संबंध में अदा करे ना ही किसी प्रकार का कोई लेन-देन रे। यदि किसी के भी द्वारा भूमि सर्वे कमांक-2607 एवं 2608 स्थित जयसिंहपुरा कस्बा उज्जैन का कोई अनुबंध किया जाता है या कोई लेन-देन किया जाता है तो सकी जवाबदारी मेरे पक्षकारगण की नहीं होगी। स्वयं की होगी। अगर किसी को कोई जानकारी प्राप्त करना हो तो मुझसे व मेरे पक्षकारगण से जानकारी प्राप्त कर सकते है। सो सूचित हो।

दिनांक 08.09.2026

**प्रतापसिंह रावत, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**मो. 9425093103**

---

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण सर्वश्री श्रीमती रजनी पति स्व. रूपकिशोर जी चौधरी, अमित चौधरी पिता स्व. रूपकिशोर जी चौधरी व श्रीमती चंद्रकांता पति स्व. गोपालदास जी चौधरी निवासीगण 53-54-6 जवाहर मार्ग पटनी बाजार उज्जैन की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के परिवार के पितृ पुरूष स्व. चतुर्भुज जी चौधरी का अविभाजित संयुक्त कुटुम्ब था उन्होंने अपने जीवनकाल में अविभाजित संयुक्त कुटुम्ब की आय से तत्कालिन बाकड़ियाबड़ पटनी बाजार वर्तमान में जवाहर मार्ग उज्जैन के नाम से जाना जाता है, में अपने तीन पुत्र कमशः स्व. रामचंद्र जी चौधरी, स्व. श्रीकिशन जी चौधरी एवं स्व. मुरलीधर जी चौधरी के नाम से तत्कालिक बाकड़ियाबड़ पटनी बाजार उज्जैन में तीन भवन अलग-अलग तिथियों पर कय किये थे उनके निधन के उपरांत ज्येष्ठ पुत्र स्व. रामचंद्र जी चौधरी विभाजित संयुक्त हिन्दू कुटुम्ब के कर्ता खानदान हुए व उनके निधन के उपरांत उनके ज्येष्ठ पुत्र स्व. बद्रीनारायण जी चौधरी कर्ता खानदान हुए। यह कि, मेरे पक्षकारगण को यह ज्ञात हुआ है कि स्व. श्रीकिशन के पुत्र स्व. शंकरलाल जी की पुत्री श्रीमती उर्मिला पति स्व. शैलेष गांधी ने संयुक्त कुटुम्ब की अविभाजित संपत्ति में से भवन क. 55 व भवन क. 6 के एक भाग का दिनांक 28.11.1988 को श्रीमती अनुराधा पण्ड्या व उनके पुत्र राजेश पण्ड्या के पक्ष में अनाधिकृत रूप से विकय पत्र निष्पादित कर दिया है जिसका कि उन्हें कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। इस अवैध विकय पत्र के आधार पर श्री राजेश पण्ड्या ने नगर पालिक निगम उज्जैन के सम्पत्तिकर रजिस्टर में भवन कमांक 55 व 6 के स्थान पर भवन क्रमांक 53 व 54 पर नगर निगम के अधिकारियों से मिलकर अपने नाम का नामांतरण करवा लिया है जिसका कि उन्हें कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। भवन कमांक 55 व 6 पर श्रीमती उर्मिला पति स्व. शैलेष गांधी को विकय पत्र दिनांक 28.11.1988 को निष्पादित व पंजीकृत कराने का वैधानिक अधिकार नहीं है और न ही इस अवैधानिक विक्रय पत्र के आधार पर भवन क. 53-54-6 पर राजेश पण्ड्या को कोई स्वत्व प्राप्त नहीं होता है। इस प्रकार भवन क. 53-54-6 स्थित जवाहर मार्ग पटनी बाजार उज्जैन पर किया गया नामांतरण मेरे पक्षकारगण के मुकाबले अवैध, स्वत्वहीन व प्रभावहीन है। मेरे पक्षकारगण ने नगर निगम के संबंधित विभाग को सूचना पत्र जारी कर भवन क्रमांक 55 पर राजेश पण्ड्या के नामांतरण को निरस्त करने हेतु प्रेषित किया है व माननीय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय वरिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय में वाद भी प्रस्तुत कर दिया है व माननीय न्यायालय के समक्ष अस्थाई निषेधाज्ञा के आवेदन पत्र विचार हेतु प्रकरण नियत किया गया होकर वाद लंबित है। उल्लेखनीय है कि भवन कमांक 53-54 पर मेरे पक्षकारगण का भौतिक आधिपत्य होकर उनके द्वारा भवन कमांक 53-54 को गिराकर खुला प्लॉट कर दिया है जिस पर नवनिर्माण की उनकी योजना भी है और यह सम्पत्ति किसी भी प्रकार से किसी को भी विकय हेतु उपलब्ध नहीं है। यह कि, नगर निगम उज्जैन के समपत्तिकर रजिस्टर में भवन क. 55 के स्थान पर नगर निगम के अधिकारियों ने भवन क. 53-54-6 पर राजेश पण्ड्या का नामांतरण कर दिया है व इस नामांतरण आदेश के आधार पर राजेश पण्ड्या भवन क. 53-54-6 को विक्रय करने की योजना बना रहे हैं ऐसी जानकारी मेरे पक्षकारगण को प्राप्त हुई है व राजेश पण्ड्या ने इस सौदे के लिए दलाल भी लगा दिये हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति राजेश पण्ड्या पिता लोकनाथ जी पण्ड्या से भवन कमांक 53-54-6 स्थित जवाहर मार्ग पटनी बाजार उज्जैन के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करे। इसके उपरांत भी यदि किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्थान के द्वारा भवन कमांक 53-54-6 जवाहर मार्ग पटनी बाजार उज्जैन के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार किया जाता है व अंतरण में प्राप्त किया जाता है, आधिपत्य प्राप्त किया जाता है, भारग्रस्त किया जाता है या किसी जमानत / डिकी कुर्की में आसेधित किया जाता है तो वह मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारक नहीं होकर उनके इस सम्पत्ति पर स्वत्वों को चुनौती होगी व इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्ति/वित्तीय संस्थान या अन्य संबंधित का होगा। अपने पक्षकारगण के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्व साधारण व सर्व संबंधित के ज्ञानार्थ एवं ध्यानार्थ प्रसारित की जा रही है। अतः सूचित हो। दिनांक 08/09/2026

**सत्यनारायण ए. व्यास एडवोकेट**
**कार्यालयः 39/1, सनराईज प्लाजा कमला नेहरू मार्ग, फीगंज उज्जैन (म.प्र.) 456001 फो. 07343566165**

---

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने शेखर सोनी पिता श्री विनोद सोनी, निवासी-21, गोपालपुरा महावीर ऐवेन्यू मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक 24 जो कि तिरूपती विस्टा पार्क कालोनी, ग्राम चंदेसरा, पटवारी हल्का नंबर 71, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) जिसकी लंबाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 40.25 फीट व बतरफ दक्षिण 38.75 फीट एवं चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 15.08 फीट व बतरफ पश्चिम 15.00 फीट, भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 594.08 वर्गफीट या 55.19 वर्गमीटर हैं। भूखण्ड के पूर्व दिशा में रास्ता कालोनी का, पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक 27, उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक 23 और दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक 25, को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा विक्रय मूल्य की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी कर दिया हैं तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाना हैं। उक्त अनुबंधित भूखण्ड के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य बाबत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार, हित, अधिकार हो या इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे अन्यथा बाद मियाद उक्त भूखण्ड के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरा पक्षकार अपने हित में सम्पादित करवा लेवेगा तथा इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और न हीं मेरे पक्षकार के हितो पर बन्धनकारी होगी तथा मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन एवं शुन्य मानी जावेगी। इति दिनांक 08/09/2026

**प्रदीप कुमार शर्मा, एडवोकेट**
**18. झरण कालोनी, पीपलीनाका चौराहा, उज्जैन (म.प्र.) मोनं 9425092474, 9753069888**

---

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सुमेर सिंह पिता श्री बहादुर सिंह आयु 48 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम रनाहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-8/2/1 रकबा 0.770 हेक्टयर तथा भूमि स्वामी रघुवीर सिंह पिता श्री बहादुर सिंह आयु-44 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी-195, ग्राम रनाहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-8/1 रकबा 1.760 हेक्टयर, इस प्रकार कुल किता 2 कुल रकबा 2.530 हेक्टयर भूमि स्थित ग्राम रनाहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-97 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयानां राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा अब शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। उक्त भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋ्रण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक-08.09.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 99930 79516-94250 94349**

---

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक-15 जो कि  द ग्रीन सिटी ग्राम धतरावदा तहसील कोठी महल जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भूखण्ड का वर्तमान रसीद अनुसार कुल क्षेत्रफल-914.61 वर्गफीट है। भूखण्ड की चर्तुःसीमा में-पूर्व दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-16 एवं 17 के भाग, पश्चिम दिशा में-रास्ता कॉलोनी का, उत्तर दिशा में बाउण्ड्रीवाल एवं दक्षिण दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-14 स्थित है। उक्त चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भूखण्ड को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने रसीद गृहिता-श्रीमती अपूर्वा जैन पति श्री अमित जैन, निवासी-39/1 कालिदास मार्ग, लक्ष्मी नगर, उज्जैन (म. प्र.) से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर, विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उक्त भूखण्ड पर रसीद गृहिता-श्रीमती अपूर्वा जैन के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन भूखण्ड स्वामी से करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-08.09.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय८-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

---

**वाद हेतुक संदर्भित करने हेतुक इत्तिलानामा बनाम रेस्पोडेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख के जो समाआत चाच के लिये मुकर्पर है**

### न्यायालय विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. जालीन स्थान उरई

**प्रकीर्ण वाद सं.-03/2025**

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय बनाम लक्ष्मण प्रसाद पाण्डेय आदि

श्री आशीष पाण्डेय पुत्र लक्ष्मण प्रसाद पाण्डेय निवासी अयोध्या प्रसाद बाईपास 66 गनेश विलास हुजूर भोपाल म0प्र0 के विरुद्ध मुदर्जा वाला राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने उक्त मुकदमा पेश किया और इस अदालत में विचाराधीन है अदालत ने दिनांक 14.09.2026 वास्ते सुनवाई वाद मुकर्रर की है अगर स्वयं आप या अपना बकील कोई और व्यक्ति को कानून आपकी तरफ से वाद हाजा में सवाल जबाव करने का मजाल हो हाजिर ना आयेगा तो उसकी समाअत आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी।

आज दिनांक 07/9/26 मेरे ह. और मुहर अदालत में जारी किया।

**न्यायालय  अपर जिला जज /**
**विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. जालौन स्थान उरई**

---

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने शेखर सोनी पिता श्री विनोद सोनी, निवासी-21, गोपालपुरा महावीर ऐवेन्यू मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक 24 जो कि तिरूपती विस्टा पार्क कालोनी, ग्राम चंदेसरा, पटवारी हल्का नंबर 71, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) जिसकी लंबाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 40.25 फीट व बतरफ दक्षिण 38.75 फीट एवं चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 15.08 फीट व बतरफ पश्चिम 15.00 फीट, भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 594.08 वर्गफीट या 55.19 वर्गमीटर हैं। भूखण्ड के पूर्व दिशा में रास्ता कालोनी का, पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक 27, उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक 23 और दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक 25, को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा विक्रय मूल्य की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी कर दिया हैं तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाना हैं। उक्त अनुबंधित भूखण्ड के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य बाबत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार, हित, अधिकार हो या इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे अन्यथा बाद मियाद उक्त भूखण्ड के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरा पक्षकार अपने हित में सम्पादित करवा लेवेगा तथा इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और न हीं मेरे पक्षकार के हितो पर बन्धनकारी होगी तथा मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन एवं शुन्य मानी जावेगी। इति दिनांक 08/09/2026

**प्रदीप कुमार शर्मा, एडवोकेट**
**18. झरण कालोनी, पीपलीनाका चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोनं 9425092474, 9753069888**

---

### जाहिर सूचना का प्रतिवाद

अधिवक्ता श्री पुष्पेन्द्रसिंह दुलारे, नंदलाल चौक, हातोद जिला इंदौर द्वारा कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 211/2 रकबा 2.0100 हेक्टेअर व सर्वे क्रमांक 212 रकबा 3.9800 हेक्टेअर व सर्वे क्रमांक 213/1 रकबा 0.3400 हेक्टेअर कुल किता 3 कुल रकबा 6.3300 हेक्टेअर स्थित ग्राम नारेलाकलां तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है के संबंध में दैनिक समाचार पत्र दैनिक अग्निबाण में दिनांक-24/07/2025 को प्रकाशित जाहिर सूचना का खंडन सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भूपेन्द्र कोटवानी पिता श्री जवाहरलालजी कोटवानी निवासी 58. अलखधाम नगर, उज्जैन में 1- मिश्रीलाल पिता श्री रामकरण जाति कुल्मी पाटीदार निवासी ग्राम सुवासा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन एवं 2-कंवरलाल पिता श्री आनन्दीलाल जाति कुल्मी पाटीदार निवासी ग्राम सुवासा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूनि सर्वे क्रमांक 211/2 रकबा 2.0100 हेक्टेअर व सर्वे क्रमांक 212 रकबा 3.9800 हेक्टेअर व सर्वे क्रमांक 213/1 रकबा 0.3400 हेक्टेअर कुल किता 3 कुल रकबा 6.3300 हेक्टेअर स्थित ग्राम नारेलाकलां तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है को विधिवत क्रय करने का सौदा किया होकर दिनांक-13/10/2025 को मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है तथा निष्पादन के समय बयाना राशि अदा कर उक्त कृषि भूमियों को क्रय करने के संबंध में एक जाहिर सूचना का प्रकाशन भी दैनिक समाचार पत्र दैनिक अवंतिका में दिनांक-16/10/2025 को प्रकाशित की गई है। जिस पर से किसी प्रकार की कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई। उक्त सौदे की शेष राशि अदाकर उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में होना शेष है। उपरोक्त भूमि को विक्रय करने सौदा इस सौदे के रहते केवल मेरे पक्षकार के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति के हित में करने का अधिकार भूमि स्वामीगण को नही है। उक्त सौदे क पश्चात मेरे पक्षकार के अलावा अन्य कोई भी अन्य व्यक्ति या संस्था आदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय संबंधीत सौदा करता है तो उसके नुकसान तथा हर्जे खर्चे की संपूर्ण जवाबदारी उस क्रेता स्वंय की रहेगी। जिसमे मेरे पक्षकार का कोई दायित्व नहीं रहेगा । अतः आप महोदय से यह विन्रम निवेदन है कि आप अपने पक्षकार को उचित समझाईश दे की वह उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई स्वंयव्हार नहीं करें। दिनांक 25/07/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्शदीप टॉवर, नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो. 9826266570**

# अवैध शराब के अड्डों पर पुलिस की बड़ी स्ट्राइक- सर्चिंग कर १९०० लीटर लहान किया नष्ट, भट्ठियां ध्वस्त और 4 आरोपी धराए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

एसपी विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अवैध शराब रोधी अभियान के तहत मंदसौर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों- अफजलपुर, दलौदा (कचनारा चौकी) और पिपलियामंडीकृमें पुलिस टीमों ने सघन चेकिंग व सर्चिंग अभियान चलाकर अवैध शराब निर्माण अड्डों को ध्वस्त किया। इस दौरान पुलिस ने करीब 1900 लीटर महुआ लहान और



भट्ठियों को नष्ट करते हुए बड़ी मात्रा में कच्ची व देशी शराब जब्त की है।

अफजलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बाग्या और आसपास के खेतों में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विकास गेहलोत के नेतृत्व में गठित टीमों ने सर्चिंग के दौरान जमीन के अंदर गाड़कर रखी गई शराब और निर्माण सामग्री बरामद की। पुलिस ने मौके से शराब बनाने की भट्ठियों और २०० लीटर लहान को नष्ट किया। इस मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उनके कब्जे से 42 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब जब्त की है।

इसी क्रम में दलौदा थाना अंतर्गत कचनारा चौकी प्रभारी भीम सिंह राठौर और उनकी टीम ने ग्राम उमाहेड़ा डेरे के झाड़ियों तथा सुनसान टिन शेड में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने मौके से लगभग 1500 लीटर महुआ लहान और डिब्बों-ड्रमों को जब्त कर उन्हें इस तरह नष्ट कर दिया ताकि वे दोबारा उपयोग में न आ सकें। कार्रवाई के दौरान आरोपी अंशु चौहान के कब्जे से 73 क्वार्टर देशी शराब और आरोपी दिनेश चौहान के कब्जे से 13 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

उधर पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के ग्राम काचरिया चंद्रावत में थाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने और चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रितेश डामोर के कुशल नेतृत्व में गठित टीम ने सर्चिंग कर अवैध हाथ भट्टी शराब निर्माण के लिए तैयार 200 लीटर महुआ लहान को मौके पर ही नष्ट कर दिया।

## न्यूज-कॉलम

### 5 दिवसीय मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर हरिद्वार में

**मंदसौर।** भारत को रोगमुक्त, नशामुक्त और संस्कारवान बनाने के उद्देश्य से पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में 13 से 17 सितंबर तक पांच दिवसीय मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस उन्नत प्रशिक्षण शिविर में मध्य प्रदेश और मंदसौर जिले के कई चयनित योग शिक्षक भाग लेंगे। शिविर की पूर्व तैयारियों को लेकर पतंजलि के मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ. स्वामी परमार्थदेव जी के मार्गदर्शन में एक विशेष वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्यभर से नियमित योग कक्षाएँ संचालित करने वाले सह-योग शिक्षकों ने हिस्सा लिया। बैठक में भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के प्रांतीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 11 सितम्बर को आयोजित होगा जनविश्वास शिविर

**रतलाम ।** शासन निदेर्शानुसार जनविश्वास कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण, जनसमस्याओं के प्रभावी निराकरण एवं शासकीय सेवाओं की गुणव×ाा सुनिश्चित किये जाने हेतु 14 अगस्त से 29 जनवरी 2027 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किये जाने वाले शिविरों के तहत 11 सितम्बर शुक्रवार को अमृत सागर उद्यान परिसर में कार्यालयीन समय में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत आम नागरिक की समस्याओं का समयबद्ध एवं संवेदनशील निराकरण एवं शासन की सेवाओं की सहज उपलब्धता हेतु आयोजित शिविर में शासन के विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण करेंगे।

### ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत में ११ वर्षीय मासूम की मौत, तीन घायल

**नीमच ।** जिले के जीरन में पेट्रोल पंप के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार ११ वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में परिजनों ने बताया कि ग्राम तालखेड़ा निवासी जुनैद पिता अकबर खान (९), समीर पिता अकबर खान (11), अरबाज खान पिता इनायत खान (२४) तथा निकुम चौराहा निवासी इस्माइल खान पिता अजीज खान (17) एक ही बाइक पर सवार होकर हरर्कियाखाल से जीरन की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने 11 वर्षीय समीर को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य तीन घायलों का उपचार जारी है।

### 1.60 करोड़ के कार्यो को गति देने के निर्देश

**बुरहानपुर।** विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने मंगलवार को शाहपुर नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया और प्रगति की समीक्षा की।

# नेशनल लोक अदालत में बकायादार दो स्थानों पर जमा करा सकेंगे बकाया राशि

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निदेर्शानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 12 सितम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए दस हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए पचास पचास हजार से अधिक तथा रुपए एक लाख रुपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 10 हजार से अधिक तथा रुपए 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में ७५ प्रतिशत की छूट।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए एक लाख रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50 हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50प्रतिशत की छूट।

उक्त छूट मात्र एक बार (वन टाईम सेटलमेंट) पर ही दी जायेगी। यह छूट वर्ष 2025-26 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र दिनांक 12 सितम्बर की नेशनल लोक अदालत के लिये मान्य होगी।

नगर निगम द्वारा संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों से अपील की जाती है कि 12 सितम्बर 2026 शनिवार को आयोजित एक दिवसीय लोक अदालत के तहत नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) में छूट का लाभ उठावें।



# दशपुर साहित्य मंच के षष्ठम मालव श्री अलंकरण समारोह में छाई साहित्यिक छटा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

दशपुर साहित्य मंच एवं राजीव गांधी शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित षष्ठम मालव श्री अलंकरण एवं हिंदी महोत्सव संपन्न हुआ। च्गोष्ठियाँ जीवंत रहें सदाज् के संकल्प के साथ आयोजित इस समारोह में देश और प्रदेश के साहित्यकारों, कवियों और विचारकों ने सहभागिता की। समारोह के दौरान वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित मालव श्री अलंकरण देवास के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार कुलदीप रंगीला को प्रदान किया गया। उन्हें पारंपरिक साफा, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ कवि राम वल्लभ गुप्त इन्दोरी, डॉ. राजेश रावल, कवि संगम त्रिपाठी, डॉ. घनश्याम बटवाल, बृजेश जोशी तथा अतुल ज्वाला सहित अनेक विद्वानों ने मंच साझा किया। कवियों द्वारा प्रस्तुत मालवी गणेश स्तुति, सनातन चेतना की रचनाओं, गजलों और दोहों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान कलाकार राहुल राठौर द्वारा बनाई गई भगवान पशुपतिनाथ की लाइव पेंटिंग आकर्षण का केंद्र रही। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित गोस्वामी ने आयोजन की सफलता का श्रेय पूरी मास्टर टीम और सहयोगी कार्यकर्ताओं को देते हुए आगामी सप्तम अलंकरण यात्रा के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## न्यूज कालम



### राज्यश्री शिक्षक सम्मान से सम्मानित महेंद्र सिंह पंवार का विद्यालय में हुआ सम्मान

**नीमच।** विधानसभा क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय बिसलवास-बामनिया के शिक्षक महेंद्र सिंह पंवार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्यश्री शिक्षक सम्मान से सम्मानित किए जाने पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्री पंवार को महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्यश्री शिक्षक सम्मान से सम्मानित किए जाने पर आयोजित समारोह में विधायक दिलीप सिंह परिहार ने सहभागिता कर श्री पंवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक परिहार ने कहा कि शिक्षक महेंद्र सिंह पंवार को मिला यह सम्मान नीमच विधानसभा, विद्यालय एवं ग्राम बिसलवास-बामनिया के लिए गौरव का विषय है। शिक्षक समाज की नई पीढ़ी को ज्ञान, संस्कार एवं सही दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री पंवार का समर्पण एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणादायी है।कार्यक्रम में चतुर्भुज नागदा, शंभूलाल नागदा, मदनलाल नागदा, विधायक प्रतिनिधि दीपक नागदा, सरपंच विनोद भील, अशोक नागदा, चमन नागदा, मुकेश नागदा सहित शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कर्म बंधनों से मुक्त करने के लिए तप, संयम और साधना ही एकमात्र मार्ग



**मंदसौर।** नयापुरा रोड स्थित आदिनाथ जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व के प्रथम दिन आचार्य भगवंत श्री विवेकचंद्र सागरसूरी जी महाराज ने धर्मसभा में मानव जीवन की दुर्लभता और आध्यात्मिक साधना के महत्व पर गहन प्रकाश डाला। आचार्य श्री ने कहा कि मनुष्य भव अत्यंत अनमोल है, जिसकी प्राप्ति के लिए देवगण भी लालायित रहते हैं। आत्मा को कर्म बंधनों से मुक्त करने के लिए तप, संयम और साधना का मार्ग ही एकमात्र माध्यम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक कर्मों की निर्जरा नहीं होती, तब तक मोक्ष संभव नहीं है। आचार्य श्री ने भगवान महावीर द्वारा बताए गए पाँच महाव्रतों-अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का उल्लेख करते हुए अमारी प्रवर्तन, साधर्मिक भक्ति, क्षमापना, अठम तप और चौत्यपरिपाटी जैसे पाँच महासूत्रों का पालन करने की प्रेरणा दी। मंदिर समिति के अनुसार आचार्य श्री के नियमित प्रवचन प्रतिदिन प्रातः नौ बजे से आयोजित होंगे। कार्यक्रम में खरतगच्छ श्री संघ अध्यक्ष यशवंत पोखरना, ट्रस्ट अध्यक्ष अभय चोरड़िया एवं पूर्व अध्यक्ष कमल कोठारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### अवैध रेत भंडारण एवं परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

**नीमच।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी जगन सिंह भिड़े के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम द्वारा तीन एवं सात सितंबर को विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल २१ डंपर एवं चार ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। तीन सितंबर को शहर के ग्वालटोली क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान कृष्णा टोल कांटे के सामने ईंट भट्टों के पास से आठ डंपर रेत, पाटीदार छात्रावास के पीछे से तीन डंपर, गाय चौराहा ग्वालटोली से दो डंपर तथा गाय चौराहा के पीछे स्कीम नंबर-34 से तीन डंपर रेत जब्त की गई। इसके साथ ही रेत का अवैध परिवहन करते हुए तीन ट्रैक्टर भी जब्त किए गए। इसी प्रकार सात सितंबर को ग्राम गिरदौड़ा रोड किनारे अवैध रूप से रेत का भंडारण पाए जाने पर पांच डंपर एवं दो ट्रैक्टर जब्त किए गए। मौके से रेत से भरा हुआ एक ट्रैक्टर भी जब्त किया गया। इस प्रकार खनिज विभाग द्वारा की गई दोनों कार्रवाई में कुल 21 डंपर एवं चार ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। जब्त किए गए सभी वाहन कलेक्टर कार्यालय परिसर में रखवाए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### कृति संस्था का हिंदी दिवस कार्यक्रम 14 सितंबर को

**नीमच।** नगर की अग्रणी साहित्यिक,सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था कृति द्वारा १४ सितंबर २६ को हिंदी दिवस के अवसर पर अशोक श्रीवास्तव "मानस विद्यार्थी" "रामकथा में कैकेयी " विषय पर व्याख्यान देंगे।यह जानकारी देते हुए संस्था के सचिव रघुनन्दन पाराशर ने बताया कि कार्यक्रम गायत्री शक्ति पीठ सभागृह में रात्रि 7,.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। आपने शहर के साहित्य प्रेमी श्रोताओं से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।



# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान के तहत चित्रकला विभाग द्वारा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक सोच और सामाजिक संवेदनशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा कैनवास पर उकेरी गई आकृतियाँ युवाओं की सामाजिक जागरूकता को दर्शाती हैं। प्रतियोगिता संयोजक के. के. टुटेजा ने बताया कि प्रतिभागियों ने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और मानव बंधुत्व जैसे प्रासंगिक विषयों पर अत्यंत प्रभावशाली पोस्टर निर्मित किए। निर्णायक मंडल के सदस्य मनीष तिवारी एवं नरेंद्र बंधवार ने विषय-वस्तु, रचनात्मकता और प्रस्तुतीकरण के आधार पर कृतियों का मूल्यांकन किया।

प्रतियोगिता में छात्र दिलीप ने प्रथम स्थान हासिल किया। मारिया बूटवाला एवं खुशी माली ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा शाहीन नियार्गर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चित्रकला विभाग प्रभारी डॉ. कोमल मूलचंदानी सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने गुजरात में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया

**मालीगांव।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 8 सितंबर को गुजरात के वडोदरा में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली प्रमुख रेल अवसंरचना परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अलावा, उन्होंने एक नई यात्री रेल सेवा तथा चार मालगाड़ी सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने, माल परिवहन एवं लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ाने तथा क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।प्रधानमंत्री ने वडोदराझरतलाम तीसरी एवं चौथी रेल लाइन, मियागाम करजनझचोरन्दाझमालसर



गेज परिवर्तन तथा विश्वामित्री डभोई दोहरीकरण परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं से रेलवे की परिवहन क्षमता में वृद्धि, परिचालन दक्षता में सुधार तथा क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को और अधिक मजबूती मिलेगी।

जोबट टांडा रोड नई रेल लाइन का उद्घाटन किया गया, जिससे यात्रियों तथा क्षेत्र केसमुदायों के लिए बेहतर रेल संपर्क एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। स्थानीय क्षेत्रों को यह नई रेल लाइन व्यापक रेल नेटवर्क से बेहतर ढंग सेजोड़ने में सहायक होगी। इसकार्यक्रम की एक प्रमुख उपलब्धिडेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का राष्ट्र को किया गया समर्पण था।

# कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थाए थमने का नाम नही ले रही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलिया मंडी

एशिया की मानी हुई लहसुन की प्रसिद्ध मंडी में अव्यवस्थाओ का अम्बार है राजस्थान सहित इंदौर,उज्जैन सहित दूर दराज से लहसुन लेकर बेचने आने वाले किसान यहां आने के बाद अपने आप को ठगा महसूस करते है।

मंगलवार को मोटरसाइकिल पर दो-दो बोरी लहसुन बेचने आये किसान जब गेट नम्बर एक से जान जोखिम में डालकर लहसुन की बोरी गेट के ऊपर से मंडी प्रांगण में डाल रहे थे तब दिनेश गुप्ता काचरिया ने इसकी सूचना जिला कांग्रेस के महासचिव एवं किसानों की हर समय लड़ाई लड़ने वाले अनिल शर्मा को दी तो शर्मा भी तत्काल कृषिउपज मंडी गेट पर पहुंचे व किसान गेट से एक मोटरसाइकिल पर चढ़कर लहसुन को बोरी को सर पर रखकर गेट के ऊपर से मंडी में डाल रहे थे।एक घन्टे से गेट के बाहर खड़े 40 से 50 मोटरसाइकलो को तत्काल मंडी प्रशासन से चर्चा कर आंदोलन की बात कहते हुवे लहसुन लेकर आये किसानों को गेट खुलवाकर अंदर लेने की बात कही मंडी प्रशासन ने तत्काल गेट नम्बर एक को खोलकर मोटरसाइकिलो का अंदर प्रवेश करवाया किसानों ने जय जवान जय किसान के नारे लगाते व अनिल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने आरोप लगाया कि लहसुन की ख्यातनाम मंडी में चारो तरफ गंदगी का साम्राज्य है सफाई नाम की कोई चीज नही हे।मंडी के पीछे व राजीवगांधी उद्यान के पास लाइट की पर्याप्त व्यवस्था नही है।




# बालाजी वेफर्स लिखे लोडिंग टेंपो से 39 किलो अवैध डोडाचूरा किया जब्त

**नीमच।** मुख्यमंत्री म.प्र. शासन द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरूध प्रदेश में चलाये जा रहे अभियान के तहत एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति हेमलता अग्रवाल, सीएसपी सुश्री किरन चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीरन निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में जीरन पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा की तस्करी करते 1 आरोपी मय टाटा कंपनी के टेंपो सहित गिरफ्तार घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 6 सितम्बर को सउनि, के. एल. परिहार द्वारा हमराही पुलिस फोर्स की मदद से महुँ नीमच हाईवे रोड पर वाहन चैकिंग के दौरान बालाजी वेफर्स लिखे संदिग्ध टाटा कंपनी के टेंपो की तलाशी लेते वाहन के पीछे वाली पैक बाडी के अंदर रखे कुरकरे के वेफर्स के पैकेटो के नीचे से 3 सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टो में भरा कुल 39 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा किमती एक लाख 95 हजार रुपए मय टाटा कंपनी का टेंपो जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**पश्चिम रेलवे**
**निर्माण कार्य**
उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) II, पश्चिम रेलवे, रतलाम (म.प्र.), ई-निविदा सूचना संख्या: RTM-DYCE-C-II-ROB-11 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम: चंदेरिया-रतलाम सेक्शन के बीच धोस्वाव यार्ड में लेवल क्रॉसिंग संख्या 190 के स्थान पर किमी: 370/33-35 पर 1 x 42.00 मीटर स्पष्ट स्पैन कंपोजिट गर्डर के 4 लेन रोड ओवर ब्रिज का निर्माण, और पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के गोधरा-नागदा सेक्शन के बीच रतलाम यार्ड में किमी 654/54-55 पर रोड रोड ओवर ब्रिज संख्या 289 का पुनर्निर्माण (मौजूदा 2-लेन से 54.50 मीटर स्पैन कंपोजिट गर्डर के नए 4-लेन तक)। निविदा लागत (NIT): ₹ 56,64,16,731.72। बोली सुरक्षा: ₹ 1,13,28,300/-। बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 28.09.2026 को 15:00 बजे तक। बोली खोलने की तिथि: 28.09.2026 को 15:30 बजे।
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं
0556
हमें फॉलो करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**आउटडोर सिग्नलिंग कार्य**
वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, दूसरी मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008, आमंत्रित करता है ई-निविदा सं.: SG_216_2_116_WA दिनांक: 04-09-2026। कार्य और स्थान: भाग सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और सिग्नलिंग सामग्री का कमीशन, आउटडोर सिग्नलिंग गियर्स के प्रतिस्थापन के संबंध में बिलिमोरा और भिलाद स्टेशन पर, मुंबई मंडल पश्चिम रेलवे। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 3,02,98,338.03. ईएमडी: ₹ 6,06,000/-. ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय: तक 30.09.2026, 15:00 बजे तक। तक। ई-निविदा खोलने की तिथि व समय: 30.08.2026 को 15:30 बजे। निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 0571
हमसे फेसबुक पर जुड़ें: facebook.com/WesternRly

**नाम बदलने की सूचना**
मैं ABDUL HUDAIN MUNIMIWLAL निवासी मकान नं. 447 वार्ड नं. 6 तहसील सुवासरा, सुवासरा मंडी इन्दौर (म.प्र.) 458888 आज की तारीख से मैं अपना नाम बदलकर ABDUL HUSAIN MUNIM कर रहा हूं।
इसलिये मैं आम जनता को सूचित करता हूं कि इस तारीख से मुझे मेरे नए नाम ABDUL HUSAIN MUNIM से जाना और पहचाना जाए।
भवदीय
ABDUL HUSAIN MUNIM
S/O SHUJAUDDIN
निवासी मकान नं. 447 वार्ड नं.6 तहसील सुवासरा, सुवासर मंडी मन्दसौर (म.प्र.) 458888

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-3**
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- ललित कुमार पिता स्व. रामसेवक गुप्ता वार्ड क्रं. 58 पता- 71 सिरेमल बाफना मार्ग इन्दौर पिन- 1000895642 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-7**
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- त्रिमूर्ति डेवलपर्स क्रेता- जसवीर कौर कमलजीतसिंह सुरा वार्ड नं. 34 पता- पैकी 57 तिरुपति ग्रीन्स इन्दौर पिन- 1003924852 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-19**
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- चंचल गुप्ता पिता नारायण गुप्ता क्रेता- मंजू नागर पति राजेन्द्र नागर पता- 47-एन सूर्याश्रय अपार्टमेंट 202 सेकंड संचार नगर इन्दौर पिन- 1001333794 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**



## भागवत कथा के तीसरे दिन नरसिंह अवतार की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**बड़नगर।** श्री गुजराती रामी माली समाज धर्मशाला में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। गुरुदेव हेमंत कश्यप (हरिद्वार) भागवताचार्य जी के मुखारविंद से आज नरसिंह अवतार एवं भक्त प्रहलाद की कथा का वृतांत सुनाया गया। जब गुरुदेव ने हिरण्यकश्यप वध और भक्त प्रहलाद की रक्षा का प्रसंग सुनाया तो पूरा पंडाल नरसिंह भगवान की जय के जयकारों से गूंज उठा। गुरुदेव ने बताया कि भगवान अपने भक्त की रक्षा के लिए खंभे से भी प्रकट हो जाते हैं, भक्त को कभी घबराना नहीं चाहिए।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**महिदपुर।** राजपूत कल्याण समिति महिदपुर के सोजन्य से अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल देवास द्वारा दिनांक 08 सितम्बर 2026 मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजपूत बोर्डिंग एवं धर्मशाला बीनपुरा रोड़ महिदपुर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में हड्डी जोड़ रोग, महिला रोग, नैत्र रोग, जनरल सर्जरी, हृदय रोग, मूत्र रोग, नाक, कान, गला रोग के स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। राजपूत कल्याण समिति द्वारा अधिक से अधिक संख्या में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

## एसएन कृष्णा हॉस्पिटल का नि:शुल्क हेल्थ कैंप संपन्न

**महिदपुर।** ग्रामीण क्षेत्र एवं महिदपुर के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महिदपुर जनपद में एसएन कृष्णा हॉस्पिटल, उज्जैन द्वारा विशाल निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर के दौरान अस्पताल के वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार, दवाइयां एवं स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श प्रदान किया। कैंप में हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों से संबंधित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## मंथन में मनाया शिक्षक दिवस एवं जन्माष्टमी उत्सव

**ब्यावरा।** राधा कृष्ण सर्वपल्ली ने अपने जन्मदिन को शिक्षकों के नाम समर्पित किया है उन्हीं की याद में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है उनका जीवन प्रेरणादायी रहा संघर्षों से भरा और देश के राष्ट्रपति बनने तक का सफर तय किया विद्यार्थियों ने अपने-अपने गुरुओं के प्रति उनके जीवन में हर प्रकार का सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया और जीवन में गुरु की महत्वता को बताया स्कूल के अध्यक्ष पीसी गुप्ता एवं डायरेक्टर अंकित गुप्ता एवं स्कूल के प्रिंसिपल जी एल बाथम ने अपने शब्दों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया तत्पश्चात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया किसी ने श्री कृष्णा का मनमोहक रूप धारण किया तो किसी ने राधा की आत्मीय सुंदरता को दिखाया इस उपलक्ष में विद्यार्थियों ने मंच पर नृत्य कर आनंद लिया। फोटो ब्यावरा 55

## 11 वर्ष से फरार शातिर आरोपी महिला गिरफ्तार

**ब्यावरा।** थाना बोडा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस थाना दादरी जिला चरखी दादरी हरियाणा से आरोपियां पवित्रा पति गजरा सांसी निवासी कड़िया सांसी की लगातार फरार चल रही थी। जिसकी गिरफ्तारी हेतु दादरी पुलिस ने भरसक प्रयास किया गया किंतु आरोपिया शातिर किस्म की होने से अपना स्थान बदल बदल कर निवास कर रही थी पुलिस थाना दादरी हरियाणा की पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी व तलाश हेतु आई।

### सामाजिक समरसता का संदेश दे रही कलश वंदन यात्रा

# नुक्कड़ सभाओं में समरसता का दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया



संत शिरोमणि गुरु रविदासजी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 20 अगस्त से प्रारंभ हुई सामाजिक समरसता कलश वंदन यात्रा गांव-गांव पहुंचकर सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचा रही है। यात्रा के बीजानगरी मंडल से तनोडिया मंडल क्षेत्र की ओर पहुंचने पर विभिन्न गांवों में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ स्वागत किया।

कलश वंदन यात्रा का भाजपा मंडल तनोडिया मंडल के ग्राम थड़ोदा में दोपहर 2 बजे प्रवेश हुआ। यहां भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान, मोर्चा जिला प्रभारी महेश कुमार मित्तल, जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहनलाल मकवाना, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, आदि ने कलश का पूजन कर यात्रा की अगवानी की। इसके बाद थडोदा में नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। यात्रा ग्राम रामपुर भुडंवास होते हुए तनोडिया में शाम को पहुंची। विभिन्न गांवों में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया और समाज में आपसी भाईचारा, समानता एवं एकता बनाए रखने का आह्वान किया गया।

यात्रा का विश्राम तनोडिया पंचायत परिसर में हुआ। इसके बाद यात्रा गांव झलारा, पालखेडी, आवर सहित अन्य गांवों के लिए मंगलवार को रवाना होगी । नगर में क्षेत्र के अतिथियों ने कलश वंदन यात्रा का पूजन किया। उन्होंने कलश को माथे से लगाकर सम्मान किया और यात्रा को आगर ग्रामीण मंडल के लिए रवाना किया। यात्रा के दौरान, छतरसिंह चौहान, बग्दुराम चौहान, सरपंच मोहनलाल मालवीय,गिरीश परमार, मुकेश परमार, सचिव गुलाबसिंह राठौर, बलराम सिंह, दीपक मंडवाल, अर्जुन पाटीदार, महेंद्र आंजना, मुकेश राठौर, राजपालसिंह राठौर, देवेंद्र सिंह बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

कलश वंदन यात्रा का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री सतपाल सिंह चुंडावत ने किया। यात्रा में जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, पंकज मित्तल, एलकारसिंह सौलकी, राहुल राठौर,अशोक मालवीय, बग्दुराम चौहान, यात्रा प्रभारी शंकरलाल मालवीय, मणिशंकर शर्मा, रमेश गवली सहित अन्य कर्मचारी,कार्यकर्ता एवं ग्रामीण लगातार साथ चल रहे हैं।

**समरसता का किया आह्वान**

नुक्कड़ सभाओं को यात्रा संयोजक डॉ भवानी शंकर वर्मा, पूर्व विधायक लालजीराम मालवीय, मोर्चा यात्रा जिला प्रभारी महेश कुमार मित्तल, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने संत रविदासजी के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में भेदभाव समाप्त कर आपसी भाईचारे के साथ रहने का आह्वान किया।

### सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज की साधारण सभा सम्पन्न

# विभिन्न माँगों का विधायक के नाम भाजपा नेता को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज बड़नगर की साधारण सभा की बैठक स्थानीय डायवर्शन मार्ग स्थित शंकर बावड़ी परिसर में समाज के अध्यक्ष डीपी भाईजी की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ समाजसेवी गोवर्धनसिंह पटेल, पूर्व अध्यक्षगण शंकरलाल शर्मा, करणसिंह पंड्या, भेरूलाल पटेल, नवलसिंह पटेल, रमेशचंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पंड्या के आतिथ्य में आयोजित हुई ।

बैठक में प्रमुख रूप से भगवती माता धर्मशाल पर निर्माण, शंकर बावड़ी परिसर पर निर्माण एवं उज्जैन बड़नगर मार्ग स्थित नवीन गोविंद माधव परिसर की शेष भूमि क्रय करने पर विस्तृत से चर्चा हुई ।

इस अवसर पर उपस्थित समाजजन भूपेंद्रसिंह पंड्या, बद्रीलाल आचार्य ,गणेश रावल, मनीष पंड्या, जय प्रकाश त्रिवेदी, गजेंद्र पटेल, अंतरसिंह पंड्या , गजराजसिंह पंड्या आदि अनेक समाजजनों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर अमला निवासी अवधेश मेहता ने भूमि क्रय करने के लिए एक लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की । वही श्रवण शर्मा मुंडत ने 51 हजार रुपये की नगद राशि समाजजन को भेंट की। जिस पर उनका पुष्प मालाओं से स्वागत किया । सभा के अंत में सभी समाजजनों ने विभिन्न मांगो को लेकर विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या के नाम एक ज्ञापन वरिष्ठ भाजपा नेता गोवर्धनसिंह पटेल को सौंपा। कार्यक्रम का संचालन सचिव सुभाष पंड्या एवं आभार शैलेंद्र मेहता ने माना ।

## नातरा झगड़ा के नाम पर 12 लाख की अवैध वसूली करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

■ न्यायालय ने भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में नातरा झगड़ा कुप्रथा से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में, एसडीओपी राजगढ़ अरविंद सिंह राठौर के नेतृत्व में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा।

इसी क्रम में थाना कालीपीठ पुलिस ने नातरा झगड़ा के नाम पर अवैध धनराशि की मांग करने एवं राशि नहीं देने पर फसल को नुकसान पहुंचाने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। फरियादी फूलसिंह पिता घीसालाल तंवर 60 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पुत्री का विवाह लगभग 3 वर्ष पूर्व ग्राम धनवास में देवसिंह पिता कुवान से हुआ था। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व मोटरसाइकिल चलाने की बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद उसकी पुत्री अपने मायके आ गई। इसके बाद आरोपी देवसिंह पिता कुवानसिंह तंवर, कुवान पिता बापूलाल तंवर एवं पांचूलाल पिता गंगाराम तंवर ने नातरा झगड़ा के नाम पर 12 लाख रुपये की मांग की थी। राशि नहीं देने पर आरोपियों ने फरियादी के गांव के ही प्रभुलाल पिता काशीराम तंवर की मक्का की फसल काटकर नुकसान किया तथा धमकी दी कि झगड़े की राशि नहीं देने पर इसी प्रकार गांव में नुकसान करते रहेंगे एवं किसी को जान से मार देंगे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कालीपीठ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जितेन्द्र अजनारे के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय राजगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया।



## श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में 75 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर श्री शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल परिवार द्वारा गरिमापूर्ण शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा 75 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान शॉल, तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर नारायण माहेश्वरी, रमनलाल सोनी, जगदीशचंद्र श्रीवास्तव एवं बद्रीलाल शर्मा का सम्मान संस्था प्राचार्य बृजेश श्रीवास्तव एवं समिति के अध्यक्ष मनीष पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यालय की कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के समस्त 42 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को दुपट्टा पहनाकर, तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं चरण स्पर्श कर उनके प्रति अपना सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को आदर्श एवं प्रेरणास्पद उपाधियां (टाइटल) तथा उपहार भी भेंट किए।

# लाड़ली बहनों ने विधायक जितेन्द्र पंड्या को बांधे रक्षासूत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

मैं इस भारत देश की महान परम्परा को प्रणाम करता हूँ, जिसने हमें राखी जैसा पवित्र त्यौहार दिया है। राखी के धागे की यह गांठ भाई-बहन के संबंध और विश्वास को मजबूत करती है। यह सिर्फ धागा नहीं, बल्कि रिश्ते की एक मजबूत कड़ी है। मैं आप सभी माता-बहनों के चरणों में प्रणाम करता हूँ।

यह बात विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पंड्या ने स्थानीय गार्डन में कही। सोमवार को स्नेह बंधन उत्सव समिति द्वारा स्नेह बंधन उत्सव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बड़नगर विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में लाडली बहनें अपने लाडले विधायक को रक्षा सूत्र बांधने पहुंची थीं। इस अवसर पर



विधायक पंड्या ने 'फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है' गीत गाकर समां बांध दिया, जिसे सुनकर महिलाएं भावुक हो उठीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक वंदे मातरम गीत से हुआ। शुभ मुहूर्त में लाडली बहनों ने बारी-बारी से अपने लाडले भैया जितू भैया की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की।

विधायक पंड्या ने उपस्थित सभी लाडली बहनों व माताओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और उपहार स्वरूप साड़ियां भेंट कीं। यह आयोजन विधानसभा परिवार के बीच स्नेह, सम्मान और विश्वास के मजबूत रिश्ते का सुंदर प्रतीक है।

**ये रहे उपस्थित**

इस गरिमामय समारोह में नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भारती चौहान, उषा सोनी, सरिता यादव, साधना पांचाल, जमनाबेन यादव, आशा परमार, उमा पांडे, कलावती ठाकुर, लता शर्मा, विनीता वर्मा, सुनीता राठौड़, राजकुमारी निंबोला, जैनब बहन, यास्मीन बहन, तस्मीन बहन, नेहरून बहन, सकीना बहन, रसीदा बहन, समीना बहन, अरवा बहन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वर्षा पाटोदी व रेखा राठौड़ ने किया।

### शाही ठाठ से निकली तिलभाण्डेश्वर की राजसी सवारी 50 से अधिक मंचों से स्वागत, रोबोट रहा आकर्षण

# चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में दर्शन देने निकले नीलकंठेश्वर महादेव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद





शाम 5 बजे राजकीय ठाट-बाट के साथ निकली सवारी, स्थान-स्थान पर किया स्वागत भादो मास की अंतिम एवं इस वर्ष की चौथी शाही सवारी के दौरान सोमवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शाम 5 बजे प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर से भगवान नीलकंठेश्वर महादेव चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में रजत पालकी में विराजमान होकर अपनी प्रजा का हाल-चाल जानने निकले तो नगर का वातावरण शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मार्ग में पुष्पवर्षा, महाआरती और जयघोष के साथ बाबा का ऐतिहासिक स्वागत किया।

भक्तों के कंधों पर सवार रजत पालकी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं गरुड़ रथ पर शिव तांडव और नंदी रथ पर उमा-महेश स्वरूप में भगवान के दर्शन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बाबा की इस वर्ष की अंतिम सवारी में भक्तों द्वारा 100 क्विंटल से अधिक फलाहारी महाभोग का वितरण किया गया।

सवारी प्रारंभ होने से पहले मंदिर पुजारी नानक गिरी एवं धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी ने नीलकंठेश्वर महादेव का महाभिषेक और विशेष पूजन कराया। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सवारी देर रात मंदिर परिसर पहुंची, जहां महाआरती के साथ समापन हुआ। आराध्यशक्ति ग्रुप केसरिया ग्रुप द्वारा बाबा नीलकंठ का स्वागत सत्कार आरती उतार कर छप्पन भोग का प्रसादी वितरण किया गया। इस प्रकार स्व. चीनू शर्मा मित्र मंडली द्वारा श्री नीलकंठ महादेव की महाआरती पूजन कर प्रसादी वितरण किया गया। रात्रि 8:30 बजे श्री रामला मंदिर परिसर में महंत चेतन दास बैरागी ने भगवान की महाआरती उतारी।

**तराना**

सोमवार को नगर के तिलभाण्डेश्वर मंदिर से बाबा तिलभाण्डेश्वर की शाही सवारी निकली। मंदिर परिसर से 4बजे पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सावरी शुरू हुई। शाही ठाठ से राजश्री सवारी निकली।सवारी में रोबोट भी था जो आकर्षण का केन्द्र रहा। वही सुबह 9 से 3:30 बजे तक भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। सवारी में अखाड़े, बैंड, आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति करते कलाकार झांकिया, शाही बैंड,धार्मिक, सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। सवारी में रोबोट आकर्षक का केन्द्र रहा। शाही सवारी तलाव की पाल,नयापुरा, खाकरी पूरा, तेजाजी चौक, सवारी मार्ग होते हुए मंदिर परिसर पहुची। नागरिकों में सवारी को लेकर काफी उत्साह रहा।नगर के विभिन्न मार्गों पर 50 से अधिक मंचों से नागरिकों द्वारा सवारी का स्वागत कर पूजन किया। साथ प्रसादी का भी वितरण किया गया। महंत मोहन भारती, महंत ओम भारती जनप्रतिनिधि आदि शामिल रहे । सवारी के दौरान पुलिस प्रशासन की महाकुल व्यवस्था रही।



## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित किया

**महिदपुर।** विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उमावि महिदपुर में मनाया गया जिसमें महिदपुर विकासखंड के 129 शिक्षक शिक्षिकाओं, जिन्होंने सत्र 2025- 26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अपने विषय में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया ऐसे समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं को एवं विद्यालय के प्राचार्य को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक दिनेश जैन बोस ने अपने उद्बोधन में सभी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान ने छात्रों के भविष्य निर्माता को परिणाम बेहतर बनाने में मेहनत की प्रशंसा की। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अतिथि परिचय मॉडल विद्यालय प्राचार्य रामेश्वर सोनी ने दिया कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती वंदना एवं पूजन से हुई। कार्यक्रम में 129 शिक्षकों को दुपट्टे व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं छात्रों को स्वल्पाहार कराया गया कार्यक्रम के अंत में आभार विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री किशोर कुमार परमार ने व्यक्त किया व कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आशुतोष दीक्षित ने किया।

## लायंस क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान



**तराना।** लायंस क्लब तराना द्वारा प्रतिवर्षानुसार शिक्षक दिवस के अवसर पर रविवार को सेवानिवृत शिक्षक विष्णु गोपाल मित्तल एवं विनोद जोशी का शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया । साथ ही क्लब द्वारा रीजन चेयरपर्सन लायन सुषमा गोयल झोन चेयरपर्सन लाइन पुरुषोत्तम चांडक की आधिकारिक यात्रा भी संपन्न कराई गई। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्रों का भी सम्मान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ध्वज वंदना लायन महेश सोनी ने प्रस्तुत की स्वागत भाषण अध्यक्ष लायन मुकेश चौहान ने दिया सचिन प्रतिवेदन लायन राजकुमार मित्तल ने प्रस्तुत किया अतिथियों का परिचय लायन रंजन गेरा, लायन संजय गेरा, लायन गोपाल सोनी एवं लायन महेश सोनी ने दिया। आभार लायन नरेंद्र कानड़ी ने माना कार्यक्रम का संचालन लायन संजय जैन एवं लायन पुरुषोत्तम मंत्री ने संयुक्त रूप से किया। उक्त जानकारी लायन राजेश डोडिया ने दी।

## 232वें नेत्र शिविर में 162 रोगियों की जांच 37 मोतियाबिंद मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित



**सुसनेर।** श्री सेवा परिवार एवं सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में 232 वें नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 162 रोगियों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 37 मरीजों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए चयनित कर आनंदपुर भेजा गया। शेष मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराकर उपचार एवं निदान किया गया। शिविर में मरीजों को नेत्रों की देखभाल और समय पर उपचार कराने संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। श्री सेवा परिवार के संयोजक द्वारका दास लड्ढा ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा लगातार नेत्र शिविर आयोजित कर जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर के आयोजन में शिव नारायण शर्मा एवं चांदमल जैन का सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि आगामी नेत्र शिविर 20 सितंबर को केंद्र पर तथा 11 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। संस्था ने जरूरतमंद मरीजों से आगामी शिविरों में पहुंचकर नेत्र जांच एवं उपचार का लाभ लेने की अपील की है।

## अतिक्रमण को लेकर फूल माली समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में अतिक्रमण को लेकर फूल माली समाज द्वारा ब्यावरा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया इंदौर नाके पर माली धर्मशाला, हनुमान मंदिर एवं श्रीराधा कृष्ण मंदिर स्थित है। बीती रात को मंदिर के पास विष्णु बैरागी द्वारा अवैध कब्जा कर दीवाल का निर्माण कर लिया गया समाज के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद ब्यावरा में लिखित सूचना पत्र के माध्यम से सीएमओ को अवगत कराया। इसके पश्चात विभाग द्वारा कर्मचारी भेजे गए जिनके साथ भी आरोपी विष्णु बैरागी पिता स्वर्गीय कन्हैयालाल बैरागी के द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया, आरोपी विष्णु बैरागी के खिलाफ अतिक्रमण के संबंध में एक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। फूल वाली समाज ने उक्त अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की मांग की है।

## अच्छे खातेदार हमारी बैंक की अनमोल पूंजी

**महिदपुर रोड।** बैंक ऑफ इंडिया के 121 वें स्थापना दिवस पर सोमवार को नगर की बैंक शाखा में आयोजित कार्यक्रम में बैंक खातेदारों द्वारा बैंक प्रबंध क विनय शाक्य सहित उनके सहयोगियों का पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान बैंक प्रबंधक शाक्य ने कहा बैंक के कारोबार में नगर के व्यापारियों शासकीय विभागों के कर्मचारियों पेंशनरों किसान भाइयों का काफी हमेशा काफी सहयोग रहता आया है बैंक के अच्छे कस्टमर बैंक की अनमोल पूंजी है बैंक सदैव आपके व्यापार व्यवसाय कृषि कार्यों के लिये आर्थिक सहयोग देने के लिये सदैव तत्पर रहती है बैंक प्रबंधन का सम्मान करने के दौरान अवतार सिंह गुर अमित अरोड़ा उप सरपंच मांगीलाल आंजना विजय पोरवाल मुकेश जायसवाल गोविंद पोरवाल पत्रकार दिनेश मंडोवरा गोपाल उपाध्याय पेंशनर संघ प्रतिनिधि के रूप में रमेश पंजाबी सहित बड़ी संख्या में बैंक खाते दार मौजूद रहे।

# गर्ल्स के लिए ये ग्रूमिंग टिप्स, जो खूबसूरती में लगाएंगे चार चांद...

आज के ट्रेंडिंग दौर में हर कोई खूबसूरत और आकर्षित दिखना चाहता है. घर हो, ऑफिस हो या फिर खुद के लिए सुंदर दिखने की ख्वाहिश हो, आजकल प्रेजेंटेबल और बेहतर ढंग से तैयार होने का महत्व काफी बढ़ गया है. पर्सनल ग्रूमिंग से न सिर्फ आप अच्छी नजर आती,बल्कि आपका आत्मविश्वास भी बढ़ता है और आपकी पर्सनालिटी भी बढ़ती है. आज हम आपको इस लेख के जरिए कुछ खास पर्सनल ग्रूमिंग टिप्स बताने जा रहे है.



### हेल्थी डाइट लें

फिजिकली फिट रहना भी बहुत जरूरी है। इसलिए फिट रहने के लिए हेल्थी डाइट लेना बेहद महत्वपूर्ण है। बैलेंस्ड डाइट से ना सिर्फ आप अपना वजन कम कर सकती हैं, बल्कि यह मेटाबॉलिज्म को भी दुरुस्त रखता है। आप शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छा महसूस करेंगी, तो सभी कार्य भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगी।

### त्वचा की देखभाल जरूरी है

सबसे पहले इस बात का ध्यान जरुर रखे कि आपकी आपकी स्किन कैसी है उसी के अनुसार अपनी स्किन की देखभाल करें। आपकी स्किन किस प्रकार की है, उसे जानकर ही मेकअप और स्किन केयर रूटीन को फॉलो करें। बेहतर है कि आप त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए किसी एक्सपर्ट की राय ले लें, क्योंकि जब आपकी त्वचा ग्लो करेगी, तो पूरी पर्सनैलिटी बेहतर लगेगी। आप केमिकल युक्त ब्यूटी केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कम करें। डेली स्किन केयर रूटीन बनाएं।

### महीने में एक बार जरूर जाएं ब्यूटी पार्लर

स्किन और हेयर्स अगर स्वस्थ नजर आते है, तो आपकी पर्सनैलिटी आकर्षण नजर आती है। बाल, त्वचा, हाथों-पैरों की देखभाल अच्छी तरह से करना बेहद आवश्यक है। आप चाहे एक महीने में एक बार पार्लर जरूर जाएं। अच्छी तरह से दिखने के लिए थ्रेडिंग और अप्पर लिप के बालों को हटाना भी बहुत जरूरी है। वैक्सिंग नियमित रूप से कराएं।

### लाइट मेकअप करें

हर दिन हेवी मेकअप करके ऑफिस या कहीं बाहर जाना अच्छा नहीं होता। साथ ही मेकअप बिल्कुल भी ना करना भी ठीक नहीं। ऐसे में आप लाइट मेकअप करें। मेकअप दिन और रात के अनुसार ही करें। काजल, कॉम्पैक्ट पाउडर, हल्के रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं। यह सिंपल मेकअप लुक आपको प्रेजेंटेबल और अच्छी तरह से तैयार दिखने में काफी मदद करता है।

### बाल कटवाती रहें


हर समय एक हेयर स्टाइल रखने आपकी पेसोर्नैलिटी पर इफेक्ट पड़ता है। साल में या हर 6 महीने हेयर कट जरूर करवाएं इससे आपको परफेक्ट लुक मिलेगा। आप अलग-अलग हेयर कट ट्राई कर सकते है। खुले, बिखरे, डल और बेजान बालों से आपका व्यक्तित्व खराब नजर आता है। बता दें कि, अपने चेहरे के आकार के अनुसार हेयर कट करवाएं। इसके साथ ही आप स्प्लिट एंड्स से छुटकारा पाने के लिए हेयर ट्रिम करवा सकते है।

### बॉडी ओडोर का जरूर ध्यान दें

कुछ लोगों के पसीने से अधिक दुर्गंध आती है। ये दुर्गंध भीड़ में आपको शर्मिंदा कर सकती है। बॉडी ओडोर व्यक्ति के आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को प्रभावित करता है, इसलिए अपने लिए अच्छी क्वालिटी का परफ्यूम, डियो चुनें। अत्यधिक पसीना आता है, तो डिओडोरेंट्स का भी उपयोग कर सकती हैं ।।अब हर बॉडी शेप पर सभी कपड़े सूट नही करते। ऐसे में कपड़ों का चुनाव अपनी बॉडी टाइप के अनुसार ही करना चाहिए। कपड़े शरीर में अच्छी तरह से फिट हों, आप पर सूट करें। वैसी ही ड्रेस खरीदें, जिसमें आप कंफर्टेबल महसूस करे। आपका ड्रेसिंग सेंस, पहनावे का तरीका भी आत्मविश्वास को बढ़ाता है।

# गर्ल्स का परफैक्ट ब्यूटी पार्टनर: स्ट्रैटनिंग ब्रश

**इस्तेमाल में आसान पारंपरिक स्ट्रैटनर की तुलना में स्ट्रैटनिंग ब्रश इस्तेमाल में आसान होते हैं और बालों को प्राकृतिक वौल्यूम भी देते हैं।**



कालेज, औफिस या दोस्तों के साथ आउटिंग हो तो हर मौके पर लड़कियां चाहती हैं कि उन के बाल मिनटों में सलीकेदार और स्टाइलिश दिखें। यही वजह है कि स्ट्रैटनिंग ब्रश तेजी से उन का पसंदीदा हेयर टूल बनता जा रहा है। इस्तेमाल में आसान पारंपरिक स्ट्रैटनर की तुलना में स्ट्रैटनिंग ब्रश इस्तेमाल में आसान होते हैं और बालों को प्राकृतिक वौल्यूम भी देते हैं। कुछ ही मिनटों में फ्रिज कम हो जाता है और बाल मुलायम व चमकदार दिखने लगते हैं। यही कारण है कि व्यस्त

### बाजार में हैं कई औप्शन

सही तापमान पर और हीट प्रोटैक्टेंट के साथ इस्तेमाल करने पर स्ट्रैटनिंग ब्रश न केवल समय बचाते हैं, बल्कि हर दिन खूबसूरती और आत्मविश्वास भी देते हैं। स्ट्रैटनिंग ब्रश बालों को एकसाथ सुलझाते और सीधा करते हैं, जिस से समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। इन से बालों में प्राकृतिक वौल्यूम बना रहता है, इसलिए लुक अधिक नैचुरल दिखता है।

# डैंड्रफ से हैं परेशान, तो ट्राई करें ये

हर महिला अपने बालों का खास खयाल रखती है। इस के लिए कई सारे उपाय भी अपनाती है, लेकिन कई बार जानकारी के अभाव में बालों को और नुकसान पहुंचा लेती है जिस से डैंड्रफ जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं। इस से आप के बाल सूखे और बेजान दिखने लगते हैं।

आजकल बाजार में कई ऐसे प्रोडक्ट्स हैं जो डैंड्रफ को कम करने का वादा करते हैं, लेकिन अकसर कैमिकल बालों के लिए हानिकारक होते हैं। इसीलिए यहां आप को प्राकृतिक और हर्बल सामग्री वाले हेयर मास्क अपनाने की सलाह दी जा रही है जो बालों की समस्या से निबटने के लिए अच्छा विकल्प हो सकते हैं।

**दही, शहद और नीबू का मास्क0** नीबू के रस में साइट्रिक ऐसिड बालों के पीएच को बैलेंस करने में मदद कर सकता है, दही बालों के डैमेज में सुधार और कंडीशनिंग में मदद कर सकती है और शहद से डैंड्रफ जैसी समस्या में सुधार हो सकता है। सामग्रीः 1/2 कप दही, 1 बड़ा चम्मच नीबू का रस, 1 बड़ा चम्मच शहद। विधिः सारी सामग्री को एक कटोरे में मिला कर पतला मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को बालों की जड़ों से शुरू कर सिरे तक लगाएं।

# Sport

## वर्ल्ड कप में नारंगी जर्सी पर विवाद हुआ था, हॉकी इंडिया ने ड्रेस बदली

# भारतीय हॉकी टीम नीली जर्सी में ही एशियन गेम्स खेलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान में होने वाले एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम एक बार फिर नीली जर्सी में नजर आएगी। नीदरलैंड्स और बेल्जियम में खेले गए हॉकी वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पुरुष और महिला टीमों की प्राइमरी किट नारंगी कर दी गई थी।

जर्सी बदले जाने पर काफी विवाद हुआ था। कई पूर्व हॉकी खिलाड़ियों ने इसे गलत बताया था। इसे देखते हुए अब हॉकी इंडिया ने एशियन गेम्स के लिए अपना फैसला बदल दिया है।

हॉकी इंडिया ने 27 जुलाई को जर्सी बदलने का कारण बताते हुए कहा था कि ऐसा नीले रंग के टर्फ की वजह से किया गया था। कहा गया कि नीली जर्सी के कारण भारतीय खिलाड़ियों को अपने साथी प्लेयर्स को देखने में दिक्कतें आ रही थीं। हालांकि पूर्व कप्तानों धनराज पिल्ले, वीरेन रासकिन्हा, परगट सिंह, अजीत पाल सिंह और वासुदेवन भास्करन ने इस बदलाव की



कड़ी आलोचना की थी।

इस विवाद पर हॉकी इंडिया के भीतर भी खींचतान देखने को मिली थी। अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने बयान दिया था कि यह फैसला उनकी जानकारी के बिना लिया गया, जबकि सचिव भोला नाथ सिंह का दावा था कि सभी अधिकारियों को इसकी जानकारी थी।

जापान रवानगी से ठीक पहले हॉकी इंडिया ने अपने इस फैसले को वापस ले लिया। हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर मनोहरन ने पुष्टि करते हुए कहा- ह्यभारतीय ओलंपिक संघ (क्तअ) ने हमसे किट की पहली पसंद पूछी थी। हॉकी इंडिया ने पहली प्राथमिकता नीले रंग को और दूसरी प्राथमिकता नारंगी रंग को दी है।'

### भारतीय टीम के हेड-कोच के आवेदन पर आशीष नेहरा बोले

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और गुजरात टाइटन्स के हेड कोच आशीष नेहरा ने भविष्य में टीम इंडिया के हेड कोच पद के लिए आवेदन करने पर कहा है कि इंटरनेशनल कोचिंग में साल के 8-9 महीने यात्रा करनी पड़ती है, जो काफी मुश्किल है। नेहरा ने मजाक में कहा कि इस पद के लिए उन्हें अपनी पत्नी रुश्मा से मंजूरी लेनी होगी, वरना तलाक हो सकता है। उन्होंने कोलकाता में उउइ एनुअल अवॉर्ड्स समारोह में यह बात कही। नेहरा ने कहा कि टीम इंडिया का हेड कोच बनना सम्मान की बात होगी, लेकिन उन्होंने इसे अपनी महत्वाकांक्षा नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि वह अभी गुजरात टाइटन्स के साथ काफी खुश हैं।

### रोहित यादव अंडर-19 ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 टीम से बाहर किए गए रोहित यादव की जगह आर्यन सावसानी और तन्मय बलोदा को शामिल किया गया है। आर्यन को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए, जबकि तन्मय को मल्टी-डे मैच के लिए टीम में चुना गया है। बंगाल के लेग स्पिनर रोहित यादव पर एज फ्रॉड के लिए इउउकने शुक्रवार को 2 साल का बैन लगाया था। वे जुलाई में श्रीलंका दौरे पर गई भारत की अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। उम्र में गड़बड़ी सामने आने के बाद उन्हें तुरंत टीम से बाहर कर दिया गया। रोहित पर कार्रवाई की जानकारी क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल की प्रक्रिया के तहत सामने आई।

### नैनो न्यूज

- **जूनियर हॉकी में भारत जीता-** पुरुष जूनियर एशिया कप में भारत ने दक्षिण कोरिया को 7-3 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।
- **महिला हॉकी टीम रवाना-** भारतीय महिला हॉकी टीम एशियन गेम्स के लिए जापान रवाना हो गई। टीम की नजर स्वर्ण और 2028 ओलंपिक क्वालिफिकेशन पर है।
- **सात्विक-चिराग की नई चुनौती-** चीन मास्टर्स जीतने के बाद सात्विक और चिराग अब एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक बचाने की तैयारी में जुट गए हैं।
- **शूटिंग में रुद्राक्ष तैयार-** रुद्राक्ष पाटिल एशियन गेम्स में 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- **तीरंदाजी में शीतल देवी पर नजर-** वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज में भारतीय तीरंदाज शीतल देवी आज चुनौती पेश कर रही हैं।
- **ग्लोबल चेस लीग जारी-** ग्लोबल चेस लीग में भारतीय खिलाड़ियों की टीमें आज मुकाबलों में उतर रही हैं।
- **बिग बैश में निजी निवेश-** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बिग बैश लीग में निजी निवेश का रास्ता खोल दिया है। मेलबर्न रेनेगेड्स से प्रक्रिया शुरू होगी।
- **गिल का 27वां जन्मदिन-** भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल आज 27 साल के हो गए। युवराज सिंह और राजीव शुक्ला ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।


# दलीप ट्रॉफी फाइनल- तिलक अर्धशतक लगाकर नाबाद

**तीसरे दिन साउथ जोन 242/6, ईस्ट जोन से 466 रन पीछे; पडिक्कल ने 62 रन बनाए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी का फाइनल ईस्ट जोन और साउथ जोन के बीच चेन्नई में खेला जा रहा है। मंगलवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक साउथ जोन ने पहली पारी में 6 विकेट पर 242 रन बना लिए हैं। टीम अभी ईस्ट जोन के पहली पारी के स्कोर से 466 रन पीछे है। ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन बनाए थे। मुकाबले के चौथे दिन का खेल बुधवार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।

साउथ जोन की शुरूआत खराब रही और 10 रन के स्कोर पर रिकी भुई 1 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नारायण जगदीशन और देवदत्त पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। जगदीशन 32 रन बनाकरआउट हुए। पडिक्कल और शेख रशीद ने तीसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। रशीद 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल 62 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान तिलक वर्मा ने रविचंद्रन स्मरण (23) के साथ पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े। तिलक और श्रेयस गोपाल (26) ने छठे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। दिन का खेल खत्म होने पर तिलक वर्मा 56 रन और चामा मिलिंद 2 रन बनाकर नाबाद हैं। ईस्ट जोन के लिए मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार ने 2-2 विकेट झटके। शिखर मोहन को एक विकेट मिला। दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन के उपकप्तान वैभव सूर्यवंशी ने तीसरे दिन टीम को पहला विकेट दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



### ईशान किशन ने 270 रन की पारी खेली

ईस्ट जोन की ओर से पहली पारी में कप्तान ईशान किशन ने 270 रन बनाए। उन्होंने 334 गेंदों का सामना करते हुए 30 चौके और 7 छक्के लगाए। कुमार कुशाग्र ने 101, शिखर मोहन ने 85 और अभिमन्यु ईश्वरन ने 72 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने भी 37 गेंदों पर 44 रन की तेज पारी खेली। साउथ जोन की ओर से पहली पारी में त्रिपुराना विजय ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। चामा मिलिंद और श्रेयस गोपाल ने 2-2 विकेट लिए। शेख रशीद को एक विकेट मिला। अभिमन्यु ईश्वरन रन आउट हुए।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता- योग्यता- B.ED/D.ED/Deled वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698 Head Master Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन फोनः 7869850570 9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में) योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, आफिस समय 10 से 01 बजे तक आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बरः-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### सड़क किनारे अतिक्रमण से रोज लग रहा जाम

**धार।** जिले के मनावर स्थित जीराबाद के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण के कारण यातायात की समस्या बढ़ गई है। सड़क किनारे दुकानें लगने से यहां रोज जाम लगता है, जिससे वाहन चालक और नागरिक परेशान रहते हैं। दुकानदार, फल-सब्जी विक्रेता और होटल वाले सड़क किनारे दुकानें लगा रहे हैं। जीराबाद गांव में भारी वाहनों के निकलने से अक्सर जाम लगता है। मंगलवार को भी चूना पत्थर से भरे एक डंपर के कारण लोग जाम में फंसे। इससे करीब 20 मिनट तक यातायात रुका रहा। इस अतिक्रमण के कारण धार, अमझेरा और मनावर की ओर आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती है। सड़क पर जलेबी, अंडे, सब्जी की दुकानें, ठेले और अन्य सामान फैला रहता है।

### झाबुआ में बिना बिल के सरिए से भरा ट्रक पकड़ाया

**झाबुआ।** झाबुआ जिले की काकनवानी पुलिस ने 26 अगस्त को वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक को रोका। तलाशी लेने पर उसमें बिना बिल का सरिया मिला। पुलिस ने तुरंत इसकी जानकारी जीएसटी विभाग को दी। इसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। वाणिज्यिक कर विभाग ने बिना बिल के माल ले जाने पर ट्रक मालिक पर 6 लाख 48 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। सहायक आयुक्त दिलीप राठौर ने बताया कि यह कार्रवाई वाणिज्यिक कर विभाग के आयुक्त अनय द्विवेदी के निर्देश पर हुई। इसमें संयुक्त आयुक्त रतलाम रूबी रघुवंशी की देखरेख भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि झाबुआ और आलीराजपुर जिलों में टैक्स चोरी करने वाले व्यापारियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### औद्योगिक प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों ने निकाली रैली

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के मेघनगर में औद्योगिक प्रदूषण से परेशान सैकड़ों ग्रामीण सड़कों पर उतर आए। सर्व समाज के बुलावे पर लोगों ने पूरे नगर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रैली में शामिल ग्रामीणों ने प्रदूषण के सबूत भी दिखाए। वे अपने हाथों में केमिकल से खराब हुई जली फसलें और बोरिंग से निकल रहे दूषित लाल पानी की बोतलें लेकर चल रहे थे। इस दौरान फैक्ट्री हटाओ, मेघनगर बचाओ के नारे गूंजते रहे। इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया।

### आदिवासी अंचल को मिली रेल की सौगात



**टांडा रोड से वडोदरा मेमू शुरू व्यापार-रोजगार को मिलेगी रफ्तार**

**धार।** धार जिले के रेल इतिहास में 8 सितंबर 2026 का दिन दर्ज हो गया। आजादी के बाद पहली बार जिले में यात्री ट्रेन सेवा शुरू हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा से वर्चुअल माध्यम से प्रतापनगर-वडोदरा और टांडा रोड के बीच नई मेमू यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही छोटा उदयपुर-धार रेल परियोजना के जोबट-टांडा रोड नई रेल लाइन हिस्से का भी शुभारंभ हुआ। टांडा रोड पर धार की ओर से केंद्रीय राज्य मंत्री एवं धार-महू सांसद सावित्री ठाकुर मौजूद रहीं। ट्रेन के शुभारंभ को लेकर टांडा रोड स्टेशन को सजाया गया था और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। आजादी के बाद से रेल का इंतजार कर रहे धार जिले के लिए यह ऐतिहासिक दिन है। हालांकि इस उपलब्धि की एक बड़ी कहानी और है—ट्रेन धार जिले में पहुंच रही है, लेकिन धार शहर में नहीं। टांडा रोड तक रेल पहुंचने के बाद भी जिला मुख्यालय धार को अपनी पहली यात्री ट्रेन के लिए अभी इंतजार करना होगा।

## नैनो न्यूज

- **इंदौर में रोजगार मेले की हलचल-** रोजगार मेले में निजी कंपनियों ने विभिन्न शैक्षणिक योग्यता वाले युवाओं के लिए नियुक्तियों के अवसर उपलब्ध कराए।
- **परिवहन समिट में निवेश चर्चा-** इंदौर में 11-12 सितंबर की परिवहन समिट में निजी निवेश, साझेदारी और आधुनिक यात्री सुविधाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा होगी।
- **मोबिलिटी क्षेत्र में अवसर बढ़ेंगे-** यात्री परिवहन विजन समिट से मोबिलिटी उद्योग में निवेश और नई व्यावसायिक साझेदारियों के अवसर बढ़ने की उम्मीद है।
- **इंदौर उद्योगों को नई दिशा-** एआई, डेटा सेंटर, ड्रोन और डिफेंस जैसे क्षेत्रों पर सरकार के जोर से इंदौर के उद्योगों को नए कारोबारी अवसर मिल सकते हैं।
- **डेटा सेंटर कारोबार पर नजरें-** मध्यप्रदेश में डेटा सेंटर क्षेत्र को निवेश का प्रमुख क्षेत्र बनाया जा रहा है। इंदौर में इससे तकनीकी कारोबार बढ़ने की संभावना है।
- **ड्रोन कारोबार को मिलेगा प्रोत्साहन-** ड्रोन क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की सरकारी पहल से इंदौर के तकनीकी और औद्योगिक कारोबार को नए अवसर मिलने की उम्मीद है।
- **डिफेंस उद्योग में निवेश की संभावना-** डिफेंस सेक्टर में निवेश बढ़ाने की योजना से प्रदेश के औद्योगिक शहरों में नई इकाइयों और रोजगार के अवसर बनने की संभावना है।
- **विदेशी निवेशकों पर सरकार का फोकस-** दुबई निवेश सम्मेलन में मध्यप्रदेश ने विदेशी निवेशकों के सामने उद्योग, तकनीक और बुनियादी ढांचे से जुड़े अवसर प्रस्तुत किए।

इंदौर में बारिश का दूसरा दौर शुरू, जमकर बरसे बादल, सड़क किनारे पानी जमा होने से यातायात हुआ प्रभावित

# कई इलाकों में तेज बारिश से सड़कें हुईं तरबतर, मौसम हुआ सुहाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर






शहर में बारिश का दूसरा दौर शुरू हो गया है। मंगलवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और देखते ही देखते कई इलाकों में तेज बारिश शुरू हो गई। बादलों के जमकर बरसने से सड़कें तरबतर हो गईं और मौसम में ठंडक घुल गई।

लगातार बारिश के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर सड़क किनारे पानी जमा होने से यातायात की रफ्तार प्रभावित हुई। बारिश शुरू होते ही लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जाते नजर आए।

मौसम में अचानक आए बदलाव से तापमान में भी गिरावट महसूस की गई। लंबे इंतजार के बाद हुई तेज बारिश से जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं शहर में जलभराव और यातायात व्यवस्था को लेकर नगर निगम के सामने भी चुनौती खड़ी हो गई है। बारिश का यह दौर आगामी घंटों में भी जारी रहने की संभावना के बीच प्रशासन और नगर निगम की टीमों को जलनिकासी व्यवस्था पर नजर रखने की जरूरत है।

नंद नंदन उत्सव में कृष्ण भक्ति में झूमा इंदौर, राधा नाम के संकीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय ऊर्जा से भर दिया

# 800 से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया कीर्तन का आनंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



नंद नंदन उत्सव- सोलफुल कीर्तन बाय कृष्णसखास में इंदौर कृष्ण भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। गोपाल मंदिर, राजवाड़ा ऑडिटोरियम में आयोजित इस विशेष संध्या में 800 से अधिक श्रद्धालुओं एवं संगीतप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कीर्तन, भजन और संगीत की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु गाते, झूमते और नृत्य करते नजर आए। राधा नाम के संकीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय ऊर्जा से भर दिया।

इस विशेष आयोजन को कृष्णसखास, एमआईसी ऑर्गनाइजेशन इंडिया, एवीओएम भारत, नेक्स्ट पब्लिक रिलेशंस एवं इंदौर सिटी पेज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। आयोजन का उद्देश्य संगीत और कीर्तन के माध्यम से लोगों को श्रीकृष्ण की भक्ति से जोड़ना और शहरवासियों को आध्यात्मिक आनंद का अनुभव कराना रहा।

### कार्यक्रम का समापन भी भक्तिमय वातावरण में हुआ

कार्यक्रम की शुरूआत से ही पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। सुमधुर कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर भजनों में सहभागिता की। जैसे-जैसे कीर्तन आगे बढ़ा, लोगों का उत्साह भी बढ़ता गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी जगह से उठकर भक्ति संगीत पर नृत्य करने लगे। कई लोग राधा नाम का संकीर्तन करते हुए भाव-विभोर दिखाई दिए। इस दौरान पूरा ऑडिटोरियम कृष्ण नाम और भक्ति संगीत से गूंजता रहा। कार्यक्रम का खास आकर्षण राधा नाम का सामूहिक संकीर्तन रहा। राधा-कृष्ण के नाम के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह से कीर्तन में भाग लिया। यहां लोगों ने केवल दर्शक बनकर कार्यक्रम नहीं देखा, बल्कि स्वयं कीर्तन का हिस्सा बनकर अपनी भक्ति और भावनाओं को व्यक्त किया। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, हर आयु वर्ग के लोग इस भक्तिमय वातावरण में शामिल नजर आए। आयोजकों ने बताया कि ह्यनंद नंदन उत्सवह्व के माध्यम से श्रीकृष्ण के प्रेम, भक्ति और आनंद को संगीत एवं कीर्तन के जरिए लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। 800 से अधिक लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आयोजन को खास बना दिया। कार्यक्रम का समापन भी भक्तिमय वातावरण में हुआ।

अंतरराज्यीय साइबर रैकेट का खुलासा

## दोगुना-तिगुना मुनाफे का झांसा, ठगी करने वाले 13 साइबर ठग गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शेयर बाजार में रातों-रात दोगुना-तिगुना मुनाफा कमाने का लालच देकर लोगों की गाढ़ी कमाई ठगने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का इंदौर में पदार्फाश हुआ है। उत्तर प्रदेश की ललितपुर साइबर क्राइम टीम ने विजय नगर थाना क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई करते हुए 13 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप के जरिए देशभर के निवेशकों को ठगने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस के मुताबिक गिरोह के सदस्य खुद को नामी ब्रोकरेज फर्म का अधिकृत प्रतिनिधि बताकर मोबाइल कॉल और मैसेज के जरिए लोगों से संपर्क करते थे। निवेश के लिए तैयार होने के बाद उन्हें नोकिया सेक्यूरिटीस नाम का फर्जी ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवाया जाता था। ऐप में पैसे जमा करने के बाद पीड़ित को स्क्रीन पर लगातार बढ़ता हुआ मुनाफा दिखाई देता था। हालांकि यह पूरा मुनाफा फर्जी होता था। जब निवेशक रकम निकालने की कोशिश करता तो आरोपी संपर्क तोड़ देते थे। ललितपुर साइबर थाने में 70 हजार रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। तकनीकी सर्विलांस के जरिए आरोपियों की लोकेशन इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में मिली। इसके बाद ललितपुर पुलिस ने इंदौर पुलिस से संपर्क किया और संयुक्त कार्रवाई करते हुए 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को आगे की कानूनी पूछताछ और कस्टडी के लिए ललितपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

ऑनलाइन सर्च करने पर

## सस्ते प्लाट के चक्कर में लाखों रुपये का धोखा खाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजय नगर थाना क्षेत्र में प्लॉट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने महेंद्र सिंह और संतोष राजपूत पर आरोप लगाया है कि उन्होंने प्लॉट दिलाने के नाम पर उसकी कुल 8.25 लाख रुपए की दो डीडी अपने पास रख लीं। शिकायतकर्ता को आशंका है कि आरोपी डीडी के जरिए रकम क्लियर कराकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, एई स्कीम नंबर 74उ, विजय नगर निवासी विवेक काकरेचा ने शिकायत में बताया कि प्लॉट दिलाने के नाम पर महेंद्र सिंह और संतोष राजपूत ने उसके साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता के मुताबिक, आरोपियों ने 5.25 लाख रुपए और 3 लाख रुपए की दो डीडी, यानी कुल 8.25 लाख रुपए की डीडी अपने पास रख लीं। पुलिस के मुताबिक, विवेक काकरेचा ने बताया कि उन्हें प्लॉट खरीदना था, इसलिए वह ऑनलाइन सर्च कर रहे थे। इस दौरान उनका संपर्क इडेलविस फाइनेंस कंपनी से हुआ।

## हाईकोर्ट ने कहा- कोर्ट के सामने टूट रहे ट्रैफिक रूल्स

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने इंदौर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था पर सुनवाई की। कोर्ट ने प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जताई। कहा- ट्रैफिक व्यवस्था में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। हाईकोर्ट के सामने भी लोग ट्रैफिक रूल्स तोड़ रहे।

कोर्ट ने कहा- गलत नंबर प्लेट, बिना नंबर प्लेट और हूटर-सायरन लगी गाड़ियां सड़कों पर दौड़ रही हैं। लगातार चालान के बावजूद ट्रैफिक जाम और नियमों का उल्लंघन जारी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संदीप भट्ट और न्यायमूर्ति गजेन्द्र सिंह की खंडपीठ ने की। अगली सुनवाई 28 सितंबर को होगी। याचिकाकर्ता महेश गर्ग की ओर से अधिवक्ता मनीष यादव और अधिवक्ता अनस मकरानी ने पिछली सुनवाई के आदेश का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि प्रशासन से शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों और चौराहों पर तैनात ट्रैफिक जवानों की जानकारी शपथपत्र के माध्यम से मांगी गई थी। इस दौरान सरकार ने कोर्ट को बताया- शहर के चौराहों पर 660 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही सभी प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक जवानों की तैनाती होने का दावा किया गया। प्रशासन के दावे पर याचिकाकर्ताओं ने आपत्ति जताई। याचिकाकर्ताओं ने कहा- जमीनी स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। शहर के कई हिस्सों में आज भी ट्रैफिक व्यवस्था खराब है। सिर्फ ड्रिंक एंड ड्राइव के चालान बनाने में व्यस्त दिखाई देती है, जबकि शहर की समग्र ट्रैफिक व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

## जनसुनवाई के दौरान युवक ने खुद पर केमिकल डाला

**अधिकारियों ने तुरंत पकड़ा, पानी डालकर बचाया, 11 लाख की डीजे गाड़ी के पेमेंट विवाद का मामला**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान आकाश पिता सुरेश ने अचानक खुद पर केमिकल डाल लिया। घटना के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया और मौके पर मौजूद लोगों ने पानी डालकर केमिकल हटाया।

डीजे लगी गाड़ी की खरीद के 11.21 लाख रुपए के भुगतान को लेकर युवक का दूसरे पक्ष से विवाद चल रहा है। अधिकारियों ने युवक को समझाइश दी और अब दूसरे पक्ष को भी बुलाकर दोनों की बात सुनने के बाद मामले का निराकरण किया जाएगा। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई चल रही थी। इसी दौरान आकाश वहां पहुंचा और अचानक अपने ऊपर कुछ केमिकल डाल लिया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने तुरंत युवक को पकड़ लिया। कुछ लोगों ने उस पर बोतलों से पानी डाला, ताकि केमिकल हटाया जा सके। इसके बाद युवक को बाहर ले जाकर अधिकारियों ने उससे पूरे मामले की जानकारी ली। कलेक्टर शिवम वर्मा और एसडीएम घनश्याम धनगर ने भी युवक की बात सुनी और उसे समझाइश दी। समझाइश के बाद युवक शांत हो गया। एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि आकाश ने 31 जनवरी 2025 को दूसरे व्यक्ति से डीजे लगी गाड़ी 11 लाख 21 हजार रुपए में खरीदी थी।

# सात साल तक दूषित पानी पीते रहे इंदौरवासी

**2019 में ही पता चल गया था कि 60 ट्यूबवेल-हैंडपंप का पानी दूषित है**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 36 लोगों की मौत के मामले की न्यायिक जांच रिपोर्ट में सिस्टम की गंभीर खामियां सामने आई हैं। हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुशील गुप्ता की अध्यक्षता वाले जांच आयोग ने माना कि लोगों को ऐसा पानी सप्लाई किया जा रहा था, जो पीने योग्य नहीं था।

यह कोई ऐसी अचानक हुई त्रासदी नहीं थी, जिसे रोका नहीं जा सकता था। पानी-सीवरेज व्यवस्था की निगरानी में कमी, लापरवाही और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की चूक से हालात बिगड़े थे।

करीब 600 पेज की रिपोर्ट में मुख्य जांच रिपोर्ट लगभग 150 पेज की है। बाकी दस्तावेजों में मरीजों के इलाज और बयान, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, नगर निगम की पाइपलाइन से जुड़े रिकॉर्ड और टेंडर दस्तावेज शामिल हैं। इस मामले में आज इंदौर हाईकोर्ट की नई डिविजन बेंच में सुनवाई होनी थी, जो टल गई है। अब 21 सितंबर को सुनवाई.होगी।



### डिविजन बेंच में बदलाव किया

आयोग ने 8 फरवरी 2019 की प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया है। इसमें भागीरथपुरा के 60 ट्यूबवेल और हैंडपंपों का पानी निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं मिला था। बोर्ड ने चेताया था कि ऐसे पानी से स्वास्थ्य संबंधी खतरा हो सकता है और उचित क्लोरीनेशन के बाद ही इसका इस्तेमाल किया जाए। आयोग के मुताबिक इस चेतावनी के बावजूद तत्कालीन निगम आयुक्त और अपर आयुक्त की ओर से समय पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने का ठोस रिकॉर्ड नहीं मिला। रिपोर्ट में माना गया है कि उस समय कार्रवाई होती तो स्थिति को बिगड़ने से रोका जा सकता था। सुनवाई के दौरान मामले से जुड़े अन्य बिंदुओं के साथ जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने इंटरविनर की याचिका की मांग वाले आवेदनों पर भी विचार किया जाना था। इसमें जस्टिस अभ्यंकर के दो दिन उपलब्ध नहीं रहने के कारण डिविजन बेंच में बदलाव किया गया है। अब मामले की सुनवाई जस्टिस संदीप एन. भट्ट और जस्टिस गजेंद्र सिंह की डिविजन बेंच कर रही है।

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दुल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com